# 20.5 लाख लोगों के इलाज पर एनडीए सरकार ने खर्च किए 2670 करोड़ : मंगल पांडेय

## 26, 27 और 28 मई को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चलेगा विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत नव सूचीबद्ध 68 निजी अस्पतालों का उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन पटना में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने किया। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर गरीब को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो और इसी उद्देश्य से इस योजना की शुरुआत की गई। उसी क्रम में प्रदेश में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में गरीबों व वंचितों को योजनाअंतर्गत लाभ मिल रहा है। माननीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि 26, 27 और 28 मई 2025 को बिहार में पंचायत स्तर तक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि 2018 में शुरू हुई आयुष्मान योजना में अब तक राज्य में 1173 अस्पताल सूचीबद्ध हो चुके हैं, जिनमें 587 निजी और 586 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। छह वर्षों में योजना ने 20.5 लाख लोगों को इलाज मुहैया कराया है, जिसमें अब तक 2670 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। सिर्फ 2024-25 के वित्तीय वर्ष में ही राज्य के अंदर 1000 करोड़ रुपये खर्च कर गरीबों का इलाज किया गया। बिहार में अब तक 3.75 करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जिसमें से 2.8 करोड़ कार्ड केवल पिछले 14 महीनों में बने। बिहार पूरे देश में आयुष्मान कार्ड निर्माण में तीसरे स्थान पर है। मंत्री ने नए सूचीबद्ध 68 अस्पतालों से अपील की कि वे योजना के हर पहलू को समझें और अपने अस्पतालों में भी उन्मुखीकरण सत्र आयोजित करें ताकि स्टाफ योजना की बारीकियों को समझकर पारदर्शिता से सेवा कर सके। श्री पांडेय ने कहा कि योजना के तहत पिछले 6 वर्षों में कई उपलब्धियां हासिल की गई हैं। बिहार में अबतक कुल 1.57 करोड़ परिवारों एवं 3.75 करोड़ पात्र लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किया जा चुका है। अबतक 70 वर्ष से अधिक उम्र के कुल 2.33 लाख पात्र लभुकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड से आच्छादित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि देश में 29 हजार सूचीबद्ध अस्पताल हैं, जहां आयुष्मान कार्ड के तहत मुफ्त इलाज होता है। बिहार में अब तक 2.3 लाख पर वय वंदना कार्ड बनाया जा चुके हैं। बिहार में 1.79 करोड़ परिवार आयुष्मान योजना के लाभुक हो गए हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस उन्मुखीकरण कार्यशाला में आए हुए सभी लोगों को इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अपने संबोधन में शशांक शेखर सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से सभी नागरिकों को निःशुल्क, सुलभ और गुणवत्ता-युक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के महत्व को दोहराया। इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार, शशांक शेखर सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, आदित्य प्रकाश, अपर सचिव, स्वास्थ्य, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव, राजेश कुमार, प्रशासी पदाधिकारी, राज्य स्वास्थ्य समिति, शैलेश चन्द्र दिवाकर, प्रशासी पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, एवं बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के राज्य एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी, सलाहकार तथा कर्मी मौजूद रहे।

# भारत में अस्थमा अभी भी गलतफहमी का शिकार है : डॉ. प्रवीण शाही

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्लोबल इनिशियेटिव फॉर अस्थमा (जीआईएनए) यानी अस्थमा के लिए वैश्विक पहल की थीम साँस के जरिये उपचार को सब के लिए सुलभ बनाना के साथ चिह्नित, इस साल का विश्व अस्थमा दिवस भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य यात्रा में एक महत्वपूर्ण मौके पर आता है। अस्थमा और सांस की अन्य पुरानी बीमारियाँ गैर-संचारी रोग (एनसीडी) से संबंधित मौतों में तीन शिखर की योगदानकर्ताओं में से हैं। यह देश भर में होने वाली सभी मौतों का आधे से अधिक हिस्सा हैं। इसके बावजूद गंभीर अस्थमा के लक्षण वाले लगभग 70 प्रतिशत व्यक्तियों की बीमारी का पता नहीं चलता है। 2.5 प्रतिशत से भी कम लोग प्रतिदिन अनुशंसित उपचार इनहेल्ड कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स का उपयोग करते हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए एक दीर्घकालिक, सहयोगी रुख की आवश्यकता होती है जो जागरूकता, शिक्षा और पहुँच को एकीकृत करता है। जनता का सामना करने वाले सिप्ला के बेरोक जिंदगी जैसे अभियान आधे दशक से अधिक समय से चल रहे हैं। टफ़ीज़ के साथ कंपनी की ब्रीथफ्री पहल ने अकेले एफवाई 24-25 में एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को छुआ है। इनहेलेशन थेरेपी के महत्व और उपलब्ध उपचार की आवश्यकता पर जोर देते हुए, डॉ. प्रवीण कुमार शाही, सलाहकार पल्मोनोलॉजिस्ट, पटना ने कहा कि अस्थमा प्रबंधन का प्राथमिक लक्ष्य लक्षणों को नियंत्रित करना, बचाव वाली दवा पर निर्भरता कम करना, अस्पताल में भर्ती होने से रोकना और फ़ेफड़ों की कार्यक्षमता को बनाए रखना - अंततः जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। इन परिणामों को प्राप्त करने के लिए समय पर निदान, सही इनहेलर का उपयोग और लगातार अनुपालन की आवश्यकता होती है। दुर्भाग्य से, इन क्षेत्रों में अक्सर खराब डिवाइस तकनीक, देखभाल तक सीमित पहुंच और दीर्घकालिक समर्थन की कमी के कारण बाधा उत्पन्न होती है। ब्रीथफ्री जैसी पहल ऑन-ग्राउंड स्क्रीनिंग कैंप, डिजिटल एजुकेटर प्लेटफॉर्म जैसे ऑनलाइन टूल और आसान 'कैसे करें' डिवाइस प्रशिक्षण वीडियो के माध्यम से इन अंतरालों को पाटने में सहायता मिली है। ये संसाधन रोगियों और देखभाल करने वालों को अस्थमा पर बेहतर नियंत्रण पाने में वास्तविक अंतर लाते हैं।
इलाज की कमी को दूर करने में जागरूकता की भूमिका को रेखांकित करते हुए, डॉ. ने टिप्पणी की कि भारत में अस्थमा अभी भी बहुत सारी गलतफ़हमी की शिकार है। इनहेलर के इस्तेमाल से जुड़ी भ्रांतियाँ और इस बीमारी का नाम तक न लेने में हिचक के कारण अक्सर निदान और उपचार में देरी होती है। इन चुनौतियों का समाधान सिर्फ़ चिकित्सा हस्तक्षेप से कहीं ज़्यादा है-इसके लिए निरंतर जागरूकता, शुरुआती शिक्षा और सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्रों से सामूहिक प्रयास की ज़रूरत है ताकि ऐसा माहौल बनाया जा सके जहाँ अस्थमा को पहचाना जाए, स्वीकार किया जाए और उसका प्रभावी ढंग से इलाज किया जाए।

# पिछड़ा और अति पिछड़ा की घोर विरोधी रही है कांग्रेस : गिरिराज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की बढ़ती सक्रियता और राहुल गांधी के लगातार बिहार दौरे को लेकर सियासत तेज हो गई है। इसी क्रम में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। गिरिराज सिंह ने मंगलवार को पटना में मीडिया से बातचीत में कांग्रेस को पिछड़ा और अतिपिछड़ा का झूठा हिमायती बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हों, पंडित नेहरू हों या राजीव गांधी हों, इन लोगों के डीएनए में पिछड़ा, अति पिछड़ा के लिए कोई प्रेम ही नहीं है। इनका पिछड़ा-अति पिछड़ा प्रेम दिखावा है। उन्होंने कहा कि ये लोग पिछड़ा और अति पिछड़ा के घोर विरोधी रहे हैं। ये लोग व्याकुल भारत हैं। इन लोगों को कहने में कुछ नहीं है। यह लोग देखते हैं कि इनके रहते गरीब का बेटा नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री कैसे बन गया, इसीलिए ये लोग प्रधानमंत्री बनने के चक्कर में घूम रहे हैं। वहीं तेजस्वी यादव द्वारा बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि अगर कानून व्यवस्था पर तेजस्वी यादव और लालू यादव का परिवार सवाल उठाने लगे तो क्या कहा जा सकता है।

## पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष के निधन पर जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जहानाबाद जिला कंांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद कुशवाहा के असामयिक निधन पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम सहित वरिष्ठ नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। जहानाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद कुशवाहा के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि वे आजीवन कांग्रेस के विचारधारा को मजबूत करते रहें। उनके निधन से मन मर्माहत है। उनका निधन पार्टी के लिए मगध क्षेत्र में पार्टी के लिए गहरा आघात है। उनके परिवार के साथ कांग्रेस पार्टी और व्यक्तिगत तौर पर मैं मजबूती से खड़ा रहूंगा। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बक्सर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता विपिन बिहारी उपाध्याय और लखीसराय के बड़हिया के गंगोत्री सिंह के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, मोतीलाल शर्मा, ब्रजेश प्रसाद मुनन, जमाल अहमद भल्लू, राजेश राठौड़, मंजीत आनंद साहू, अजय चौधरी, शशि रंजन, राजीव मेहता सहित अन्य नेतागण है।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एनटीपीसी परिसर में श्रमदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शास्त्री नगर स्थित एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय परिसर में दिनांक 16 से 31 मई तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-I) सुदीप नाग के नेतृत्व में एनटीपीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों ने श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की। स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी मानते हुए कर्मचारियों ने कार्यालय प्रांगण, आवासीय क्षेत्र एवं आसपास के परिसर को स्वच्छ बनाने में सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम का



उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाना तथा कार्यस्थल को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक बनाए रखना था। इस अवसर पर श्री नाग ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, यह हमारी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। एनटीपीसी सदैव स्वच्छ और हरित पर्यावरण के लिए प्रतिबद्ध रहा है, और इस तरह के आयोजनों से हमारी यह प्रतिबद्धता और भी सुदृढ़ होती है। कार्यक्रम के दौरान श्री नाग ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ परिसर के सफाई कर्मियों व अन्य सहयोग कर्मियों को स्वच्छता-किट भी प्रदान कर यह संदेश दिया कि संगठित प्रयासों से स्वच्छ भारत का सपना साकार किया जा सकता है। इस अवसर पर एनटीपीसी के महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएँ) मैथ्यू ई. कोवूर, क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख अनिल कुमार चावला, एनटीपीसी-प्रवक्ता विश्वनाथ चन्दन, पवन कुमार पांडे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण-कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गौरतलब है कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आम लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# संस्कृत भाषा है सुलभ और सरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एमिटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम हरियाणा द्वारा दो महीने संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन समारोह आनलाईन आयोजित किया गया। यह संस्कृत सम्भाषण शिविर 16 मार्च 2025 से प्रारम्भ हुआ था और इसका समापन समारोह दिनांक 20 मई 2025 को हुआ। समापन समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार तथा पद्मश्री पुरस्कार से पुरस्कृत एवं डीडी न्यूज संस्कृत वार्ता के मुख्य प्रवाचक डॉ बलदेवानन्द सागर थे तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ प्रमोद शास्त्री, प्रान्त मंत्री, संस्कृत भारती, हरियाणा प्रान्त तथा संस्कृत प्रवक्ता हरियाणा सरकार रहे। इस सम्भाषण शिविर में मुख्य शिक्षक के रूप में डॉ मुकेश कुमार ओझा, अध्यक्ष विहार संस्कृत संजीवन समाज तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के रूप में थे जिन्होंने दो महीने तक विद्यार्थीयों एवं शिक्षकों को संस्कृत सम्भाषण करना सिखाया। इस समापन समारोह के अवसर पर एमिटी स्कूल आफ लिब्रल आर्ट्स, एमिटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम हरियाणा के निदेशक प्रो. डॉ. संजय झा ने अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत करते हुए संस्कृत भाषा के महत्व तथा इस शिविर के उपयोगिता के बारे में भी सभी को अवगत कराया।
विशिष्ट अतिथि डॉ बलदेवानन्द सागर ने अपने वक्तव्य में सभी को बताया की संस्कृत भाषा कितनी वैज्ञानिक तथा महान है। उन्होंने कहा कि संस्कृत है तभी हमारी भारतीय संस्कृति भी रहेगी इसी भारतीय संस्कृति द्वारा हमारी पहचान सम्पूर्ण विश्व में है। अतः इस देव भाषा को जन जन तक पहुंचाने का यत्न करना चाहिए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ प्रमोद शास्त्री ने कहा कि संस्कृत भाषा बहुत सरल और सुलभ भाषा है। संस्कृत भाषा को हमें अपने दैनिक जीवन में उतारना चाहिए तथा अपने जीवन में उसे धारण भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी समय में सम्पूर्ण देश में जनगणना प्रारम्भ होने वाली है अतः आप सभी जनगणना फार्म में अपनी मातृभाषा संस्कृत ही लिखें। सम्भाषण शिविर के मुख्य शिक्षक डॉ मुकेश कुमार ओझा जी ने इस शिविर के पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस सम्पूर्ण शिविर में प्रतिदिन लगभग 30 छात्र एवं शिक्षक संस्कृत सम्भाषण सीखने आते थे तथा सभी इस शिविर से लाभान्वित भी हुए। समापन समारोह के अन्त में डॉ ओझा जी ने छात्रों के मध्य संस्कृत प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया। इस सम्पूर्ण शिविर में संचालक के रूप में डॉ अखिलेश त्रिपाठी की मुख्य भूमिका रही।

# यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की महाप्रबंधक ने की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज 20.05.2025 को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों, मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक ने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़ियों का समय-पालन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।

# बिहार बदलाव यात्रा पर निकले प्रशांत किशोर

## जेपी की जन्मस्थली सिताबदियारा से की यात्रा की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा/पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की गतिविधियां तेज हो गई हैं। प्रशांत किशोर अब 'बिहार बदलाव यात्रा' पर निकले हैं। उन्होंने मंगलवार को इस यात्रा की शुरुआत लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मस्थली छपरा के सिताबदियारा से की।

बताया जा रहा है पीके की यह यात्रा 120 दिन तक चलेगी और राज्य की सभी 243 विधानसभा सीट तक जाएगी। पीके अपनी यात्रा में हर दिन 2-3 विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे। इस दौरान वह बिहार की जनता को अपनी पार्टी का विजन बताएंगे। इससे पहले दो अक्टूबर 2022 से जन सुराज पदयात्रा के जरिए वे लगभग दो साल बिहार का एक राउंड लगा चुके हैं। इस बार यात्रा का नाम उन्होंने 'बिहार बदलाव यात्रा' रखा है। वह 120 दिनों की इस यात्रा में 243 विधानसभा सीटों को साधने का प्रयास करेंगे। इस बीच एक बार फिर से प्रशांत किशोर की लग्जरी वैनिटी वैन चर्चि में आ गई है। बता दें कि बीपीएससी अभ्यर्थियों के आंदोलन के दौरान पुलिस ने गांधी मैदान से एक लग्जरी वैनिटी वैन को जब्त किया था। इस वैनिटी वैन का इस्तेमाल पीके अपने आमरण अनशन में कर रहे थे। जिसके बाद अब




प्रशांत किशोर ने कोर्ट के जरिए इस वैनिटी वैन को छुड़ा लिया है। अब 'बिहार बदलाव यात्रा' में वह इस लग्जरी वैनिटी वैन का इस्तेमाल करेंगे।
मालूम हो कि आमरण अनशन के दौरान पीके जिस वैनिटी वैन का इस्तेमाल कर रहे थे, वह पूर्णिया के पूर्व सांसद उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह की थी। पप्पू सिंह अब जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन चुके हैं। पूर्णिया लोकसभा सीट से पप्पू सिंह साल 2009 से लेकर 2019 तक दो बार भाजपा के टिकट पर सांसद रह चुके हैं। 2019 में टिकट कटने पर नाराज होकर कंांग्रेस में चले गए थे।

# अर्द्धसैनिक बलों के शहीदों एवं उनके परिवारों को मिले अपेक्षित सम्मान : तेजस्वी

## गृह मंत्री को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर अर्धसैनिक बलों के लिए बड़ी मांग की है। उन्होंने अपनी चिट्ठी में लिखा कि हमारे देश की सुरक्षा में सेना और अर्धसैनिक बलों आदि सभी देश की एकता, अखंडता एवं सम्प्रभुता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देते हैं। परंतु यह दुःखद एवं विचारणीय है कि मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को शहादत उपरान्त मिलने वाले सम्मान, मुआवजा, सुविधाओं तथा अन्य लाभों में स्पष्ट भेदभाव है। तेजस्वी यादव ने आगे लिखा है कि जहां एक और हमारे पराक्रमी भारतीय सेना के वीर शहीदों को राज्य और केन्द्र सरकारों की ओर से मुआवजा, सम्मान और परिवार को आर्थिक सहायता एवं सामाजिक सुरक्षा मिलती है। वहीं ,अर्द्धसैनिक बलों के शहीदों एवं उनके परिवारों को अपेक्षित सम्मान, सहायता एवं भविष्य की सुरक्षा नहीं मिल पाता। जिसके वे भी समान रूप से हकदार हैं। अर्द्धसैनिक बलों के मनोबल को बरकरार रखने एवं ऊंचा उठाने हेतु इस भेदभाव को समाप्त करना अत्यंत आवश्यक है। अर्द्धसैनिक बलों के तरफ से की गई इनकी मांग दशकों से लंबित है। आपसे मेरा विनम्र सुझाव एवं मांग है कि अर्द्धसैनिक बलों के शहीदों को भी बैटल कैजूअल्टी घोषित किया जाए, जिससे उन्हें एवं उनके परिवारों को समान सम्मान, लाभ एवं मुआवजा मिल सके। उन्होंने आगे लिखा कि सरकारी नौकरी, पेंशन एवं अन्य सरकारी सुविधाओं में सेना एवं अर्द्धसैनिक बलों के शहीदों के परिजनों में अनुरूपता हो। नेशनलवार मेमोरियल में अर्द्धसैनिक बलों के शहीदों के भी नाम दर्ज किए जाएं। इसके साथ ही अर्द्धसैनिक बलों के शहीदों के परिजनों के लिए लिबरालईज्ड पेंशन स्कीम स्वतः लागू हो। केन्द्रीय एक्स ग्रैसिया एवं राज्य सरकारों द्वारा दिए जानेवाले प्रतिपूर्ति में समानता हो। तेजस्वी ने कहा कि नक्सलवाद, आंतकवाद निरोधी कार्रवाई, युद्ध अथवा युद्ध जैसी स्थिति में गम्भीर रूप से घायल या दिव्यांगता के बाद सैनिक/अर्द्धसैनिक बल के जवानों को सेवानिवृत्ति दी जाती है।

# एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर किसी प्रकार का नहीं है भ्रम : उपेन्द्र कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से केंद्रीय मंत्री व लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान की मुलाकात के बाद बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा ने चिराग पासवान को इशारों ही इशारों में नसीहत देते हुए कहा कि इस समय कदम फूंक-फूंक कर रखने की जरूरत है ताकि कोई चूक न हो। एनडीए को इसलिए ऐसा करने की जरूरत है ताकि हम मजबूती से सरकार बना सकें। ऐसे में किसी भी तरह का बयान सोच समझकर देना चाहिए। चिराग पासवान के विधानसभा चुनाव लड़ने के बारे में पूछे जाने पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि चुनाव लड़ना या न लड़ना, और कहां से लड़ना, यह उनकी पार्टी और चिराग जी का निर्णय है। लेकिन यह संदेश देना कि एनडीए में कोई खटपट है, एनडीए के सभी घटक दलों को इस प्रकार की चीजों से बचना चाहिए। हमें सावधान रहना चाहिए कि हमारे काम और बातों से एनडीए के घटकों के बीच खटास का संदेश जनता के बीच न जाए। उन्होंने कहा कि एनडीए के भीतर सीट बंटवारे को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं है। उपेंद्र कुशवाहा ने प्रधानमंत्री के बिहार दौरे पर कहा कि जब भी प्रधानमंत्री बिहार आते हैं, वे यहां कई सौगातें देते हैं। इस बार भी हम सभी इंतजार कर रहे हैं कि बिहार को बहुत कुछ मिलेगा. नीतीश कुमार और चिराग पासवान की मुलाकात और पोस्टर विवाद पर कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ऐसी स्थिति में हैं जहां वे कई लोगों को आशीर्वाद देते हैं। अगर कोई इसे राजनीतिक अर्थ के रूप में देख रहा है तो मुझे नहीं पता कि नीतीश जी और चिराग जी के बीच क्या बातचीत हुई हर कोई आशीर्वाद देता है और नीतीश जी भी देते हैं, इसमें कुछ अलग नहीं है। राजनीतिक दृष्टिकोण से नीतीश जी ने कोई विशेष आशीर्वाद दिया या नहीं, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को झूलेलाल कहे जाने पर कुशवाहा ने कहा कि राजद का यह रवैया रहा है कि किसी के बारे में कुछ भी कह देना, लिख देना या दिखा देना। राजद के लोगों को समझना चाहिए कि इससे उनकी छवि और बिगड़ती है। उन्हें राजनीतिक आलोचना तक सीमित रहना चाहिए और इस प्रकार के बयानों से परहेज करना चाहिए।

## बच्चों को दी गई ए.आई. की जानकारी

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** न्यू एरा पब्लिक स्कूल में ए. आई. एवं रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बच्चों को इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।मुख्य अतिथि, सी.ओ.ई. पटना के रवि प्रकाश, प्रधानाचार्या, डॉ. नीना कुमार व निदेशक डॉ. अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। प्राचार्य ने कहा कि ''ए. आई. एवं रोबोटिक्स एक ऐसा मैनिपुलेटर डिवाइस है, जो छात्रों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की खोज करने में, कोडिंग सीखने में, गणित एवं विज्ञान की अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप में समझने में मदद मिलती है।

# सहकारी बैंकों में खाता खुलवाकर उठाएं लाभ : प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार/पटना।** मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार द्वारा मंगलवार को सहकार भवन, कटिहार में अवस्थित जिला केन्द्रीय सहकारी अधिकोष का निरीक्षण किया गया तथा इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि सहकारी बैंकों में मई माह विशेष बैंकिग अधियान चलाया जा रहा है उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे सहकारी बैंक में खाता खुलवाए एवं के0सी0सी0 लोन इत्यादि का लाभ उठायें। कटिहार भ्रमण के दौरान उनके द्वारा सहकार भवन परिसर में पौधा रोपण किया गया एवं 5000 मे0 टन क्षमता के 06 गोदाम का शिलान्यास किया गया। जिले के अन्य पैक्स/व्यापार मंडल जहाँ आवश्यक भंडारण क्षमता उपलब्ध नहीं है वहीं भंडारण क्षमता के निर्माण हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश पदाधिकारियों को दिये गये। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सहकारी समितियों को समृद्ध किया जाना आवश्यक है इस हेतु कई केन्द्रीय एवं राज्य योजना संचालित है जिसका लाभ सहकारी समितियों को दिया जा रहा है। इस मौके पर मंत्री



प्रेम कुमार ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल नुकसान होने की स्थिति में बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अन्तर्गत किसानों को आर्थिक सहायता दी जाती है यह योजना पूरी तरह निःशुल्क है इसके लिए किसानों कोई प्रीमियम का भुगतान नहीं करना होता है। इस योजना के तहत वास्तविक उपज में 20 प्रतिशत तक क्षति होने की स्थिति में प्रति हेक्टेयर 7500 की दर से 2 हेक्टेयर तक 15000 रु0 तथा 20 प्रतिशत से अधिक क्षति होने की स्थिति में प्रति हेक्टेयर 10,000 की दर से 2 हेक्टेयर तक अधिकतम 20,000 रु0 की सहायता राशि का भुगतान क्ळ्ठ्ठ के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में किया जाता है। खरीफ 2024 में जिले के 2694 किसानों के आवेदन का सत्यापन कार्य कराया जा रहा है। पैक्स के कार्यों में पारदर्शिता लाने एवं उन्हे बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति में परिवर्तित करने हेतु पैक्स कम्प्यूटीकरण योजना के तहत जिले के 149 पैक्सों को कम्प्यूटर उपलब्ध कराया गया है ग्रामीण स्तर पर ई-सेवाओं की बेहतर पहुंच के लिए ऐसे पैक्सों में कॉमन सर्विस सेन्टर की स्थापना की जा रही है। ऐसे पैक्स 300 से अधिक ई-सेवाए देकर ग्रामीण स्तर पर लाभ अर्जित कर रहे है जिनसे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ हो रही है।
मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना अन्तर्गत जिले के 58 पैक्सों को ट्रेक्टर, ट्रॉली, सहित कृषि कार्य के लिए अन्य उन्नत उपकरण उपलब्ध कराये गये है ऐसे पैक्स कृषि बैंक के रूप में कार्य करेंगे। इस कार्य से भी समिति की आय में वृद्धि होगी तथा उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ होगी।

# पेट्रोल पंप कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ शहर स्थित बद्री भवानी पेट्रोल पंप पर सोमवार को दिनदहाड़े एक कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान भभुआ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 15 निवासी मुन्नू धोबी के 45 वर्षीय पुत्र मनोज धोबी के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे भभुआ



जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने बताया कि मृतक मनोज धोबी लंबे समय से बद्री भवानी पेट्रोल पंप पर बतौर कर्मचारी कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि मनोज एक बेहद गरीब परिवार से थे और उनके परिवार की जीविका इसी नौकरी पर निर्भर थी। जिप सदस्य ने जिला प्रशासन से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता एवं सरकारी मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही उन्होंने भभुआ शहर में बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि शहर में लूट, हत्या जैसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करनी चाहिए। मैं मांग करता हूं कि इस मामले को एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। घटना की पुष्टि करते हुए भभुआ एसडीपीओ शिव शंकर कुमार ने बताया कि बद्री भवानी पेट्रोल पंप पर कार्यरत एक कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मौके से ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ की जा रही है। एसडीपीओ ने कहा कि फिलहाल हत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। हम हर संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि भभुआ शहर में अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन शहर में गश्त बढ़ाए और संदिग्ध तत्वों पर नजर रखे।

# डिहरी विधिज्ञ संघ के चुनाव को लेकर 10 लोगों ने किया नामांकन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधिज्ञ संघ के चुनाव को लेकर नामांकन पत्र दाखिल करने के तीसरे दिन विभिन्न पदों के लिए 10 लोगों द्वारा अपनी नामजदगी का पर्चा दाखिल किया गया। यह जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अधिवक्ता प्रभात कुमार ने बताया कि अब तक नामांकन पत्र दर्ज करने वालों में अध्यक्ष पद के लिए दो उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पाण्डेय व मनोज कुमार सिंह उर्फ अज्ञानी, उपाध्यक्ष पद के लिए चार ओमप्रकाश सिंह, विनोद कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार व रामनाथ राम, महासचिव पद के लिए तीन आदित्य कुमार उपाध्याय, रामदेव सिंह और विभूति कुमार सर्राफ, सहायक सचिव पद के लिए बसंत कुमार सिन्हा, अंकेक्षक पद के लिए चार ओमप्रकाश पांडेय, अमरनाथ सिंह, विनोद कुमार पाठक और सतीश कुमार, कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन रवि कुमार, कैलाश सिंह और संजय कुमार सिंह शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 22 मई तक नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि निर्धारित है।

## संक्षिप्त खबरें

### लोक समिति की बैठक 1 जून को

**सासाराम/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार प्रदेश लोक समिति राज्य कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक एक जून को गया जिला अंतर्गत बोधगया प्रखंड के सिलौंजा स्थित लॉड बुद्धा होम फार चिल्ड्रेन के सभागार में कराने की तैयारी जोंरो पर चल रहीं है। समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने कहा कि राज्य कार्यकारिणी की बैठक में गांधीवादी चिंतक एवं लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश तथा समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद भी भाग लेंगे। बैठक में रोहतास, बक्सर, कैमूर, भोजपुर, औरंगाबाद, नवादा, जमुई, भागलपुर, नालंदा, गया, पटना, हाजीपुर, छपरा, सिवान,गोपालगंज, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मोतिहारी, बेगूसराय, पूर्णिया, कटिहार, खगडिया, सहरसा और दरंभगा आदि जिलों के लोग भी शामिल होंगे।

### स्पर्शाघात से किसान की मौत

**कुदरा(कैमूर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भदौला गांव के बधार में मंगलवार को सब्जी की सिंचाई करने के दौरान बिजली का तार टूट कर गिर गया, जिसमें एक किसान की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि उक्त गांव के रामशंकर सिंह खेत में लगे सब्जी की सिंचाई कर रहे थे। अचानक बिजली का तार टूट कर गिर गया, जिसके चपेट में किसान आ गया। घटना में किसान बुरी तरह झुलस गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने किसान को लेकर इलाज के कुदरा सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटना के बारे में परिजनों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। बताया जाता है बिजली का तार जर्जर हो गया था, जिसके चलते टूटकर खेत में गिर गया।

### प्रखंड 20 सूत्री की प्रथम बैठक संपन्न

**रामपुर (कैमूर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में मंगलवार को प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति 20 सूत्री की बैठक की गई। अध्यक्षता क्रियान्वयन समिति के प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सदस्य सचिव दृष्टि पाठक द्वारा किया गया। इस बैठक का अहम मुद्दा 20 सूत्री सदस्यों के द्वारा उठाया गया जो मनरेगा से संबंधित रहा। बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष अखिलेश चंद्रवंशी, सदस्य शिवाजी सिंह, रविंद्र मिश्रा, मनोज गुप्ता, भारत पासवान, शत्रुघ्न सिंह, लक्ष्मण राम, शिव पूजन बिंद, राजेश पासवान, आशा देवी, मीरा देवी, सुरेंद्र त्यागी, बलजीत कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी पूरी

**रामपुर (कैमूर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत जलालपुर पंचायत के बसीनी गांव में महान संत परम पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ 27 मई तक चलेगा। इस महायज्ञ के मुख्य आयोजक संदीप कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंहने बताया कि यज्ञ की तैयारियां पूर्ण से कर ली गई है पूजा पाठ शुरू कर दिया गया है भक्तगण आकर भक्ति भाव में विभोर हो रहे हैं। यज्ञ स्थल से लेकर गांव तक साफ सफाई कर लिया गया है। 22 मई को हाथी-घोड़े व रथ के साथ कलश शोभायात्रा में लगभग 15 हजार श्रद्धालु भाग लेंगे। विजय बहादुर सिंह, कुंवर प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह, सतीश सिंह, राजनाथ सिंह, सुगन सिंह, पिंटू सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता महायज्ञ की तैयारी में लगे हैं।

### जेएम कॉलेज के शिक्षक प्रतिनिधि बने प्रो. परमहंस सिंह

**कुदरा(कैमूर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्य स्थित जगदेव मेमोरियल कॉलेज में मंगलवार को शिक्षक प्रतिनिधि के लिए गुप्त मतदान कराया गया। मतदान के बाद मतगणना का कार्य सम्पन हुआ। मतगणना में प्रो. परमहंस प्रसाद सिंह ने जीत हासिल की। प्रतिनिधि चुनाव के लिए हुए नामांकन में दो शिक्षकों विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान के प्रो. परमहंस प्रसाद सिंह व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र के प्रो. नरेंद्र कुमार सिंह ने पर्चा दाखिल किया था। मतगणना में कुल 38 शिक्षकों में 35 ने मतदान में भाग लिया। मतगणना में प्रो. परमहंस प्रसाद सिंह को 20 व प्रो. नरेंद्र कुमार सिंह को 15 मत मिले। प्राचार्य सह निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार ने प्रो. परमहंस प्रसाद सिंह को पांच मतों से विजयी घोषित किया।

### उपस्वास्थ्य केंद्र में जड़ा है ताला

**रामपुर(कैमूर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में अवस्थित उप स्वास्थ्य केंद्रो का हाल दयनीय है। क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केंद्र समय से नहीं खुलने पर मरीज को इस उमस भरी गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में मौसमी बीमारी से ग्रामीण ग्रसित हैं। वही उपस्वास्थ्य केंद्र में ताला जड़ा हुआ है। यहां प्रतिदिन पहुंच रहे मरीजों को बिना उपचार के ही लौटना पड़ा रह है। हालत गंभीर होने पर मजबूरी में निजी या झोला छाप चिकित्सकों की शरण लेनी पड़ा रही है। मामला प्रखंड के ठाकुरहट उप स्वास्थ्य केंद्र का आया है। बताया गया कि गांव में कई प्रकार की बीमारी से ग्रामीण प्रभावित है लेकिन पिछले चार-पांच दिनों से उप स्वास्थ्य केंद्र समय से नहीं खोला गया है। यहां पहुंच रहे ग्रामीणों को मजबूरन निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ रहा है। उप स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधि में काफी नाराजगी है।

# प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड के सभागार में मंगलवार को प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सोनी ने की। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी डिहरी अजित कुमार ने किया। बैठक में भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष व 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडे ने विद्युत विभाग का मुद्दा उठाया। श्री पांडे ने इंद्रपुरी क्षेत्र के शंकरपुर, सिकरिया और बडीहा में दुर्गा मंदिर के सामने जर्जर तार एवं पोल बदलने की मांग की। उन्होंने कहा कि एक माह पूर्व एसडीओ इलेक्ट्रिक मथुरी



कार्यालय में आवेदन दिया हूं लेकिन अभी तक स्थिति यथावत बनी हुई है। यदि शीघ्र नहीं बदला गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शिक्षा विभाग में मध्य विद्यालय बडीहा में जर्जर भवन मरमति का मुद्दा उठा। 20 सूत्री उपाध्यक्ष विकास सिंह ने आंगनवाड़ी में पोषाहार एवं मध्याह्न भोजन की समीक्षा की। इसके अलावा अन्य सभी विभाग में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा की गई। मौके पर 20 सूत्री सदस्य प्रिंस कुमार, गुड़िया कुमारी, सुनीता कुमारी, उदय कुशवाहा, कन्हैया राम, ददन पासवान, निरंजन कुमार, मुमताज अंसारी, उपेंद्र गुप्ता समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शहीद जवान के परिजनों से मिले सीआरपीएफ डीजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी(रोहतास)।** प्रेशर बम की चपेट में आकर शहीद हुए सीआरपीएफ जवान दिलीप कुमार के पैतृक गांव सेमरी में मंगलवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह पहुंचे। उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और आश्वासन दिया कि बल और सरकार हर कदम पर परिवार के साथ खड़ी है। डीजी ने कहा कि दिलीप पासवान जैसे वीर सपूतों की शहादत देश कभी नहीं भूल सकता। इस अवसर पर परिजनों और ग्रामीणों ने पेट्रोल पंप चौराहे पर शहीद की प्रतिमा स्थापित करने तथा सेमरी मुख्य सड़क पर एक



स्मृति द्वार बनाने की मांग की। परिजनों ने कहा कि यह केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी होगा। बता दे कि दिलीप पासवान 9 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एरिया डोमिनेशन के दौरान प्रेशर आईईडी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। मौके पर एसडीपीओ दिलीप कुमार, डीसीएलआर मनीष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

# समर कैंप का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मध्य विद्यालय, बीएमपी -2 में गणितीय समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शिक्षक शशि कुमार ने की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह, मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद प्रेमा देवी, विशिष्ट अतिथि ब्यूटी मिश्रा एवं प्रधानाध्यापक नसीम अख्तर ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत छात्रों द्वारा रंगोली एवं स्वागत गान द्वारा किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा चलो समर कैंप चले, जो पढ़ेगा वही बढ़ेगा का नारा लगा लोगों में जगरूकता पैदा करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम में छठु सिंह, शिक्षिका गीता कुमारी, राकेश कुमार के अलावे रंगोली एवं स्वागत गान कार्यक्रम में भाग लेने वाली छोटी कुमारी, निधि कुमारी, कविता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# स्काउट व गाइड के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड, रोहतास के तत्वावधान में प्रधानाध्यापक सुमेर कुमार सिंह के नेतृत्व में उच्च विद्यालय बौलिया के स्काउट और गाइड के छात्रों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर जिला संगठन आयुक्त ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान एक महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान है जो भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने का लक्ष्य रखता है। इस अभियान के तहत सरकार ने विभिन्न स्वच्छता उपकरणों की व्यवस्था की है जैसे शौचालय, जल संरचनाएं और कचरा प्रबंधन। इसके साथ ही, जनता को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए भी अभियान चलाया जाता है। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर कर भारत माता की सेवा करें। मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा। हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे



श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुमेर कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता हमारे लिए बहुत जरूरी है। हम सभी को स्वच्छता के बारे में ध्यान रखना चाहिए और साफ सफाई निरंतर करते रहना चाहिए। शिक्षक कृष्ण मोहन तिवारी दीपक तिवारी, राकेश कुमार पाण्डेय, फूलचंद साह, मोहम्मद शौकत अली, कहकशा प्रवीन के साथ सभी शिक्षक उपस्थित रहे। दल नायक विकाश कुमार एवं नायिका प्रिया कुमारी के साथ सैकड़ों स्काउट गाइड ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

# 29 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 29 आरोपितों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या, दहेज हत्या, चोरी, विविध कांड, वारंटी व शराब तस्कर शामिल हैं। वहीं 72 लीटर देसी शराब एवं एक ट्रक भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर चलाये जा रहे वाहन जांच अभियान में एक लाख 36 हजार 500 रुपए बतौर जुर्माना वसूल किया गया है।

# नवनिर्मित कन्या आवासीय विद्यालय का सफलतापूर्वक हस्तांतरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** भवन निर्माण विभाग, बिहार ने अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय+2 उच्च विद्यालय, कैमूर का नवनिर्मित भवन सफलतापूर्वक हस्तांतरित कर दिया है। यह विद्यालय प्रकृति की गोद में मां मुंडेश्वरी मंदिर के समीप स्थित है। यह नवनिर्मित विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है, जिसमें निर्बाध विद्युत आपूर्ति, सुचारू जल आपूर्ति, आवश्यक फर्नीचर और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था शामिल है। विद्यालय में 520 छात्राओं के लिए आवास उपलब्ध है। पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग की छात्राओं को कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क शिक्षा और आवास प्रदान किया जाता है। इन विद्यालयों में प्रवेश पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है। छात्राओं को स्वस्थ और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जीविका द्वारा विद्यालय में मेस का संचालन किया जाएगा एवं जीविका छात्राओं के लिए स्वच्छता सेवाएं भी सुनिश्चित करेगी। विद्यालय में शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए आवास, और छात्राओं के विकास के लिए पर्याप्त स्थान है। यहां खेल और शांत वातावरण भी है। इससे छात्राओं को आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और जिम्मेदारी विकसित करने में मदद मिलेगी।

# जदयू विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिला व्यवहार न्यायालय में मंगलवार को बिहार प्रदेश जदयू विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार का विधि प्रकोष्ठ से जुड़े अधिवक्ताओं सहित अन्य अधिवक्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। अधिवक्ताओं का नेतृत्व पूर्व विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने किया। उपस्थित वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिवक्ताओं से जुड़ी समस्याओं से प्रदेश अध्यक्ष को रूबरू कराया। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में उपेंद्र कुमार को पुनः रोहतास जिला जदयू विधि प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया। इस मौके पर जदयू रजिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा, जिला प्रभारी अशोक प्रजापति, प्रदेश से आए अधिवक्ता अमर कुमार, राजीव रंजन, ललन कामत, देवनारायण प्रसाद, मनीष कुमार सहित जिला व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता जितेंद्र नाथ द्विवेदी, धीरज कुमार सिंह, मुनमुन पांडेय, अंगेश कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह, विकास कुमार, संजय कुमार तिवारी, रमेश कुमार रमन, संगीता कुमारी, श्रीकांत सिंह, सुग्रीव चौधरी, काशीनाथ सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, मनोज कुमार, सतनाम सिंह, किरण कुमारी, मो. सरफुद्दीन शाह जावेद, रामचन्द्र सिंह, जयराम प्रसाद, मदन सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे।

# शहर के 48 वार्डों में होगी पंप ऑपरेटरों की नियुक्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** नल-जल योजना को कामयाब बनाने के लिए पंप ऑपरेटरों को बहाल करेगा। मंगलवार को मेयर काजल कुमारी की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक निगम के सभागार में हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया। साथ ही बरसात से पहले कच्ची और पक्की नालियों को दुरुस्त करने का भी निर्णय लिया गया है। साथ ही निगम क्षेत्र में कार्य कर रही सफाई एजेंसियों को समय से नाला उड़ाही समय से पहले करने का निर्देश भी दिया गया है। इस बैठक में शहर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ-साथ निगम अपने भवन को भी बेहतर करने का निर्णय लिया है। निगम फिलहाल नये भवन के निर्माण से पहले अपने पुराने भवन को जीर्णोद्धार करने की तैयारी में है। निगम कार्यालय में परिसर में स्थित सबसे पुराने भवन को जीर्णोद्धार कराने का निर्णय लिया गया है, जिसमें जेनेरेटर रूम, गार्ड रूम, पार्क का कार्य शामिल है। इसके अलावा पूरे परिसर में पेवर्स ब्लॉक और आरसीसी नाला निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। साथ ही कार्यालय के कार्यों को गति देने के लिए 125 केवीए के डीजल जेनरेटर सेट खरीदने की हरी झंड़ी दी गयी है। बैठक में नगर निगम के सभी वाहनों व उपकरणों का रख रखाव के लिए निविदा या कोटेशन के माध्यम से कार्य कराने का निर्णय लिया गया है। बैठक में डिप्टी मेयर सत्यवंती देवी, नगर आयुक्त विकास कुमार, उपनगर आयुक्त मैमुन निशा सहित समिति के सदस्य मौजूद थे। बैठक के बाद मेयर ने बताया कि निगम क्षेत्र में पेयजल की समस्या आये दिन बनी रहती है। इसकी तत्काल रिपोर्ट सहित समय से वाटर सप्लाई के लिए ऑपरेटरों को बहाल करना आवश्यक है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/ GARHWA/B.D./S.L.I.-02/2025-26**
**Letter No:- 319Date:-19.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of MarchwarSolar Lift Irrigation Scheme, Village- Marchwar, Panchyat-Narhi, Block-Nagar Untari, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,04,47,900=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000=00only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,05,000=00only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 02.06.2025, Time - 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submissionof Tender on Website | Date: - 18.06.2025, Time :- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 02.06.2025, Time - 4.00 PM<br>Last Date:- 18.06.2025, Time :- 4.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: - 19.06.2025, Time: -04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer<br>( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294<br>eemidgarh - cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-** Estimated Cost may Decrease or Increase

➢Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.

➢**Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Garhwa**

PR 352995 (Minor Irrigation)25-26*D



**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं में जे.सी.बी. मशीन से कार्य कराना पूर्णतः वर्जित है एवं मनरेगा मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों का उल्लंघन है। गढ़वा जिला अंतर्गत सभी जे.सी.बी. मालिक को सूचित किया जाता है कि किसी भी परिस्थिति में अपना जे.सी.बी. मशीन का प्रयोग मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं में नहीं करेंगे। यदि कोई भी जे.सी.बी. मशीन मनरेगा योजना में कार्यरत पाया जाता है तो संबधित जे.सी.बी. मशीन एवं मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक
गढ़वा

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,
गढ़वा

PR 352987 Rural Development (25-26)_D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

W.P.(PIL) No.- …../2025 Swapan Kumar Sarkar & others Vrs. Union of India & Ors के अभियुक्त Sovran Comtrade Pvt.Ltd. कम्पनी द्वारा झारखण्ड तथा अन्य राज्य के कई जिलों में जिसमें अधिकतम पलामू जिला के आमलोगों द्वारा लाखों करोड़ों रुपये की ठगी की गई है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति के पास कोई भी जानकारी या शिकायत हो तो आप अपने नजदीकी थाना में शिकायत दर्ज कराये अथवा निम्न मोबाईल नम्बर पर संपर्क करें।

उ0न्या0को0 प्रभारी – 6200324606

पूलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR 352970 (Police) 25-26 (D)

# महिला सशक्तीकरण में बिहार बना अग्रणी राज्य : श्रवण कुमार

## ओढ़नपुर में महिला संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** सदर प्रखंड अंतर्गत औरैना पंचायत के ओढ़नपुर गांव में मंगलवार को महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल हुई है। पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने से आज महिलाएं मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि जहां पहले पुरुषों का वर्चस्व था, आज वहां महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। मंत्री ने बताया कि राज्य में अब तक 10 लाख 63 हजार से अधिक जीविका स्वयं सहायता समूह गठित किए जा चुके हैं, जिनसे 1 करोड़ 35 लाख से अधिक परिवार जुड़ चुके हैं। यह आंकड़ा देश के अन्य किसी भी राज्य से अधिक है। उन्होंने कहा कि इन समूहों के माध्यम से महिलाओं को एक प्रतिशत मासिक ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि पहले गरीब महिलाओं को साहूकारों से ऊंची ब्याज दर पर कर्ज लेना पड़ता था।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण को मजबूती देने के लिए रोजगार, स्थानीय चुनावों एवं नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। महिलाओं की मांग पर ही राज्य में शराबबंदी लागू की गई, जिससे न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है, बल्कि वैकल्पिक रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन परिवारों को अभी तक आवास या शौचालय योजना का लाभ नहीं मिला है, उन्हें प्राथमिकता पर योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि आज जीविका से जुड़ी महिलाएं आत्मविश्वास से अपनी बात रख रही हैं और सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और सरकार की विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ की चर्चा की। इस अवसर पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार गिरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक रंजन, जीविका के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी, जीविका दीदियां सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# दक्षता परीक्षा की डीएम ने की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** नवादा जिला अंतर्गत गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु 19 मई 2025 को शारीरिक दक्षता की जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा हेतु कुल 1400 अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था, जिनमें से 966 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। 1600 मीटर दौड़ में सम्मिलित अभ्यर्थियों में से 451 उम्मीदवार सफल घोषित किए गए। इन सभी उम्मीदवारों की ऊंचाई एवं सीना मापी गई, जिसमें निर्धारित मापदंड को पूरा न करने के कारण 44 उम्मीदवार असफल घोषित हुए। फलस्वरूप, कुल 407 उम्मीदवारों ने ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक जैसी अन्य शारीरिक दक्षता परीक्षाओं में भाग लिया। इनमें से 85 उम्मीदवार चिकित्सकीय परीक्षण में अनफिट/असफल पाए गए, जबकि 322 उम्मीदवार चिकित्सकीय रूप से फिट पाए गए। 322 उम्मीदवार दैनिक रूप से सफल घोषित किये गए। आज प्रातः इस परीक्षा का निरीक्षण नवादा के जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा का संचालन समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से किया जाए ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# बाल संसद के गठन के लिए छात्रों ने किया गुप्त मतदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बरौन बाजितपुर में मंगलवार को युवा लोकतंत्र का जीवंत स्वरूप देखने को मिला। जहां विद्यालय में बाल संसद के गठन के लिए विभिन्न पदों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कार्य संपन्न किए गए। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि गठन प्रक्रिया के तहत हुए मतदान में विद्यालय के शिक्षक व चुनाव करने में सहयोगी की भूमिका निभा रहे रणधीर कुमार, दिनेश प्रसाद, शम्भू कुमार, संतोष कुमार, निर्मला कुमारी एवं रूबी कुमारी की मौजूदगी छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं इस निर्वाचन प्रक्रिया ने युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक मूल्यों और चुनावी प्रक्रिया से अवगत कराया। बाल संसद का गठन के लिए गुप्त मतदान की प्रक्रिया अपनायी गयी। भारतीय चुनाव प्रक्रिया के अनुसार बच्चों ने विभिन्न पदों के लिए अपना नामांकन किया। इसके उपरांत वोटिंग की प्रक्रिया करायी गयी। जानकारी के अनुसार छह पदों के लिए चुनाव सम्पन्न कराए गए। प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, जल एवं कृषि मंत्री, विज्ञान एवं पुस्तकालय मंत्री, खेल एवं संस्कृति मंत्री तथा सुरक्षा मंत्री पद के लिए 17 छात्र उम्मीदवारों के बीच मतदान कराए गए। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि बुधवार को मतगणना के बाद नई गठित कमिटी का शपथ ग्रहण कराया जाएगा एवं उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों से अवगत कराया जाएगा।

# 24 घंटे के अंदर 36 फरार अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 19 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 1, हत्या के प्रयास में 8, लूट के प्रयास में 1, मद्य निषेध में 4 एवं अन्य गिरफ्तारी 22 कुल 36 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 180 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-06 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-04 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 350 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 93 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत नगद 1 लाख 14 हजार रू, मोटरसाईकिल 2, स्कुटी 1, मोबाइल 1 एवं आधार कार्ड 1 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# बहन -बेटियों पर दबंगों की टेढ़ी नजर, पलायन को हैं मजबूर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** एक ओर राज्य सरकार भूमिहीन दलित परिवारों को बसाने की तैयारी कर रही है, वहीं नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र स्थित ढेवरी गांव में दलित समुदाय के लोग दबंगों के अत्याचार और उत्पीड़न से त्रस्त होकर गांव छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। गांव की दलित बस्ती में रहने वाले पासवान समाज के दस परिवारों ने दबंगों की बर्बरता और पुलिस की निष्क्रियता से परेशान होकर गांव से पलायन की चेतावनी दी है। स्थानीय महिलाओं और युवाओं ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि गांव में बहुसंख्यक बरई जाति के दबंग लोगों की बहन-बेटियों पर गलत नजर रहती है। महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और युवाओं के साथ मारपीट आम हो चुका है। जातिसूचक गालियों और हत्या की धमकी से डरे-सहमे लोग अब अपने बच्चों को रात में दूसरे स्थानों पर भेजने को मजबूर हैं।

**शादी समारोह में बवाल, युवक का पैर तोड़ा, बच्ची घायल**

पीड़ितों के अनुसार, 6 मई को गांव में आयोजित एक तिलक समारोह के दौरान दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। शादी में नाच रही महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई और विरोध करने पर मारपीट कर कई लोगों को घायल कर दिया गया। पुलिस की तैयारी कर रहे युवक आशिक कुमार का पैर तोड़ दिया गया, वहीं एक आठ वर्षीया बच्ची के सिर में गंभीर चोट आई। इस मामले में आशिक कुमार की ओर से हिसुआ थाने में प्राथमिकी संख्या 248/25 दर्ज कराई गई है, जिसमें शरद कुमार, दीपक कुमार, मोहित कुमार, सत्यनारायण कुमार और प्रिंस कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। आरोप है कि प्राथमिकी दर्ज होते ही आरोपितों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए काउंटर केस (प्राथमिकी संख्या 249/25) भी दर्ज करवा दिया।

# शहीद मनीष के परिवार को भारत सरकार से हर सम्भव दिलाया जाएगा सहयोग : चिराग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल।** जम्मू कश्मीर के कारगिल में ड्यूटी पर शहीद हुए सेना के जवान मनीष कुमार की शहादत के छह दिन बाद भारत सरकार के केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री एवं लोजपा (रा) सुप्रीमो चिराग पासवान मंगलवार को पाण्डेयगंगौट पहुँच कर उनके स्वजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दिया। उन्होंने बहादुर जवान के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि की और परिवारजनों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट कर आर्थिक सहायता भी प्रदान की। चिराग ने कहा कि जवान की शहादत केवल एक परिवार की नहीं,बल्कि पूरे राष्ट्र की क्षति है। शहीद मनीष के स्वजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि मनीष की शहादत पर पूरे देश को गर्व है। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वासन देते हुए कहा कि भारत सरकार शहीद मनीष के परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहेगा। उन्होंने भारत सरकार से हर सम्भव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। मौके पर खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा, जमुई के सांसद अरुण भारती समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुजारी का बेटा-भतीजा और सुपरवाइजर समेत पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** राजगीर स्थित प्रसिद्ध नौलखा मंदिर में हुई लूट का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही पर्दाफाश कर दिया है। अपराध की इस वारदात में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ कि मंदिर के मुख्य पुजारी का बेटा और भतीजा ही इस अपराध के सूत्रधार निकले। नालंदा पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि नौलखा मंदिर के श्वेतांबर धर्मशाला में 19 मई की रात्रि लगभग 2 से 2.30 बजे के बीच यह घटना घटित हुई। अपराधियों ने नाइट गार्ड को गंभीर रूप से जख्मी करते हुए मंदिर की दानपेटी से 8,5,0090 रुपए लूट लिए, जो बरामद कर लिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी राजगीर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विशेष जांच टीम का गठन किया। एसपी सोनी ने बताया कि मंदिर के मुख्य पुजारी के परिवार के ही सदस्य इस लूट के मास्टरमाइंड थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में विनीत कुमार (पुजारी का बेटा), परमीत तिवारी (पुजारी का भतीजा), बच्चन कुमार (श्वेतांबर धर्मशाला का सहायक सुपरवाइजर), कन्हैया कुमार और हीरा कुमार शामिल हैं। जांच टीम ने अपराधियों के पास से लूटी गई संपूर्ण राशि के अलावा एक देसी पिस्तौल, पॉइंट 315 का दो जिंदा कारतूस, 7.65 एमएम का 11 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त टीवीएस मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल किया गया लोहे का चाकू भी बरामद किया है। एसपी सोनी ने बताया कि अपराधियों द्वारा गंभीर रूप से घायल किए गए नाइट गार्ड को तुरंत इलाज दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता थी। पुलिस एस्कॉर्ट के साथ उन्हें रूबन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वे अब खतरे से बाहर हैं। एसपी ने बताया कि सभी अभियुक्तों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। राजगीर एसडीपीओ को निर्देश दिया है कि एक माह के अंदर सभी साक्ष्य एकत्र कर मामले का स्पीडी ट्रायल करवाया जाए। मंदिर कमेटी द्वारा त्रैमासिक रूप से दानपेटी खोली जाती थी, जिसमें बड़ी राशि जमा होने की जानकारी होने के कारण पुजारी परिवार के ही सदस्यों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

# मनीष की शहादत पर देशवासियों को गर्व : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मंगलवार को कौआकोल प्रखण्ड के पाण्डेयगंगौट गांव पहुँच शहीद मनीष कुमार के स्वजनों से मुलाकात किया। इस दरम्यान उन्होंने शहीद मनीष कुमार के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। उन्होंने कहा कि शहीद मनीष देश के एक वीर सपूत थे। जिन्होंने हम सबों की रक्षा करते करते अपना बलिदान दे दिया। उन्होंने कहा कि मनीष की शहादत बेकार नहीं जाएगी। तेजस्वी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई। तथा कहा कि यह दुर्भाग्य ही है कि अभी तक सरकार के तरफ से न तो कोई प्रतिनिधि मिलने आया और न ही आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि आपलोगों के साथ तेजस्वी एवं पूरा राजद परिवार हमेशा साथ है तथा उन्होंने इस सम्बंध में स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान को आवश्यक निर्देश भी दिए। मौके पर राज्यसभा सांसद संजय यादव,विधायक मोहम्मद कामरान, पूर्व विधायक सह राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव समेत पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** प्रखंड क्षेत्र के दाहाविगहा गांव स्थित खेल मैदान के पास मंगलवार की शाम भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। लाठी-डंडे से हुई इस हिंसक झड़प में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान गांव निवासी स्व. बजरंगी गोप के 78 वर्षीय पुत्र अजब लाल, उनके 40 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार एवं 17 वर्षीय पोते रजनीश कुमार के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि ढाई कट्ठा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था, जो मंगलवार को अचानक मारपीट में बदल गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की सहायता से तीनों घायलों को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# मंजू प्रसाद ने गुडनेस एंबेसडर का खिताब जीत नालंदा का नाम किया रौशन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मुंबई के एक ऑडिटोरियम में आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता मिस्टर एंड मिस सिनीयर फैंशन पेजेंट इंडिया 2025 में जिले के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. अबधेश प्रसाद की पत्नी मंजू प्रसाद ने गुडनेस एंबेसडर का खिताब जीत जिले का नाम पुरे देश में रौशन किया है। यह प्रतियोगिता देश भर की उन महिलाओं के लिए आयोजित की जाती हैं, जो उम्र के एक निश्चित पड़ाव के बाद भी आत्मविश्वास गरीमा और प्रेरणादायक जीवनशैली का प्रतिक बनकर समाज में एक मिशाल पेश करती है। प्रतियोगिता में देश के कोने-कोने से कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें मंजू प्रसाद की उपस्थिति ने वहां मौजूद आयोजकों एंव प्रबुद्ध नागरिकों का ध्यान खींचा। दो घंटे तक चले इस आयोजन में सभी प्रतिभागियों ने शानदार एंव भव्य परिधानों में रैम्प वाक कर अपनी छवी प्रस्तुत की। निर्णायक मंडल ने उनकी प्रस्तुति, व्यक्तित्व, समाजिक सोंच एंव आत्मविश्वास को देखते हुए उन्हें गुडनेस एंबेसडर खिताब से नवाजा।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आया बाइक सवार युवक, हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिलसा (नालंदा)।** थाना क्षेत्र के पश्चिमी बाइपास स्थित पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान धर्मपुर गांव निवासी रामकेश्वर गोप के 27 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, मनोज कुमार हिलसा बाजार जा रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उसे हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे पटना स्थित पीएमसीएच रेफर कर दिया।

# जैन धर्मावलंबियों का दस दिवसीय श्री सिद्धचक्र विधान हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जैन धर्मावलंबियों द्वारा विश्वशांति एवं आत्म कल्याणार्थ आयोजित 10 दिवसीय 1008 श्री महासिद्धिकारक श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ महोत्सव का परंपरागत धार्मिक माहौल में हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया।

जैन समाज के दीपक जैन ने बताया कि प्रख्यात दिगम्बर जैन संत श्रमण श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज के परम पावन सानिध्य में बीते 10 मई से प्रारंभ इस अनुष्ठान के अंतिम दिवस पर बीते सोमवार को श्रद्धालुओं ने यंत्राभिषेक, जिनाभिषेक एवं महाशांति धारा की। तत्पश्चात पूरे विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन कर विश्वशांति एवं प्राणिमात्र के कल्याणार्थ जिनेंद्र प्रभु से मंगलकामना की गई। इस दौरान महाशांति धारा करने का सौभाग्य मनोज कुमार सुनील कुमार काला ने प्राप्त किया, जबकि बोली के माध्यम से पदम चंद काला को मंगल कलश, गूदड़ मल काला को जाप्य कलश, अजीत पांड्या को ध्वज कलश, दीपक जैन को ईशान कोण कलश, सुरेंद्र कुमार रवि कुमार पाटनी (गया) को अग्निकोण कलश, सुशील कुमार बोहरा (हजारीबाग) को नैसतत्य कोण कलश एवं प्रदीप सेठी को वामहब कोण कलश प्राप्त करने सौभाग्य मिला। मुनिश्री के परम पावन सानिध्य में विधानाचार्य मुकेश जैन शास्त्री व ब्रह्मचारिणी अलका बहन ने पूरे विधि विधान एवं मंत्रों के भावार्थ के साथ इस दस दिवसीय अनुष्ठान को संपन्न कराया, जबकि बतौर सहयोगी धर्मेंद्र जैन, अनिल भैया व रौशन जैन ने सराहनीय भूमिका निभाई। कोटा (राजस्थान) से आए भक्ति संगीत मंडली में शामिल गायक नवीन जैन, एवं वाद्ययंत्र वादक सुमित जैन, मुकेश मीत व मनीष मस्ताना की सुरतालबद्ध भक्तिमय प्रस्तुति पर श्रद्धालुओं ने भक्तिगंगा में खूब डुबकी लगाई। अनुष्ठान में जैन समाज के दीपक जैन, अभय बड़जात्या, राजेश जैन, भीमराज गंगवाल, उदय बड़जात्या, अशोक कुमार जैन, अनिल गंगवाल, उत्सव पांड्या, भागचंद गंगवाल, मनोज जैन, विनोद काला, मनोज काला, विकास काला, नितेश गंगवाल, सुनील काला, निर्भय बड़जात्या, संतोष पांड्या, सुषमा जैन, लक्ष्मी जैन, सुनीता बड़जात्या, अल्पना पाटनी (गया), ममता काला, चंदा बड़जात्या, विनीता बड़जात्या, सुनीता जैन, स्विटी, सपना, वीणा काला, राजुल, रजनी, वीणा (हजारीबाग), सीमा, मिंटू, मंजू, आशा, रीता, श्रुति, श्रेया, अनिता, नीतू, गहना, वर्षा, राशि, मानसी, टुनकी व अनिशा सहित भारी संख्या में स्थानीय व निकटवर्ती जिलों के जैन धर्मावलंबी सक्रिय तौर पर उपस्थित थे।

# लिपिक अजय कुमार के निधन पर समाहरणालय में शोक सभा, दो मिनट का रखा गया मौन

## जिला पदाधिकारी ने दी श्रद्धांजलि, बताया विभाग के लिए अपूरणीय क्षति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय में कार्यरत लिपिक अजय कुमार के निधन पर सोमवार को समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने की। शोक सभा को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि यह अत्यंत दुःखद सूचना है कि अजय कुमार का निधन 19 मई 2025 को हो गया। इस संबंध में सूचना उनके पुत्र रजनीश कुमार के माध्यम से 20 मई को प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि अजय कुमार एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और मिलनसार कर्मचारी थे। उनके निधन से समाहरणालय परिवार को गहरा आघात पहुंचा है। विभाग ने एक समर्पित और इमानदार कर्मी को खो दिया है। जिला पदाधिकारी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर समाहरणालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में दो मिनट का मौन रखकर स्व. अजय कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

# युवक ने अधेड़ महिला से शादी रचाने की जिद पर रिश्ता तोड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र में अंधरवारी का एक युवक का प्रेम प्रसंग अधेड़ उम्र की महिला के साथ होने पर परिजन परेशान हैं। युवक को परिजनों द्वारा लाख समझाने बुझाने पर भी वह अधेड़ महिला से शादी करने की जिद पर अड़ा हुआ है। इसको लेकर डीएवी स्कूल के समीप हाइवोल्टेज ड्रामा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक अंधरवारी गांव का है और अधेड़ महिला सती स्थान मोहल्ले की है। युवक के माता-पिता और बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। युवक के पड़ोसियों ने बताया कि अधेड़ महिला युवक के दूर के रिश्तेदार है और अपने बाल-बच्चों की शादी कर चुकी है वहीं युवक की शादी कहीं और तय हो गई थी, किंतु युवक द्वारा तय शादी तोड़ दिया गया और अधेड़ महिला के साथ शादी करने का निर्णय लिया गया। बताया जाता है कि युवक ईंट भट्ठे पर मजदूरी का कर अपना गुजर बसर करता है। लोगों ने कहा कि भले ही कानूनी के नजर में यह कोई जुर्म नहीं है, किंतु समाज के लिए इस प्रकार का रिश्ता कलंक से कम नहीं है, जिसका भुक्तभोगी भविष्य में दोनों को भुगतना पड़ेगा। परिजन द्वारा अधेड़ महिला पर जादू टोना करने का भी आरोप लगाया जा रहा है। हंगामा बढ़ता देख युवक और अधेड़ महिला थाना जा पहुंची। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि दोनों के परिजनों आपस में बातचीत कर रहे हैं।

# नालों में पानी नहीं जाने से सड़क पर जलजमाव से लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** मुख्यालय क्षेत्र के एनएच-20 के किनारे सड़क निर्माण कंपनी द्वारा बेहतरीन इंजीनियरिंग द्वारा लंबी नाले का निर्माण किया गया है, ताकि ओवरब्रिज और सड़क पर बारिश का पानी जमा ना हो। किंतु वास्तविकता है कि नाले निर्माण के दौरान बरती गई अनियमितताओं के कारण बारिश पानी नाले में नहीं जाकर सड़कों के किनारे ही इकट्ठा होकर रह जा रहा है।इससे राहगीरों और आसपास के दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वहीं सड़कों पर तेज रफ्तार से गुजरते वाहन कीचड़युक्त छींटे उड़ाते जाते हैं, जिसका शिकार राहगीर हो रहे हैं। ऐसा दृश्य एनएच-20 के किनारे स्थित साउथ सीटी इंटरनेशनल स्कूल से बायपास तक देखने को मिलता है। दुकानदार सनोज कुमार कहते हैं कि उनका मोटर पार्ट्स का दुकान है, जलजमाव के कारण लोग हमारे दुकान आने से कतराते हैं। सड़क पर जलजमाव होने से दुकानदारी काफी प्रभावित हुई है वहीं रजौली कैंटीन सह होटल के संचालक ने बताया कि सड़क पर जलजमाव से उनके यहां लोग शादी और पार्टी के कमरे के बुकिंग को कैंसिल कर दे रहे हैं। फोरलेन निर्माण करने वाली कंपनी के द्वारा बरती गई अनियमितताओं की सजा हम दुकानदारों को मिल रही है। इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर दर्जनों दुकानदारों द्वारा स्थानीय प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है साथ ही एनएचएआई द्वारा जारी टोल फ्री नंबर पर शिकायत भी दर्ज कराई है।

# विश्वविद्यालयों की दयनीय वित्तीय स्थिति पर कुलपति एस.पी. शाही ने जताई चिंता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग स्थित सभागार में सोमवार को विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने की। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति-चिन्ह भेंट कर किया गया। बैठक में कई विश्वविद्यालयों के प्राचार्यगण शामिल हुए। इनमें बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की प्राचार्या डॉ. ममता रानी, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के प्राचार्य डॉ. मुश्ताक अहमद, जे.पी. विश्वविद्यालय, छपरा के अंतर्गत गंगा सिंह कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमेन्द्र रंजन सिंह, जे.एन.एल. कॉलेज, खगौल की प्राचार्या




डॉ. मधु प्रभा, एम.आर. महिला कॉलेज, दरभंगा के प्राचार्य डॉ. श्याम चन्द्र गुप्ता और ओबरा विधानसभा के विधायक ऋषि कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मगध विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्य भी बैठक में मौजूद रहे। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. शाही ने कहा कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों की वित्तीय स्थिति अत्यंत दयनीय है। विगत नौ वर्षों से छात्राओं, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों से नामांकन शुल्क नहीं लिया जा रहा है, जबकि शिक्षण संस्थानों में

**सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक सम्पन्न**
**तकनीकी सुविधाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता अनिवार्य**

आधारभूत संरचना की मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि स्मार्ट क्लास, वीडियो कॉल सेंटर और तकनीकी सुविधाओं की स्थापना आवश्यक है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के कॉलेजों में ऑनलाइन शिक्षा की सुगमता के लिए यह अत्यंत जरूरी है। इसके लिए वित्तीय सहायता अनिवार्य है। बैठक के समापन पर कुलसचिव प्रो. विपिन कुमार ने सभी प्राचार्यों और अतिथियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि अल्प सूचना के बावजूद सभी की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# मगध विश्वविद्यालय में एनईपी 2020 पर संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के शिक्षा विभाग में रीइमेजिनिंग हायर एजुकेशन एंड रिसर्च अंडर एनईपी 2020: बिल्डिंग कल्चर ऑफ इनोवेशन, ऑटोनॉमी एंड ग्लोबल एक्सीलेंस विषय पर एक दिवसीय भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के तहत उच्च शिक्षा एवं शोध में नवाचार, स्वायत्तता और वैश्विक उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने दीप प्रज्वलन कर किया। मंच संचालन संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. मुसर्रत जहां ने किया। इस अवसर पर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए कई प्रतिष्ठित वक्ता



उपस्थित रहे। प्रमुख वक्ता प्रो. ललित कुमार (शिक्षा विभाग, पटना विश्वविद्यालय) ने एनईपी 2020 की मुख्य अनुशंसाओं की व्याख्या की और विश्वविद्यालयी ढांचे पर इसके प्रभाव को रेखांकित किया। तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय से आए प्रो. राकेश कुमार ने शिक्षा के चार स्तंभों – सीखना, करना, जीना और साथ रहना – पर विस्तार से प्रकाश डाला। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची के प्रो. तपन कुमार बसंतिया और कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन की प्राचार्या डॉ. गीता पांडे ने अपने विचार पावरपॉइंट प्रस्तुतियों के माध्यम से साझा किए। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के प्रो. रविकांत ने एनईपी 2020 की व्यावहारिक चुनौतियों और अवसरों की गहराई से चर्चा की। इस अवसर पर बीएड, एमएड और पीएचडी के विद्यार्थी एवं शोधार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग के निदेशक प्रो. सुशील कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, सहभागियों और आयोजन में योगदान देने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के प्रति आभार जताया। संगोष्ठी का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# ऑपरेशन सिंदूर सैनिकों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आमस (गयाजी)।** आमस में मंगलवार को भारत सरकार की आतंकवाद के खिलाफ चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सैनिकों की सम्मान में सांव कला मुखिया सह समाजसेवी रॉबिन कुमार सिंह के नेतृत्व मे सैनिकों की सम्मान भव्य तिरंगा यात्रा निकालागया। जो आमस से लेकर हेमजापुर हेतु हुए आमस नारायणपुर तक सैकड़ों की संख्या बाइक पर सवार होकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों देश भक्त युवाओ के साथ बड़ी संख्या मे लोग एकत्रित हुए और हांथो में तिरंगा लिए भारत माता की जयघोष के साथ यात्रा प्रारंभ की मौके पर कार्यकर्ताओं ने देश और भारतीय सैनिकों के सम्मान में भारत माता की जय, वन्दे मांतरम, भारतीय सैनिक जिंदाबाद के नारे लगाए, वहीं पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, के नारे लगाते रहे। मौके पर भाजपा नेता अजित मिश्र पाठक, चर्चित वरिष्ठ पत्रकार गौतम सिंह अजित मिश्र माधुरी जसवाल, रौशन गुप्ता, सोनू सिंह, शेखर चौरसिया, भाजपा नेता सह राष्ट्रीय स्वयं सेवक के प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह, दीपक सिंह, भाजपा नेता मिथलेश कुमार सिंह समेत सैकड़ों की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# 'महिला संवाद' कार्यक्रम में 35 हजार से अधिक महिलाओं की आकांक्षाएं दर्ज

## 16 जून तक चलेगा ग्रामीण विकास विभाग का विशेष अभियान, 3167 जीविका ग्राम संगठनों में किया जा रहा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में जिले में 18 अप्रैल 2025 से 'महिला संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 16 जून 2025 तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और उनकी आकांक्षाओं को समझकर समाधान की दिशा में ठोस पहल करना है। कार्यक्रम को दोपालीय स्वरूप में जीविका ग्राम संगठनों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। अब तक लाखों महिलाएं इस अभियान से जुड़ चुकी हैं और 31 से अधिक सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर चुकी हैं, जिनमें मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, बालिका साइकिल योजना, महिला आरक्षण, सतत जीविकोपार्जन योजना सहित



अनेक जन-कल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं।

डिजिटल माध्यमों से जागरूकता

महिलाओं तक योजनाओं की जानकारी पहुँचाने के लिए डिजिटल स्क्रीन से लैस प्रचार वाहनों के माध्यम से वीडियो फिल्में प्रदर्शित की जा रही हैं। साथ ही वर्चुअल संचार उपकरण, सेल्फी पॉइंट, स्टैंडी एवं सूचना-पत्र के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का संदेश भी वितरित किया जा रहा है।

**महिलाओं की आकांक्षाएं हो रही डिजिटल रूप से दर्ज**

कार्यक्रमों के दौरान महिलाएं नल-जल योजना, नाली व जल निकासी, सामुदायिक भवन, जीविका भवन, स्कूल, पुस्तकालय, स्ट्रीट लाइट, स्थानीय रोजगार, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन जैसी योजनाओं पर अपनी आकांक्षाएं व्यक्त कर रही हैं। इन आकांक्षाओं को डिजिटल ऐप के माध्यम से संकलित किया जा रहा है। अब तक 35,000 से अधिक महिलाओं की आकांक्षाएं दर्ज की जा चुकी हैं, जिन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया है ताकि त्वरित समाधान की दिशा में कार्य किया जा सके।

यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है, बल्कि प्रशासन और समुदाय के बीच संवाद को भी मजबूत कर रहा है। जिला प्रशासन का मानना है कि जब महिलाएं योजनाओं से जुड़ेंगी, तो वे अपनी समस्याओं का समाधान खुद ढूंढ़ने में सक्षम होंगी और सशक्त समाज के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाएंगी।

यह अभियान 3167 जीविका ग्राम संगठनों के माध्यम से जिले के कोने-कोने तक पहुँचाया जा रहा है, जिससे कोई भी महिला जानकारी और सुविधा से वंचित न रह जाए।

## दो पक्षों के बीच मारपीट में चार लोग घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के ढिबरी गांव में एक नाली के विवाद ने दो पक्षों के बीच मारपीट का रूप ले लिया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एस आई सोहराब अली के अनुसार, नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में सोमवार की रात मारपीट में बदल गई। प्रथम पक्ष से फैजान अंसारी, एहसान अंसारी, रौनक परवीन, फरजाना खातून को घायल बताया गया है वहीं, दो लोगों को बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गृह रक्षकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आज से, डीएम ने की ब्रिफिंग

## 105 सीसीटीवी कैमरे व 20 वीडियोग्राफी यूनिट से निगरानी, आरएफआइडी तकनीक का प्रयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बोधगया स्थित बीएमपी-03 के परेड ग्राउंड-2 में 21 मई 2025 से गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा की शुरुआत हो गई है। परीक्षा से पूर्व जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए विस्तृत ब्रिफिंग दी। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), वरीय जिला समादेष्टा (गृह रक्षा वाहिनी), जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। शारीरिक दक्षता परीक्षा की निगरानी हेतु परेड ग्राउंड में कुल 105 सीसीटीवी कैमरे तथा 20 वीडियोग्राफी यूनिट लगाए गए हैं। सभी परीक्षा प्रक्रियाओं–दौड़,



ऊंचाई एवं सीना माप, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक और चिकित्सकीय परीक्षण–की वीडियोग्राफी की जा रही है। इस बार परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक ठक्ष्क्ष टक्ष्क्ष तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**प्रवेश समय सख्ती से निर्धारित**

अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 4:00 बजे से प्रारंभ होगा, जबकि 8:00 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवारों को केवल प्रवेश पत्र, पहचान पत्र, पानी की बोतल और दौड़ हेतु आवश्यक कपड़े ही लाने की अनुमति है। अन्य कोई भी वस्तु मैदान में लाना वर्जित रहेगा।

**आपत्ति निवारण के लिए कोषांग का गठन**

परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु स्थल पर एक आपत्ति निवारण कोषांग भी स्थापित किया गया है। अभ्यर्थी अपनी शिकायतें वहां संबंधित पदाधिकारियों से साझा कर सकते हैं। **अनुशासनहीनता पर सख्त कार्रवाई**

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान अनुशासनहीनता करता है, या बहाली प्रक्रिया में उपद्रव अथवा मिथ्या सूचना फैलाने का प्रयास करता है, तो उसके अभ्यर्थित्व को तत्काल समाप्त कर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से परीक्षा प्रक्रिया में सहयोग बनाए रखने और निर्धारित निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# यूथ व इको के बैनर तले प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** मंगलवार को युथ व इको क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन उच्च माध्यमिक विद्यालय परसावां में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक एन के राही व संचालन श्वेता कुमारी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक एन के राही ने कहा कि बच्चों को सरकार के द्वारा भोजन से लेकर कॉपी, किताब, एफएलएनकिट, छात्रवृत्ति, पोशाक के साथ - साथ मैट्रिक व इंटर पास बच्चियों को प्रोत्साहन के रूप में राशि दी जाती है ताकि बच्चे विद्यालय समय पर पहुंचे। सभी बच्चे कोंचिग के पीछे जो भाग रहे हैं। वो सभी को विद्यालय की ओर लौटना चाहिए क्योंकि अब किसी भी विद्यालय में शिक्षकों की कमी नहीं है। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के



आलावा मैट्रिक व इंटर में टॉप पांच के बच्चों के बीच शिल्ड वितरण के साथ - साथ पुरस्कार वितरण किया गया। इसके साथ ही क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रश्न पत्र के माध्यम से बच्चों से प्रश्न पूछकर विजेता प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह में पुरस्कार के रूप में मैट्रिक में महिला वर्ग में प्रखण्ड स्तर पर प्रथम पुरस्कार पाने में अंशु कुमारी, द्वितीय पुरस्कार शशि कुमार, तृतीय पुरस्कार नीतीश, चौथा में मुस्कान कुमारी को शिल्ड के साथ - साथ पुरस्कार वितरण किया गया वहीं, इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान पर हरि नंदन कुमार, द्वितीय में शिवानी कुमारी, तृतीय पर शमीर राज, चौथा स्थान पाने वाले प्रिय रंजन कुमार को वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम को आगे बढाते हुए शिक्षक मनोज कुमार मंजिल के द्वारा शिक्षा गीत गाकर माहौल को खुशनुमा बनाया और टीआर-3 में योगदान करने वाले शिक्षक गितेश कुमार, पूजा कुमारी, विपिन प्रजापति, विशाल भारती, देवेंद्र रंजन को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय अध्यापक मो इकबाल, हिमालिनी, अनामिका, अरूण जायसवाल, प्रभाकर सिंह, विनिता कुमारी, गुड़िया कुमारी, तरूण कुमार, नेहा कुमारी, राजेश कुमार, पियूष मृणाल, संध्या कुमारी, मो मुस्तकीम, राज नारायण कुमार समेत काफी संख्या में छात्र शामिल थे।

## टेकारी में लगेगा 'गयाजी रोजगार मेला 2025-26'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के अधीन अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गया के सौजन्य से इस वर्ष का वार्षिक 'गयाजी रोजगार मेला 2025-26' का आयोजन 31 मई 2025 को टेकारी प्रखंड स्थित टेकारी राज इंटर स्कूल के खेल मैदान में किया जा रहा है। यह मेला जिले के हजारों युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। इस जिला स्तरीय रोजगार मेले में बिहार के स्थानीय एवं बाहरी प्रतिष्ठित नियोक्ता भाग लेंगे और युवाओं को मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल, हेल्थ, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग-फाइनेंस, लॉजिस्टिक्स, इंश्योरेंस जैसे क्षेत्रों में नौकरी के अवसर प्रदान करेंगे। मेले में भाग लेने वाली प्रमुख कंपनियों में L&T, Delhivery Pvt. Ltd, Vardhman Textiles, Siwggy, Bajaj Capital, Dalmia Bazar, Karlo Automobiles सहित अन्य अग्रणी संस्थाएं शामिल होंगी।

## मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय गौहरपुर के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है, जिसमें उन्होंने पब्लिक पर मारपीट करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मंगलवार को जांच शुरू कर दी है। प्रधानाध्यापक के अनुसार, बीते दिनों एक टेंपो चालक संजीव कुमार पिता स्व.सुग्रीव लाल ग्राम मई थाना रफीगंज द्वारा महिला शिक्षिकाओं पर फब्तियां कसने लगे, जिसे समझाने के क्रम में चालक ने मारपीट और गाली गलौज करने लगा। इसी क्रम में गौहरपुर के ग्रामीण इकट्ठा हो गए और विद्यालय पर पथराव करने लगे। सूचना उपरांत कोंच पुलिस आई और पुलिस पर भी पथराव किया गया। उक्त मामले में नीरज कुमार, रंजन कुमार, संजीव कुमार, नीतीश कुमार, श्रीकांत कुमार, अमरेंद्र कुमार, ऋतिक कुमार सहित दर्जनों अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कराया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सं. ईएलईजी–ओटी–1222–2025–26** के संबंध में शुद्धिपत्र, जो वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य, पूर्व रेलवे, सियालदह द्वारा पूर्व में प्रकाशित किया गया था। **निविदा के बंद होने और खुलने की तिथि और समय** 05.06.2025 को 14.00 बजे के बदले **दिनांक 16.06.2025 को 14.00 बजे** पढ़ा जाएगा। **बोली प्रारंभ होने की तिथि** 22.05.2025 के बदले **दिनांक 02.06.2025** पढ़ी जाएगी। सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

SDAH-59/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना संख्या**
**CAO-GLP-DLF-MEW-ECR-01-25**

(1) **कार्य का नाम एवं स्थान:** Annual Maintenance of 132 KV, 3 phase, double circuit Transmission line from Mashrakh GSS to 132/33 KV MRS at Diesel Locomotive Factory Marhowra for 03 (Three) years. (2) **कार्य का अनुमानित लागत:** Rs.24,37,947.64 (3) **निविदा फॉर्म कि कीमत:** Rs.0.00 (4) **आवस्यक बयाना राशि:** Rs.48,800.00 (5) **निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने कि तारीख एवं समय:** निविदा प्रस्ताव जमा करने कि प्रारम्भिक तारीख दिनांक 29.05.2025 निविदा खुलने कि तारीख एवं समय दिनांक 12.06.2025 को 15:00 बजे। (6) **वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण कि जानकारी प्राप्त कि जा सकती है:** पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in. वेबसाईट पर देखा जा सकता है। (7) **पता एवं जानकारी:** मुख्य प्रसासनिक अधिकारी का कार्यालय/ग्रीनफील्ड लोकमोटिव प्रोजेक्ट/पहला तला/रेल परियोजना कार्यालय/दानापुर, जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगोल, पोस्ट खगोल, जिला–पटना, पिन 801105

**उप मुख्य विदूत इंजीनियर/जीईएलएफ/डीएमएच ग्रीनफील्ड लोकमोटिव प्रोजेक्ट, पूर्व मध्य रेल, दानापुर, पटना**

पीआर/0273/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/36

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि विभाग)**
**कार्यालयः– जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा।**
**पता– संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114**
**कृषि उपादान व्यवसायियों को एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स (DAESI) में नमांकन लेने हेतु आवश्यक सूचना।**

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) हैदराबाद द्वारा संचालित कृषि उपादान व्यवसायियों हेतु (DAESI (Diploma in Agriculture Extension Services for Input Dealers) पाठ्यक्रम संचालित की जानी है।

गढ़वा जिले के बीज/उर्वरक/कीटनाशक विक्रेता जो वैद्य अनुज्ञप्तिधारक है नामांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु मैनेज हैदराबाद के वेबसाईट www.manage.gov.in से आवेदन प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है या आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 से भी प्राप्त किया जा सकता है।

पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन पत्र निबंधित/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ के माध्यम से भी आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 को दिनांक 30-05-2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक प्राप्त कराया जा सकता है। नामांकन हेतु कुल अभ्यार्थी की संख्या 40 है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित आवश्यक संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. DAESI पाठ्यक्रम का विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र।
2. शैक्षणिक योग्यता का प्रामण–पत्र की छायाप्रति (अंक–पत्र, मूल प्रमाण–पत्र)।
3. अनुज्ञप्ति (License) की छायाप्रति (बीज/उर्वरक/कीटनाशक)।
4. आधार कार्ड की छायाप्रति।
5. दो फोटोग्राफ पासर्पोट साईज।
6. लाईसेंसधारी की Input Dealer को रू0 14000/- (चौदह हजार रूपया) मात्र एवं गैर–लाइसेंसधारी को रू0 28000/- (अठाईस हजार रूपये) मात्र का Demand Draft जो DIRECTOR SAMETI के नाम से Payable at Ranchi को देय होगा संलग्न करना होगा। आवेदन पत्र रद्द हाने या चयन न होने की स्थिति में Demand Draft वापस कर दिया जाएगा।
7. Demand Draft को छोड़कर सभी दस्तावेज पर आवेदनकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
8. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण है।
9. लइसेंसधारी को प्राथमिकता दी जाएगी।

- अधिक जानकारी हेतु आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 से सम्पर्क किया जा सकता है।
- विज्ञापन रद्द करने अथवा इसमें बदलाव करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

**जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा।**

PR 353067 Agriculture(25-26)D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-03/2025-26**
**Letter No:- 320 Date:-19.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Tewali Solar Lift Irrigation Scheme, Village- Tewali, Panchyat- Janeva, Block- Bhandariya, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,10,76,600=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00**only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,11,000=00**only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 02.06.2025, Time - 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submissionof Tender on Website | Date: - 18.06.2025, Time :- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 02.06.2025, Time - 4.00 PM<br>Last Date:- 18.06.2025, Time :- 4.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: - 19.06.2025, Time: -04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer<br>( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294<br>eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-** Estimated Cost may Decrease or Increase

- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**AC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Garhwa**

PR 353000 (Minor Irrigation)25-26*D

CMYK

संपादकीय

# न्यूज चैनल ही जिम्मेदार

बीते एक पखवाड़े में भारत और पाकिस्तान के बीच छिड़े अघोषित युद्ध की खबरें और कवरेज भी यदि भारतीय टीवी दर्शकों को नहीं लुभा सकीं और वो भारतीय सेना के पराक्रम से ज्यादा यदि आईपीएल में मनोरंजन खोजते रहे तो इसके लिए ज्यादा जिम्मेदार भारतीय टीवी न्यूज चैनल ही हैं। इसी संदर्भ में बार्क इंडिया के ताजा आंकड़े न सिर्फ चौंकाने वाले हैं बल्कि चैनलों को आत्मनिरीक्षण पर विवश करने वाले हैं। दोनों देशों के बीच भारी तनाव के बीच भी समाचार चैनलों की दर्शक संख्या में खास इजाफा नहीं हुआ। 7 और 8 मई की रात हुए ऐतिहासिक ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी स्टार स्पोर्टस 1 हिंदी को रात 8:30 से 9:30 के प्राइम टाइम के दर्मियान 9345 एएमए (एवरेज पर मिनट स्पेक्टेटर) मिले, जबकि पूरे हिंदी न्यूज जोनर को सिर्फ 4834 एएमए ही मिले यानी कि आधे से भी कम। हालांकि 8 मई को भारत पाक के बीच सशस्त्र संघर्ष के बाद धर्मशाला में हो रहा आईपीएल मैच बीच में ही रोकना पड़ा था। बावजूद इसके आईपीएल की व्यूअरशिप में गिरावट नहीं आई। इतना ही नहीं आईपीएल स्थगित होने के बाद भी हिंदी न्यूज चैनलों से दोगुने दर्शक आईपीएल के पुराने मैचों को देख रहे थे। इसी तरह जब ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दे रही दो महिला सेनाधिकारी और विदेश सचिव की पत्रकारवार्ता को भी आईपीएल से कम दर्शक मिले। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय न्यूज चैनल और खासकर हिंदी चैनलों ने आतंकियों और समुदाय विशेष के खिलाफ जिस तरह का अभियान चलाया था, उसे देख देखकर दर्शक ऊब चुके थे। लगता है कि अब मीडिया के जरिए सच्ची और निष्पक्ष खबरें देने का जमाना लद चुका है। हर खबर को मिर्च मसाले के साथ और अपने राजनीतिक आकाओं की विरूदावलि पढ़ने के रूप में ही पेश किया जाने लगा है। कई सच्ची झूठी खबरें प्लांट कर दर्शकों को गले उतारने की कोशिश की गई। इस युद्ध में चीनी हथियारों की भी पोल खुल है, लेकिन इसका अर्थ यही नहीं कि चीन इसमें और सुधार नहीं करेगा। बेशक हमने पहलगाम के चैलेंज को स्वीकार करते हुए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, लेकिन भविष्य इससे भी ज्यादा चुनौती भरा होने वाला है। तब भारत क्या करेगा या फिर उसे अभी से क्या करना चाहिए, यह बताने वाले न्यूज चैनल लगभग नदारद थे। वो भूल रहे थे कि जनता को बहुत दिनों तक मूर्ख नहीं बनाया जा सकता। युद्ध और पाकिस्तान को लेकर शुरू में जिस तरह कवरेज न्यूज चैनलों ने किया, वह फिर भी ठीक था, लेकिन बाद में इतना इकतरफा हो गया कि लोगों को बोरियत महसूस होने लगी। ऐसा कवरेज सरकार को भले सुहा रहा हो, लेकिन आम पब्लिक का विश्वास उस पर डोलने लगा। यह बार्क के सर्वेक्षण से पुष्ट होता है। अब यहां सवाल है कि आखिर ऐसी क्या वजह थी कि लोग पाकिस्तान पर भारत की कार्रवाई का फालोअप नहीं जानना चाहते थे, इस पूरे घटनाक्रम का फलितार्थ क्या है, यह जानने में उनकी रूचि क्यों नहीं थी? क्या भारतीय दर्शकों में देशभक्ति की कोई कमी है या फिर जिस तरह से समाचार परोसे जा रहे थे, वह अपने आप में ही अतिरंजित और अविश्वसनीय ज्यादा था। बेशक टीवी न्यूज चैनलों में राष्ट्र प्रेम होना ही चाहिए, लेकिन कोई भी समाचार देते वक्त उसके सभी पहलुओं पर भी गौर करना चाहिए। लेकिन टीवी न्यूज चैनल अपनी हदों को लांघ गए। अफसोस की बात है कि दुष्प्रचार के मामले में पाकिस्तानी टीवी न्यूज चैनल भारतीय चैनलों से कहीं आगे रहे। प्रोपेगेंडा वार में पिछड़ने के कारण भी इस समूचे संघर्ष में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकेला पड़ गया। यह कड़वी और गंभीर सच्चाई है।

# युद्ध में सेना जीती, राजनीति हारी

**जैसा कि अनुमान था कि भारत पाकिस्तान के बीच का अघोषित युद्ध कुछ ही दिनों में बंद हो जायेगा, यद्यपि यह भारत की जनता की इच्छा नहीं थी, और न ही किसी भी समझदार व्यक्ति की। क्योंकि आजादी के बाद से लगातार देश पाकिस्तानी सीमा से तनाव-हिंसा और युद्ध झेलता रहा है। इसलिए इस बार लोगों की यह इच्छा थी कि भारत पाकिस्तान के बीच इस संघर्ष का स्थाई हल निकल जाये। इसका मौका भी पाकिस्तान ने स्वयं दिया था जब उसने पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों को आतंकवाद का शिकार बनाया। यह आतंकवादी पाकिस्तान की सेना के ही अघोषित अंग जैसे थे और उसके कई प्रमाण भी मिले। पहलगाम में जो हथियार या गोली बगैरा मिले थे वे भी पाकिस्तानी सेना के थे। भारत के द्वारा प्रत्युत्तर दिए जाने के बाद जो आतंकवादियों के ठिकाने तबाह हुए और जो आतंकवादी मारे गए वे भी पाकिस्तानी सेना के ही थे। क्योंकि पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों के द्वारा उनके दफ़नाने और सेना की सैल्यूट के जो फोटोग्राफस्वत: पाक सेना ने जारी किए थे, उन्हें सारी दुनिया ने देखा है।**

**रघु ठाकुर**


पाकिस्तान का पहलगाम आतंकी हमले में हाथ होने का यह स्पष्ट प्रमाण था जिसे झुठलाने की कोई जुर्रत पाकिस्तान नहीं कर सकता। सलिए जब पाकिस्तान ने सुरक्षा परिषद की समिति की बैठक में इस मामले को उठाया तो सुरक्षा परिषद की समिति के सदस्यों को वह संतुष्ट नहीं कर सका और समिति ने कोई प्रस्ताव नहीं किया। दुनिया के दो छोटे-छोटे देशों ने, जिसमें तुर्किए व एक अन्य देश ने ही पाकिस्तान का समर्थन किया। बाकी पूरी दुनिया ने पाकिस्तान को अपराधी माना और भारत का समर्थन किया। सुरक्षा परिषद की समिति में पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। दुनिया के तमाम शक्तिशाली देशों ने भारत के पक्ष में समर्थन किया और पाकिस्तान की आलोचना की। यह एक प्रकार से भारत के द्वारा की गई आक्रामक प्रतिक्रिया का समर्थन था। यहां तक कि दुनिया के इस्लामी देशों के संगठन ने भी पाकिस्तान का समर्थन नहीं किया। और एक प्रकार से भारत के पक्ष का ही समर्थन किया। इतना बड़ा विश्व जनमत इससे पहले कभी भी भारत के साथ नहीं था। इसलिए देश को उम्मीद थी कि भारत इस बार निर्णायक हल करेगा और सत्तर वर्ष पुरानी त्रुटि में सुधार कर पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लेगा। यह इसलिए भी जरूरी था क्योंकि आतंकवादियों का प्रवेश द्वार पीओके ही है तथा भारत की सीमा से सटे होने की वजह से पाकिस्तान इसका इस्तेमाल एक आधार के रूप में करता है। लोगों को इस बार इसलिए भी निर्णायक हल की उम्मीद थी क्योंकि लोगों में यह जुमला चलता था कि मोदी है तो मुमकिन है। श्री नरेन्द्र मोदी भी जिस प्रकार पिछले तीन दशकों से आतंकवाद, पीओके, कश्मीर समस्या पाकिस्तान को लेकर पूर्ववर्ती सरकारों को कोसते रहे हैं, जो कि उचित भी था, इसलिए लोगों को उम्मीद थी कि इस बार श्री नरेन्द्र मोदी अवश्य कुछ निर्णायक कदम उठायेंगे। घटना के बाद जिस तत्परता से श्री नरेन्द्र मोदी ने बैठकें कीं और गोली के बदले गोला जैसे जुमले फेंके उससे देश बहुत आशान्वित था। परंतु जिस प्रकार अचानक दस मई की शाम को भारत के डीजीएमओ की पाकिस्तान के डीजीएमओ से फोन पर बात हुई और युद्ध विराम का निर्णय हुआ वो न केवल लोगों को आश्चर्यजनक या उम्मीद के परे था, बल्कि श्री नरेन्द्र मोदी की बहादुरी के प्रति निराशा पैदा करने वाला था।

रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह तो विभाग सम्हालने के बाद से ही यह जुमला बोलते रहे हैं कि मैंने सेना को खुली छूट दे दी है। पहली गोली हम नहीं चलायेंगे। लेकिन यदि पहली गोली दुश्मन की ओर से चलती है तो उसका कड़ा जवाब देंगे। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद श्री मोदी विदेश के दौरे को रद्द कर भारत आये तो उन्होंने भी यही बयान दिया कि हमने सेना को कह दिया है कि कब कहां कैसे करना है यह उसको तय करना है। इसका मतलब है कि इसके पहले सेना को आतंकवादी हमलों का प्रतिकार करने की छूट नहीं थी और पिछले दस वर्षों से रक्षामंत्री जी सेना को गुमराह कर रहे थे। उन्होंने सेना के बंधे हाथ खोले नहीं थे और बंधे हाथ तो पांच मई को श्री नरेन्द्र मोदी ने खोले हैं। यह लोकतांत्रिक परम्परा थी कि प्रधानमंत्री सारे घटनाक्रम को राष्ट्रपति जी को ब्रीफ करते, सर्वदलीय समिति की जो बैठकें बुलाई गयीं उनमें शामिल होते और देश के नाम संदेश जारी कर तथ्यों को रखते। परंतु फिर एक बार प्रधानमंत्री ने यह बताने का प्रयास किया है कि जनतंत्र और जनतांत्रिक परम्परायें, संविधान और संवैधानिक परम्परायें उनके लिए कोई मायने नहीं रखतीं। सर्वदलीय बैठक में दिल्ली में रहते हुए भी प्रधानमंत्री का शामिल न होना क्या जनतंत्र का मजाक उड़ाना नहीं है?

प्रधानमंत्री और उनका एनडीए मात्र 42 प्रतिशत मतों का प्रतिनिधित्व करता है। 58 प्रतिशत उनके और एनडीए के पक्ष में नहीं है। परंतु देश के संसदीय विपक्ष ने और छोटी बड़ी सभी पार्टियों ने बिना शर्त आवश्यक कार्रवाई करने के लिए भारत सरकार और सेना का समर्थन किया। सारी दुनिया में भारत की एकजुटता का संदेश गया। जबकि पाकिस्तान दुनिया में विभाजित नजर आया। यह एक बड़ी जनतांत्रिक उपलब्धि थी। इसके बाद भी प्रधानमंत्री ने देश की संवैधानिक परम्परा और प्रतिपक्ष का सम्मान नहीं किया। वे भूल गए कि जिन श्रीमती इन्दिरा गांधी को वे और उनकी मातृसंस्थायें तानाशाह कहती हैं उन्होंने भी 1971 में सारे विपक्ष को साथ लेने का प्रयोग किया था। यहां तक कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेतृत्व से भी सम्पर्क कर सहयोग मांगा था तथा जयप्रकाश जी को भारत का पक्ष प्रस्तुत करने के लिए विश्व भ्रमण पर भेजा था। पाकिस्तान के डीजीएमओ और भारत के डीजीएमओ के बीच दस मई की शाम पांच बजे से ही युद्ध विराम हो गया। 12 मई को फिर एक बार टेलीफोन पर औपचारिक चर्चा हुई और सहमति हो गई।इतनी घटनाओं के बाद कल 12 मई को प्रधानमंत्री ने पहली बार अपना मुंह खोला और देश के समक्ष कुछ बिंदु प्रस्तुत किये। हालांकि उनके आठ मुद्दों में कुछ भी नया नहीं है। बल्कि लगभग वही सब बातें हैं जो सरकारी पक्ष की ओर से पहले भी कही जाती रही थीं। युद्धविराम की घोषणा के समय और बाद में 12 मई को प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अब अगर कोई हमले की घटना होगी तो उसे युद्ध माना जायेगा। अभी तक विधिवत युद्ध की घोषणा नहीं हुई थी। जो हो रहा था वह अघोषित युद्ध था। यह भी आश्चर्यजनक था कि दस मई के युद्धविराम की घोषणा के बाद तथा 12 मई को प्रधानमंत्री के उपदेशात्मक बयान के बाद भी पाकिस्तान की ओर से युद्धविराम का उल्लंघन हुआ है। दस मई को युद्धविराम के बाद भी रात में पाक सेना ने भारत की सीमा में हमले किये और 12 मई को भी मीडिया के अनुसार कुछेक स्थानों पर युद्धविराम का उल्लंघन हुआ। यह युद्धविराम वास्तव में युद्ध विराम है या युद्ध विश्राम है यह भविष्य के गर्भ में है। प्राचीनकाल में सेनायें दिनभर लड़ती थीं, रात में विश्राम करती थीं, अगले दिन की लड़ाई की तैयारी के लिए। यह युद्ध विराम भी कहीं ऐसा ही तो नहीं है जो कुछ दिन के बाद फिर नये रूप रणनीति व ताकत के साथ शुरू हो। इस युद्धविराम के बाद एक और नई बहस शुरू हुई है। वह यह कि भारत ने युद्धविराम का फैसला स्वेच्छा से किया या अमेरिका जैसी विदेशी शक्ति के प्रभाव में। अमेरिका के बड़बोले राष्ट्रपति ने तो सार्वजनिक रूप से बयान दिया है कि उन्होंने रात भर भारत पाकिस्तान को समझाया। कुछ इस आशय की खबरें भी आई कि अमेरिका ने भारत को व्यापार रोकने की धमकी दी। हालांकि भारत सरकार की ओर से इसका औपचारिक खंडन किया गया है। ट्रम्प व श्री मोदी के बीच कौन सच्चा कौन झूठा की बहस होगी तो एक भारतीय होने के नाते मैं श्री मोदी को सच्चा मानूंगा। यह भी खबरें मीडिया में आई हैं कि पाकिस्तान ने परमाणु हमले की तैयारी की थी और उसकी सूचना के बाद भारत ने युद्धविराम का निर्णय किया। श्री मोदी के बयान से कि हमें परमाणु युद्ध की धमकी न दें ,भी इस सूचना की पुष्टि जैसी है। मैं नहीं जानता कि यह कितनी सही है। परंतु अगर यह सही है तो फिर भारत के राजनेताओं को यह भी मालूम होना चाहिए कि गांधी-लोहिया-और उनके अनुयायी के रूप मैं यह लिखता कहता रहा हूं कि परमाणु हथियार के बाद भारत पाकिस्तान बराबरी के मुकाबले में आ गये हैं। इसके पूर्व परम्परागत युद्धों में भारत लगातार जीता है, ताकतवर सिद्ध हुआ है। श्रीमती इंदिरा गांधी, श्री अटल बिहारी वाजपेई से श्री मोदी तक परमाणु परीक्षण को भारत की महान ताकत बताने वाले संघ को इसका उत्तर देना चाहिए। हालांकि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने जिस प्रकार अचानक पाकिस्तान को युद्ध के बीच हजारों करोड़ का कर्ज मंजूर किया और आईएमएफ की मीटिंग में भारत अकेला अलग थलग रह गया। दुनिया के सभी सदस्य देशों ने कर्ज मंजूरी को स्वीकृति दी। क्या यह अंतरराष्ट्रीय दबाव बनने का कारण नजर नहीं आता? विश्व शक्तियां केवल अपने स्वार्थ या देश हित को ही लड़ती हैं किसी दूसरे को नहीं। जो प्रधानमंत्री दिन रात विश्वनेता-विश्वगुरु का खिताब लिए घूमते हैं उन्हें समझना चाहिए कि दुनिया के देश अपने राष्ट्रीय हितों से चलते हैं न कि दूसरे के। तारीफें तो व्यापार के सौदा पटाने की चीज रहती हैं जिनका कोई अर्थ नहीं होता।

अध्यात्म

## अपने धन का सही समय पर उपयोग कर लेना चाहिए



धन वही उपयोगी है जो सही समय पर काम आ जाए। सदुपयोग के बिना धन व्यर्थ होता है। जो लोग धन बचाकर रखते हैं और जरूरत होने पर भी खर्च नहीं करते हैं, उनके जीवन में परेशानियां बढ़ जाती हैं।

प्रचलित कथा के अनुसार पुराने समय में एक व्यक्ति बहुत कंजूस था। एक दिन उसे सोने के सिक्कों से भरी पोटली मिल गई। कंजूस व्यक्ति सिक्के देखकर खुश हो गया। उसके परिवार में पैसों की कमी रहती थी। इस वजह से उसकी पत्नी और बच्चे दुखी थे। जब कंजूस को सोने के सिक्के मिले तो उसने उस पोटली को एक पेड़ के नीचे गड्ढा खोदकर छिपा दिया।

कंजूस ने सिक्कों का उपयोग नहीं किया। वह सिर्फ अपने उन्हें रोज देख-देखकर ही खुश होता था। वह व्यक्ति रोज उस पेड़ के पास जाता और गड्ढे में से सिक्के निकालकर देखता था। ऐसा कई दिनों तक चलता रहा। एक दिन एक चोर ने उस कंजूस व्यक्ति का पीछा किया और उसने सोने के सिक्के देख लिए।

अगले दिन मौका मिलते ही चोर उस पेड़ के पास पहुंचा और गड्ढा खोदकर सोने के सिक्के लेकर भाग गया। जब कंजूस व्यक्ति वहां पहुंचा तो उसे मालूम हुआ कि उसके सिक्के चोरी हो गए हैं। वह रोने लगा और अपनी पत्नी को ये बात बताई।

कंजूस की पत्नी क्रोधित होते हुए कहा कि तुम्हारी कंजूसी की वजह से हमारे हाथ आया गरीबी दूर करने का अच्छा अवसर निकल गया है। तुम पहले बता देते तो उस धन से हमारे परिवार की सभी परेशानियां दूर हो सकती थीं। अब रोने से क्या लाभ? वैसे भी तुम्हारे लिए सोने का क्या काम, वह तो वैसे ही गड्ढे में दबा हुआ था। अब रोज इस गड्ढे को ही देख लेना।

इस प्रसंग का संदेश ये है कि जो लोग अपने धन का सही समय पर उपयोग नहीं करते हैं, वे और उनका परिवार हमेशा दुखी रहता है। इसीलिए धन का उपयोग कर लेना चाहिए। वरना बाद में पछताना पड़ता है।

# विकसित भारत की नींव बनेंगे अमृत स्टेशन

**जय वर्मा सिन्हा**



विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए देश में परिवर्तन तीव्र गति से और स्पष्ट रूप से हो रहा है, जिसे हर नागरिक और आगंतुक सहजता से देख और अनुभव कर सकते हैं। यह विकास अब केवल नीतियों और राजनीतिक भाषणों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भवनों, सड़कों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

देश में बने एक्सप्रेसवे पर यात्रा करते हुए यह महसूस होता है कि राज्यों के बीच संपर्क में सुधार हुआ है और यात्रा अधिक सुगम हो गई है। इसका उदाहरण वे आधुनिक हवाई अड्डे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों से मेल खाते हुए भारत को एक वैश्विक पहचान दिलाते हैं। यह परिवर्तन स्मार्ट शहरों के निर्माण के हिस्से के रूप में हो रहा है, जहां आधुनिक तकनीक, स्मार्ट भवनों और दीर्घकालिक योजनाओं के माध्यम से विकास को गति मिल रही है।

पहले रेलवे का नजरअंदाज किया गया था, लेकिन अब यह भी इस परिवर्तन का हिस्सा बन चुका है। भारतीय रेलवे स्टेशनों को पहले केवल भीड़-भाड़ वाले, नीरस स्थान के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब इन्हें आधुनिक रूप में तब्दील किया जा रहा है। इनका उद्देश्य केवल एक यात्री के आवागमन की सुविधा नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक केंद्र और शहरों की पहचान के रूप में उभरना है। पहले जहां स्टेशन केवल यातायात का केंद्र थे, वहीं अब ये एक नई पहचान और उच्चतम मानक वाली सुविधाओं के साथ विकसित हो रहे हैं।

अमृत भारत स्टेशन परियोजना इस बदलाव का केंद्र बिंदु है। भारतीय रेलवे की अगुवाई में, इस परियोजना के तहत देशभर में 1,300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। यह सिर्फ भौतिक संरचनाओं और तकनीकी सुविधाओं को जोड़ने का काम नहीं, बल्कि यह भारत के सार्वजनिक स्थानों के प्रति दृष्टिकोण को बदलने की दिशा में एक कदम है।

इस परियोजना का उद्देश्य है कि रेलवे स्टेशनों को न केवल यात्री सुविधाओं के रूप में बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाए। पहले जहां रेलवे स्टेशन केवल एक बड़े पैमाने पर यात्रियों के आवागमन के स्थान होते थे, अब ये शहरों की पहचान और जीवनशैली के प्रतीक बन गए हैं। इन स्टेशनों को अब एक नए दृष्टिकोण से डिजाइन किया जा रहा है, जहां केवल ट्रेनों का संचालन ही नहीं, बल्कि लोगों के अन्य आवश्यक कामकाज भी पूरे होते हैं।

अमृत भारत स्टेशन परियोजना का प्रमुख उद्देश्य दीर्घकालिक विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। इसमें रेलवे स्टेशनों का मास्टर प्लान विकसित किया जा रहा है, जो न केवल यात्रियों की संख्या और यातायात को ध्यान में रखे, बल्कि हर स्टेशन के स्थानीय परिप्रेक्ष्य, संस्कृति और शहर के विकास की जरूरतों को भी समाहित करे। यह योजना प्रत्येक स्टेशन के लिए अनुकूल और जरूरी सुधारों की दिशा में अग्रसर है, ताकि यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक अनुभव मिल सके।

इसमें छोटे बदलावों से कहीं ज्यादा, रेलवे स्टेशनों को एक जीवंत सार्वजनिक स्थल में बदलने की प्रक्रिया है, जो परिवहन, खरीदारी, पर्यटन और सामाजिक मिलन केंद्र के रूप में कार्य करता है। अब इन स्टेशनों का डिज़ाइन ऐसी योजनाओं पर आधारित है, जो यात्रियों के आराम और उनकी सभी आवश्यकताओं का ख्याल रखे।

स्टेशनों के डिज़ाइन में पारंपरिक तत्वों के साथ-साथ आधुनिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण को भी शामिल किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि रेलवे स्टेशन न केवल अपनी सौंदर्यता से बल्कि अपनी उपयोगिता से भी लोगों के जीवन में योगदान करें। इसके अलावा, सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता और डिज़ाइन में सुधार, यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के लिए बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए दिव्यांगजनों और वृद्धों के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर और विशेष रास्ते बनाए जा रहे हैं। स्टेशन अब केवल आवागमन का स्थान नहीं रहेंगे, बल्कि वे सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र भी बनेंगे, जहां लोग सिर्फ यात्रा करने के लिए नहीं, बल्कि आनंद और विश्राम के लिए भी आएंगे।

अमृत भारत स्टेशन परियोजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, खुला और सभी के लिए सुलभ स्थान बनाना है, जहां हर व्यक्ति अपनी जरूरतों और अनुभवों के अनुसार सुविधाओं का लाभ उठा सके। इस परियोजना के माध्यम से भारतीय रेलवे की सोच में महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है, जहां यात्रा के स्थान को एक नए और समग्र दृष्टिकोण से देखा जा रहा है।

**(लेखिका भारतीय रेल की पूर्व अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।)**




## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके व्यक्तित्व और विचारशैली में परिवर्तन आयेगा। रिश्तेदारों और मित्रों को पर्याप्त समय देंगे। व्यापार कर रहे लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है।

**वृषभ**
किसी परिजन की बात आपको बुरी लग सकती है। सोशल मीडिया में आपको अनावश्यक चर्चाओं से बचना चाहिये। लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**मिथुन**
आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बहुत ही अच्छा है। बच्चों को कोई विशेष उपलब्धि मिल सकती है। आप साझेदारी वाले कार्य आरम्भ कर सकते हैं।

**कर्क**
आपके सभी कार्य सही दिशा में पूरे होते दिखेंगे। लोग आपकी भावुकता का लाभ उठा सकते हैं। विश्वसनीय मित्रों से आपको अच्छा लाभ मिलेगा।

**सिंह**
आपके सभी कार्य समय पर पूरे हो जायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर योजना बना सकते हैं। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कन्या**
उच्चाधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। मेहनत के अनुरूप परिणाम प्राप्त होंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आपका ध्यान नयी योजनाओं में लगेगा। विवाहोत्सुक युवतियों का विवाह तय हो सकता है। पैतृक व्यवसाय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में रुझान बढ़ेगा।

**वृश्चिक**
अपनी सोच सदैव सकारात्मक रखें। नये कार्यों की रूपरेखा बना सकते हैं। प्रबन्धन से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिलने के योग बन रहे हैं।

**धनु**
आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा। किसी अच्छी संस्था से जुड़ने या साझेदारी का अवसर मिल सकता है। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**मकर**
विरोधी आपके प्रति ईर्ष्या की भावना रख सकते हैं। आपको माता-पिता के प्रति अच्छा व्यवहार रखना चाहिये। आज टीवी और मनोरञ्जन के संसाधनों पर आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कुंभ**
नजदीकी मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध मजबूत होंगे। सभी की भावनाओं का सम्मान करें। महिलाओं के लिये आज दिन विशेष रूप से अच्छा रहेगा।

**मीन**
समाज सेवी संस्थाओं में आप विशेष योगदान दे सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम प्राप्त होंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

# रिफाइनरी ने किया आपदा से बचाव का रिहर्सल

## आपात स्थिति में कार्रवाई की तैयारियों का किया गया मूल्यांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में सोमवार को वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही की ऑनसाइट आपदा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड एवं अन्य संबद्ध वैधानिक संस्थाओं के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नियत अंतराल पर आयोजित की जाती है। जिसका उद्देश्य आपात स्थिति में कार्रवाई की तैयारियों का मूल्यांकन करना तथा संभावित कमियों की पहचान कर सुधार करना होता है। ड्रिल का नेतृत्व कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा ने किया। जो डिजास्टर कोऑर्डिनेटर की भूमिका में थे। अन्य प्रमुख अधिकारियों में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं मीडिया समन्वयक भास्कर हजारिका, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एवं मुख्य घटना नियंत्रक सुब्रत कुमार सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ और एचएसई) एवं सीआईसी सलाहकार हंसराज गणवीर तथा सीआईएसएफ, अग्निशमन एवं सुरक्षा विभाग की टीम भी शामिल थे। इस बार की मक ड्रिल का परिदृश्य एचजीयू -1 यूनिट रिफर्मर ट्यूब में विस्फोट से उत्पन्न स्थिति पर आधारित था। मॉक ड्रिल दोपहर 15:42 बजे प्रारंभ हुई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए (आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना) को सक्रिय किया गया। जब प्रारंभिक प्रयासों से आग पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका, तो 15:50 बजे लेवल-1 (प्रमुख अग्निकांड) की सायरन बजाई गई। 16:01 बजे अनसाइट डिजास्टर घोषित किया गया और लेवल-2 सायरन बजाई गई। तत्पश्चात, सभी आपातकालीन टीमों ने ईआरडीएमपी के अनुसार कार्रवाई करते हुए स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया। संपूर्ण स्थिति को 16:50 बजे तक नियंत्रण में ले आया गया एवं ऑल क्लियर सायरन बजाई गई। ड्रिल के उपरांत आपातकालीन नियंत्रण केंद्र में डिब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संजय रायजादा ने की। सत्र के दौरान सभी निरीक्षकों, प्रतिभागियों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा अनुभव साझा किए गए एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। जो भविष्य की आपात स्थितियों में और भी बेहतर प्रतिक्रिया सुनिश्चित करेंगे। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, बरौनी रिफाइनरी इस प्रकार की नियमित तैयारियों के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है कि रिफाइनरी में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा, संयंत्र की सुरक्षा तथा पर्यावरणीय संतुलन सर्वोच्च प्राथमिकता

## किशन बने दलसिंहसराय के नए एसडीएम

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी अनुमंडल में कार्यरत भूमि सुधार उप समाहर्ता डीसीएलआर किशन कुमार का तबादला कर दिया गया है। उन्हें अब समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय में एसडीओ के पद पर पदस्थापित किया गया है। उनके तबादले की खबर आने के बाद स्थानीय लोगों और अधिवक्ताओं के बीच मायूसी देखी जा रही है। किशन कुमार को एक बेहद सरल, सौम्य और न्यायप्रिय पदाधिकारी के रूप में जाना जाता था। वे जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते थे और जल्द समाधान की दिशा में प्रयासरत रहते थे। यही वजह रही कि कम समय में ही उन्होंने बखरी में एक लोकप्रिय प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बना ली थी। गौरतलब है कि बखरी में तकरीबन छह वर्षों से डीसीएलआर का पद रिक्त था।

## एक नजर

### सुलतानगंज की समस्याओं को लेकर की अधिकारियों से बात

**सुलतानगंज (भागलपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कांग्रेस नेता और पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता इन दिनों सुल्तानगंज के विभिन्न इलाकों में सघन जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने मंगलवार को कई क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से स्थानीय समस्याओं को जानने एवं समझनें की कोशिश की। उन्होंने बताया कि गनगनियाँ पंचायत के लोगों ने पानी की समस्या पर चर्चा की। दलित टोला के लोगों ने उन्हें बताया कि हमारे टोले में नल-जल योजना के अंतर्गत अब तक नल नहीं आया दूसरी ओर कुछ लोगों ने बताया कि पानी तो आता है लेकिन उसके निकासी का कोई रास्ता नहीं है। जनसमस्याओं के संदर्भ में आनन्द माधव नें जिला पार्षद आशा जयसवाल से भी मुलाकात की। इन समस्याओं के लेकर माधव ने सुलतानगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार से चर्चा की। उन्होंने समस्या के समाधान में अपना पूरा सहयोग देनें का आश्वासन दिया है। आनंद माधव ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद के अध्यक्ष राजकुमार गुड्डू और कार्यपालक अधिकारी मृत्युंजय कुमार से भी मिलकर सुलतानगंज की मुख्य समस्याओं की चर्चा की। दोनों का रूख सकारात्मक रहा।

### युवक की चाकू से गोद कर हत्या

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार मे समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर बाईपास रोड पर मंगलवार की सुबह पुलिस ने एक 30 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। जिसकी अपराधियों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि आज सुबह स्थानीय लोग जब टहल रहे थे तभी शहर के बहादुरपुर बाईपास रोड पर बहादुरपुर मोहल्ला निवासी महेश शर्मा का शव फेंका पाया गया। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस के अनुसार अपराधियों द्वारा युवक की चाकू से गोद-गोद कर नृशंस हत्या कर दी गई है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर समस्तीपुर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

समस्तीपुर **(नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी मोहल्ला के पास मंगलवार को एक 35 वर्षीय युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर रेल खंड के कर्पूरी ग्राम स्टेशन से एक मालगाड़ी समस्तीपुर की ओर आ रही थी तभी युवक ट्रैक पर लेट गया जिसमें उसकी कटकर मृत्यु हो गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जांच की। शव को समस्तीपुर सदर अस्पताल मे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के द्वारा 'आपका शहर आपकी बात' कार्यक्रम के तहत 'नगर जनसंवाद' का आयोजन वार्ड संख्या-32, पटना नगर निगम अंतर्गत पश्चिमी जगनपुरा के सामुदायिक भवन में किया गया.इस कार्यक्रम में स्थानीय वार्ड पार्षद पिंकी यादव, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी शुभम कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रंजन कुमार चौधरी एवं स्थानीय नागरिकगण शामिल हुए। जनसंवाद कार्यक्रम में पश्चिमी जगनपुरा, पूर्वी अशोक नगर एवं आर0 एम0 एस0 कॉलोनी के निवासियों ने नागरिक सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखें.नागरिकों द्वारा प्रमुख रूप से स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज एवं नाला निर्माण, सिवरेज व्यवस्था, कच्ची सड़कों के निर्माण, जलापूर्ति पाइप लाइन का विस्तार, स्ट्रीट लाइट एवं हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था पर जोर दिया गया। अतिक्रमण से मुक्ति, तालाब एवं पार्क निर्माण, वेंडिंग जोन की व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, वृक्षारोपण के साथ जलवायु परिवर्तन के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा हुई.स्थानीय लोगों ने संत गाडगे महाराज सामुदायिक भवन का जिर्णोद्धार एवं शौचालय निर्माण की मांग भी रखी.साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अस्थायी संप के स्थानीय संचालन को लेकर भी सुझाव प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में अधिकारियों ने समस्याओं पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# जिले की 44 योजनाओं का सीएम ने किया शिलान्यास




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार के नगर निकाय की योजनाओं का शिलान्यास पटना से किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के तहत बेगूसराय जिले में विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कारगिल विजय सभा भवन में आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा बेगूसराय जिला अंतर्गत कुल 44 योजनाओं का शिलान्यास विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से किया गया। जिसकी प्राक्कलित राशि 35.91 करोड़ रूपया है। मौके पर बेगूसराय नगर निगम अंतर्गत कुल 22.71 करोड़ रूपये की 30 योजनाएं, नगर परिषद बीहट अंतर्गत 3.36 करोड़ रूपये की 6 योजनाएं, नगर परिषद बखरी अंतर्गत 4.48 करोड़ रुपये की कुल 3 योजनाएं, नगर परिषद तेघड़ा अंतर्गत 99 लाख रूपये की एक योजना, नगर परिषद बरौनी अंतर्गत 1.99 करोड़ रूपये की 2 योजना एवं नगर परिषद बलिया अंतर्गत 2.34 करोड़ रुपये लागत की 02 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि नगर विकास आवास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में स्थानीय विधायकों द्वारा जो योजनाएं ली गई थी। उन योजनाओं की स्वीकृति उपरांत मुख्यमंत्री के द्वारा शिलान्यास किया गया है। इसके तहत आने वाले दिनों में शहर में सड़कों, पार्क आदि का निर्माण कराया जायेगा। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, विधायक बेगूसराय कुंदन कुमार, विधायक मटिहानी राज कुमार सिंह, महापौर नगर निगम, सहायक समाहर्त्ता अजय यादव, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम, कार्यपालक पदाधिकारी बीहट, बरौनी, बलिया, बखरी, तेघड़ा, परियोजना निदेशक बुडको, सिटी मैनेजर बेगूसराय सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# अब तीसरी आंख करेगी पंचायत की निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय के पंचायत नावकोठी की निगरानी सोमवार से तीसरी आंख से होना शुरू हो गया है।सोमवार को थाना परिसर में एसडीओ सन्नी कुमार सौरभ, बीडीओ चिरंजीव पाण्डेय, मुखिया राष्ट्रपति कुमार, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से सीसीटीवी कैमरा संचालन का उद्घाटन किया। पंचायत के 13 वार्ड के प्रमुख स्थानों पर जिसमें नावकोठी बाजार, चांदनी चौक, चौबट्टा, आयुर्वेदिक औषधालय, शिव मंदिर, हाई स्कूल, सीताराम पुस्तकालय चौक, थाना चौक, बैंक सहित 34 संवेदनशील स्थानों पर कैमरे लगाए गये हैं। एसडीओ बखरी श्री सौरभ ने बताया कि नगर निगम के तर्ज पर सार्वजनिक स्थल चौक चौराहे एवं धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने से विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को मदद मिलेगी। मुखिया राष्ट्रपति कुमार की दूरदृष्टि और जनोपयोगी योजना की तारीफ की। इस तरह की योजना दूसरे जनप्रतिनिधि के लिए नजीर है। एसडीओ ने अपराध नियंत्रण के लिए सभी पंचायत के मुखिया से अपने पंचायतों में कैमरा लगाने की अपील की। मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने बताया कि जनता से किये वायदे के आलोक में 15वीं वित्त योजना मद से इस कार्य की शुरूआत की गयी है। यह मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है। इससे पंचायत के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर निगरानी रहेगी। मुखिया ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में बैंक, डाकघर, पीएचसी, आयुर्वेदिक अस्पताल, थाना, शिक्षण संस्थान, विभिन्न धार्मिक स्थल, खेल मैदान, सड़कें, विभिन्न चौक चौराहे पर तीसरी आंखों का चौबीसो घंटा पहड़ा शुरूहो गया है। इससे विभिन्न प्रकार के छोटे-मोटे वारदात, चोरी छिनतई, अपराध, गैरकानूनी धंधे, महिला सुरक्षा, छेड़छाड़, दुर्घटना जैसी घटनाओं का खुलासा एवं इसपर नियंत्रण किया जा सकता है। इस अवसर पर सर्किल इंस्पेक्टर आनंद कुमार, अंचल अधिकारी सूरज कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी निधि प्रिया, सीडीपीओ मोनिका रानी, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, अपर थाना अध्यक्ष मनोज प्रसाद, सब इंस्पेक्टर कुंदन रजक, अनिल कुमार सिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि डा राजेंद्र शर्मा, अजय सिंह, विश्वनाथ दास, मो सलमान, शत्रुघ्न कुमार, महेश महतो, कृष्णनंदन कुमार, कन्हैया कुमार, नीतीश जायसवाल, रिशु कुमार आदि मौजूद थे।

# शहीद सुजीत के नाम पर होगा विद्यालय का नाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा ने मंगलवार को अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान बेगूसराय जिले के दोनों शहीदों के स्वजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त किया। इस दौरान जदयू कार्यकर्ताओं ने बुके भेंटकर, पुष्पों की माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। जिसके बाद बेगूसराय जदयू जिलाध्यक्ष रुदल राय, बरौनी प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष शंभू कुमार सिंह एवं पूर्व एमएलसी भूमिपाल राय, मुख्य पार्षद नगर परिषद बीहट बबीता देवी के अगुवाई में बरौनी प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत अमरपुर पंचायत वार्ड नंबर -8 निवासी झपस राय के 44 वर्षीय पुत्र शहीद जेसीओ सुजीत कुमार के घर पहुंच स्वजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त किया। वहीं जनता दल यू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा ने शहीद जेसीओ सुजीत कुमार के तैल चित्र पर श्रद्धा के दो पुष्प अर्पित कर अपनी ओर से श्रद्धा निवेदित किया। इस अवसर पर जदयू जिलाध्यक्ष रुदल राय, प्रखंड अध्यक्ष शंभू कुमार सिंह, नगर परिषद बीहट चेयरमैन बबीता देवी, पूर्व विधान परिषद सदस्य भूमिपाल राय, पूर्व जिप सदस्य श्रीराम राय, अधिवक्ता अवधेश राय, वरिष्ठ जदयू नेता अरुण कुमार महतो, विकास कुमार, प्रवीण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा ने शहीद सुजीत कुमार की धर्मपत्नी सिंधू देवी, माता शांति देवी, पिता झपस राय, पुत्री संध्या कुमारी, सोनम कुमारी, पुत्र प्रिंशु कुमार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सांगठनिक कार्यकर्ताओं से मिलकर शहीद सुजीत कुमार के व्यक्तिगत जीवन, व्यक्तित्व, पढ़ाई-लिखाई, सैन्य सेवा काल के जीवन का जानकारी प्राप्त की तथा शहीद जेसीओ सुजीत कुमार के बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा इन्हें उच्च एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाए। वहीं इसके साथ ही राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा ने अपने काफिले के साथ जिले के नावकोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत छातौना गांव निवासी शहीद के परिवार से मिलने के लिए रवाना हो गए।

# मुखिया हत्याकांड का अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी थाना क्षेत्र की समसा पंचायत की मुखिया हेमा मौर्य हत्याकांड के अभियुक्त ने पुलिस के साथ मुठभेड़ किया। जिसमे अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया। घायल मुख्य अभियुक्त बमबम महतो के पुत्र रणवीर महतो को पुलिस ने समसा से गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को बिहार एसटीएफ और बेगूसराय पुलिस के ज्वाइंट अपरेशन में अपराधी को दबोचा गया है। इस दौरान अपराधी रणवीर महतो ने पुलिस पर फायरिंग की। लिहाजा पुलिस की ओर से भी क्रास फायरिंग की गई। इस मुठभेड़ में अपराधी रणवीर महतो के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किया गया है। ज्ञात हो की 31 जनवरी 2020 को नावकोठी थाना क्षेत्र के समसा गांव में समसा पंचायत की मुखिया हेमा मौर्य की हत्या कर दी गई थी। प्रतिमा विसर्जन के दौरान बूढी गंडक नदी के घाट पर इस वारदात को अंजाम दिया गया था। घाट पर घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। हेमा मौर्य को आधा दर्जन से अधिक गोली मारी गई थी। इस हत्याकांड के बाद बेगूसराय में जमकर बवाल हुआ था। रणवीर महतो मुखिया हेमा मौर्य हत्याकांड का मुख्य आरोपी था। 11 फरवरी 2020 में ही तत्कालीन एसपी अवकाश कुमार की टीम ने रणवीर कुमार को समसा से गिरफ्तार किया था। तब अपराधी रणवीर महतो ने गोली मारने की बात स्वीकार की थी।

## सुधा डेयरी बूथ का उद्घाटन

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड परिसर बिक्रम में मुख्यमंत्री 7 निश्चय के तहत सुधा डेयरी बूथ का उद्घाटन बीडीओ पंकज कुमार, सीओ स्वयं प्रभा, सुधा डेयरी के विपणन पदाधिकारी संजय कुमार, पर्यवेक्षक तेजस्वी कुमार एवं रंजीत कुमार ने संयुक्त रुप से किया। बूथ के संचालक लवकुश कुमार ने कहा कि यहां सुधा का सभी सामान उचित मूल्य पर ग्राहकों को मिलेगा। शादी विवाह या अन्य पार्टियों में भी सुधा का ऑर्डर यहां लिया जाएगा। मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष, अभिषेक रंजन उर्फ मोंटी, बिक्रम ग्रामीण अध्यक्ष सतीश कुमार, पार्वती उच्च आदि थे।

# आशा, आंगनबाड़ी व रसोइयों को मिले सम्मानजनक वेतनमान : ऐक्टू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले की आशा, आंगनबाड़ी व रसोइया कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा और सम्मानजनक मानदेय देने की मांग को लेकर मंगलवार को समाहरणालय द्वार पर ऑल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन से संबद्ध संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ गोप गुट संबद्ध ऐक्टू, बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ, ऐक्टू तथा बिहार राज्य आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन ऐक्टू के संयुक्त बैनर तले

**प्रदर्शन**

सैकड़ों स्कीम कर्मी जुटे और सरकार से न्यूनतम 21 हजार रुपये मासिक मानदेय, पेंशन, बीमा, प्रोन्नति व सरकारी कर्मी का दर्जा देने की मांग की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ऐक्टू के जिला प्रभारी चंद्रदेव वर्मा ने कहा कि स्कीम वर्कर्स वर्षों से 50 से 100 रुपये प्रतिदिन जैसे अपमानजनक मेहनताने पर समाज के सबसे वंचित तबके की सेवा कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 2023 में सरकार ने आशा कर्मियों को 2500 रुपये मासिक देने का समझौता किया था, लेकिन आज तक लागू नहीं किया गया है, जो धोखाधड़ी है। आंदोलन को संबोधित करते हुए बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ गोपगुट संबद्ध ऐक्टू की जिलाध्यक्ष मंजू देवी, सचिव संगीता कुमारी, सुनीता कुमारी और बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ, ऐक्टू की जिलासचिव किरण देवी, सचिव बुलबुल कुमारी, आशा देवी, संजू देवी, बिमल देवी, बैजनाथ महतो ने केंद्र सरकार से मांग की कि सभी स्कीम वर्कर्स को सम्मानजनक वेतन व सरकारीकर्मी का दर्जा देने की घोषणा की जाए। जब तक यह नहीं होता, राज्य सरकार को 2023 के समझौते के अनुसार 2500 रुपये आशा कर्मियों को देना चाहिए। साथ ही रसोइयों को 3000 रुपये मासिक और आंगनबाड़ी सेविकाओं-सहायिकाओं को क्रमशः 18 हजार व 15 हजार रुपये मासिक मानदेय देने की घोषणा करे। प्रदर्शन के बाद नेताओं ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

# विलुप्त होता जा रहा है ग्रामीण महिलाओं का कंसार

## बदलते दौर में खाने-पीने की अभिरूचि ने बदल दी कंसार की सोंधी महक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बखरी।** गांव से धीरे धीरे विलुप्त होती जा रही ग्रामीण महिलाओ के स्वावलम्बी बनने का लघु उद्योग कंसार। कंसार एक पारंपरिक उद्योग है। जहां गांव की महिलाएं भूंजा भूंजने के लिए जमा होती थी। अपना व दूसरों के सुख-दुख को बांटती थीं। लेकिन बदलते दौर में खाने-पीने की अभिरूचि बदली और कंसार की सोंधी महक विलुप्त होने के कगार पर है। चाउमिन, पिज्जा, बर्गर जैसे फास्ट फूड ने मक्के, गेहूं ,चना सहित कई तरह के भूंजा की जगह ले ली है। आज भी बेगूसराय समेत बखरी क्षेत्र की गलियों से गुजरें तो कहीं कहीं कंसार के आसपास भूंजे हुए अनाज की सोंधी महक आपको आकर्षित कर सकती है। हालांकि अब इसकी संख्या बहुत कम रह गई है। लेकिन बखरी के मोहनपुर पंचायत के गंगरहो व प्रखंड के कुछ जगहों पर में इसकी महक मौजूद है। एक दशक पहले शाम ढलते ही कंसार पर महिलाओं का होता था जमावड़ा। लगभग 15 से 20 वर्ष पहले सभी गांवों में एक कंसार होते थे और वहां हरेक टोला मोहल्ले का महिलाएं दौरा सूप में अनाजों को लेकर जमा होती। लेकिन धीरे-धीरे विलीन हो रही इसकी संख्या। समाज की उपेक्षा के कारण आने वाले समय में कंसार विलुप्त हो जाने की आशंका है। माना जाता है कि परपरागत मक्के का उलवा, सत्तू के लिए, चना भूनने के साथ मक्का, चना, मटर, खेसारी, व गेहूं, के साथ अनेक प्रकार के अनाजों को भूनकर आहार के रूप में सेवन करते थे। चूंकि परम्परागत कंसार संचालन के लिए जलावन का अभाव होने लगा।कंसार संचालित करने के लिए आदिकाल से ही कंसारन निकट के जंगलों से जलावन लाया करती थी। अब जंगल लुप्त होने पर कंसार संचालन में काफी परेशानी हो रही है।कानू संघ के जिला संरक्षक कुंदन कानू कहते हैं कि लगातार उपेक्षा की वजह से मेहनती और सामाजिक, सांस्कृतिक धरोहर के मुख्य अंग कानू समाज को अब तक बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पाई है कंसार कारोबार अब विलुप्त होते जा रही इसलिए सरकार को इस वर्ग पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानू समाज को राजनीति से अलग रखा गया। विधानसभा व लोकसभा में कानू कंसारन का काम करने वाले लोगों को हिस्सेदारी नहीं दी गई है। इनकी आर्थिक स्थिति बद से बदतर है। कानू संघ के जिलाध्यक्ष बूटन कानू बताते हैं कि कंसार एक परंपरागत उद्योग है। कानू समाज के लोगों द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी इस व्यवसाय को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। लेकिन अब तक उपेक्षाओं के दंश झेल रहे इन समुदायों ने भी अपना हक व हिस्सेदारी को लेकर सरकार और समाज से कई मांग कर रहे हैं। इसमें सबसे प्रमुख है कंसार को लघु उद्योग धंधा का दर्जा देने का। अगर इसे कुटीर या लघु उद्योग का दर्जा मिल जाता है तो इससे जुड़े लोगों की परेशानी कम होगी।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** सोमवार को प्रगति भवन पटना में आवासीय भूमिहीन महिलाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता कंचन बाला ने महिलाओं के भूमि अधिकार के संदर्भ में कहा आज की दौड़ में महिला का सशक्त होना और आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। खासकर ग्रामीण परिवेश में रहने वाले भूमिहीन दलित महिलाएं जो खेतिहर मजदूर हैं उनको अपने घर की जमीन बहुत जरूरी है क्योंकि जमीन ना सिर्फ जीने का साधन है बल्कि जमीन इंसान के अस्तित्व और पहचान का प्रतीक हमारी पहचान हमारी जमीन से होती है और महिलाओं पर अत्याचार रोकने में जमीन की हकदारी बहुत जरूरी है। जमीन हमें इज्जत देती है जमीन हमें बराबरी का दर्जा देती है और जमीन हमारे अस्तित्व को समझ में बनती इसलिए सरकार को चाहिए की सही ढंग से बिहार का भूमिहीन परिवारों का सर्वेक्षण करा कर वैसे परिवार जिनके पास आवास की भूमि नहीं है उन्हें जमीन आवंटित करें और इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास और शौचालय भी उपलब्ध कारण हाल ही में सरकार द्वारा कराए गए सर्वे भैया पता चला है की बिहार में एक करोड़ परिवार के पास पक्का घर नहीं और 38 लाख परिवार आवासीय भूमिहीन है। प्रमुख समाजसेवी प्रदीप प्रियदर्शी ने कहा की हमारा संगठन पिछले कई वर्षों से महिलाओं के भूमि अधिकार को लेकर लगातार अभियान चला रहा है कुछ हद तक सफलता भी मिली है।

C M Y K

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर : विधायक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत पूरे बिहार के लिए कुल 1002 करोड़ की 1328 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इन योजनाओं में पूर्वी चंपारण जिला के लिए 35.22 करोड़ की लागत से 86 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के कार्यक्रम का पटना से लाइव प्रसारण कराया गया जिसके लिए पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में व्यवस्था कराई गई थी, जहां नगर विधायक प्रमोद कुमार, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, महापौर नगर निगम मोतिहारी प्रीति कुमारी, उप महापौर डॉक्टर लालबाबू प्रसाद गुप्ता, मुख्य पार्षद अरेराज नगर पंचायत अमितेश कुमार पांडे, उपमुख्य पार्षद नगर पंचायत चकिया सुभाष कुमार, उप मुख्य पार्षद अरेराज अहमद अली आजाद एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। नगर विकास के जिन योजनाओं की शिलान्यास आज की गई है उसमें नगर निगम क्षेत्र मोतिहारी के लिए कुल 16 करोड़ की 14 योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इन योजनाओं में विभिन्न वार्डों में मुख्य रूप से सड़क एवं नाला निर्माण का कार्य कराया जाएगा। पूर्वी चंपारण जिला के ढाका नगर परिषद अंतर्गत कुल 21 योजनाओं का शिलान्यास किया गया है, उसी प्रकार सुगौली नगर पंचायत अंतर्गत कुल 28 योजनाएं, पकड़ीदयाल नगर पंचायत अंतर्गत आठ योजनाएं, चकिया नगर पंचायत अंतर्गत तीन, रक्सौल नगर परिषद अंतर्गत कुल आठ योजना, केसरिया के लिए दो योजना सहित मेंहसी और अरेराज में एक-एक योजना का आज शिलान्यास किया गया है। शिलान्यास के लिए डीआरडीए परिसर में सभी योजनाओं की शिलापट्ट लगाई गई थी जिसका विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार के द्वारा रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज नगर निगम मोतिहारी सहित जिला के अन्य नगर परिषद/नगर पंचायत के विकास के लिए कुल 86 योजनाओं की सौगात दी गई है, जिसका पूर्वी चंपारण की जनता की तरफ से उन्होंने हार्दिक आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने कहा कि आज जिन योजनाओं का शिलान्यास मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया है उन सभी योजनाओं को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडे, डीआरडीए निदेशक डॉ कुंदन कुमार एवं जयराम चौरसिया, ढाका, सुगौली, पकड़ीदयाल, केसरिया, चकिया, रक्सौल, मेहसी और अरेराज नगर परिषद/पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मोतिहारी : यह धरती महात्मा गांधी की कर्मभूमि : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शनिवार को जिले के सुगौली प्रखंड स्थित बगही पंचायत पहुंचे जहां वे यहां समाजसेवी इंजीनियर परवेज मोहम्मद के आमंत्रण पर एक निजी कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यपाल के आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल था। राज्यपाल की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए थे। जिला प्रशासन और पुलिस के वरीय अधिकारियों ने स्वयं बगही पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। परवेज मोहम्मद के आवास और आस-पास के इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर तैनात थे करीब 11:30 बजे राज्यपाल का काफिला बगही पहुंचा, जहां इंजीनियर परवेज मोहम्मद एवं उनके परिजनों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। उन्हें पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में बगही पंचायत की सामाजिक सौहार्द और सुगौली की ऐतिहासिक विरासत की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह धरती महात्मा गांधी की कर्मभूमि रही है और आज भी यहां शांति, समरसता और परिवर्तन की चेतना विद्यमान है। उन्होंने परवेज मोहम्मद के सामाजिक योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे युवाओं की भूमिका देश के विकास में बेहद अहम है। कार्यक्रम के अंत में परवेज मोहम्मद ने राज्यपाल के प्रति आभार जताया और कहा कि यह दिन बगही पंचायत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होगा। सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, समाजसेवी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर

### मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए दिए गए रिश्वत का वीडियो वायरल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड कार्यालय के आरटीपीएस के एक कर्मी के द्वारा कार्यालय में रुपया लेन देन के मामले का वीडियो वायरल हुआ है, एक लडका के द्वारा सौ रूपए का नोट के साथ अन्य और नोट दिखाई दे रही है,जो चारों तरफ इस बात की चर्चा जोरों पर है, पत्रकारों ने इस आशय की जानकारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार से ली गई श्री कुमार ने बताया कि इस बात की जानकारी मिली है कि एक युवक के द्वारा रुपए दी जा रही मगर वह रुपए रिश्वत का नहीं है मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए अगर तीस दिन के अन्दर कोई प्रमाण पत्र बनवाता है तो उसे एक रुपए नहीं लगता है वहीं एक साल बीतने पर दस रुपए का शुल्क देय होता है, युवक को कार्यालय में बुलाकर पुछताछ किया गया तो उसने बताया कि मुझे दस रुपए शुल्क देय काटकर नब्बे रुपए वापिस किया गया, कोई रिश्वत की बात नहीं है, इस बाबत एक लिखित आवेदन दिया गया है।

### केसरिया का विकास मॉडल बना चचरी का पुल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केसरिया (पूर्वी चम्पारण)।** भारत में जहां एक तरफ बुलेट ट्रेन दौड रही है बड़े बड़े एक्स्प्रेसवे बन रही है वहीं केसरिया के पिछड़ेपन का आलम यह है कि आज भी लोग चचरी के पुल से नदी पार करने पर विवस एवं लाचार है। जिस केसरिया में विश्व के लाखों पर्यटक प्रत्येक वर्ष विश्व के सबसे उच्चा बौद्ध स्तुप देखने आते हैं उनको को आकर्षित करने के लिए सरकार लाखों करोड़ों खर्च कर रही है प्रत्येक वर्ष महोत्सव कर के क्षेत्र के समस्या सुनी जाती है मगर चिराग तले अंधेरा। अंग्रेज के जमाने से लोग चचरी पुल के सहारे हजारों परिवार दैनिक कार्य करते आ रहे हैं। कहने को तो क्षेत्र में विकास ढिंढोरा पिटा जा रहा है मगर विकास का माडल चचरी का पुल बन चुका है हालांकि चुनाव के समय सभी नेता पुल बनाने का वादा करता है मगर चुनाव खत्म वादा समाप्त, सभी दल, पार्टी के एमपी, विधायकों से लोग निराश हो चुके हैं।

### अगलगी से बचाव को लेकर पनटोका स्कूल में चला जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** अग्निशमन विभाग द्वारा अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, पनटोका में अगलगी से बचाव को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत स्कूली बच्चों, रसोइयों और ग्रामीणों को आग से बचाव के उपाय मॉक ड्रिल के जरिए सिखाए गए। अग्निशमन टीम ने गैस सिलेंडर से आग लगने की स्थिति में सतर्कता बरतने, सूती कपड़े या गीले गमछे से आग को ढंककर बुझाने, और आग लगने पर गैस सिलेंडर को तुरंत बाहर निकालने जैसी महत्वपूर्ण बातें विस्तार से बताईं। साथ ही, लोगों को आग लगने पर क्या करें और क्या न करें, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर अग्नि चालक सरोज कुमार, चिंटू कुमार सिंह, कुंदन कुमार, प्रभा कुमारी और अल्का कुमारी ने छात्रों से बातचीत कर उन्हें ज्वलनशील पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने आपातकालीन स्थिति में टोल फ्री नंबर 101, 102 या विभागीय नंबर 7485805982 / 7485805983 पर संपर्क करने की अपील भी की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुनेश राम ने बच्चों को आपदा प्रबंधन के टिप्स दिए और अग्निशमन टीम का आभार जताया। इस मौके पर छात्र विशाल कुमार, नब्या कुमारी, रुकैया खातून समेत कई छात्रों ने मॉक ड्रिल में भाग लिया। शिक्षक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, रूपा कुमारी व शिक्षा सेवक रूमन कुमारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### शराब पीने से मना करने पर युवक को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के कटकुईया गांव में सोमवार की रात शराब पीने से इनकार करने पर असामाजिक तत्वों ने एक युवक को गोली मार दी। युवक धीरज कुमार (20 वर्ष), पिता यादोलाल राय, को जांघ में गोली लगी है। घायल युवक का इलाज मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही चिरैया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपित गौतम कुमार के सेमरा स्थित घर पर छापेमारी की, लेकिन वह फरार हो गया।मिली जानकारी के अनुसार, गांव में जेसीबी से मिट्टी भराई का कार्य चल रहा था। इस दौरान कुछ लोग एक चबूतरे पर बैठकर शराब पी रहे थे और धीरज को भी शराब पीने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर विवाद बढ़ा और गुस्साए एक युवक ने उस पर गोली चला दी। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बताया कि अब तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ग्रामीणों से जानकारी जुटा रही है।

### अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिव भूषण कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रसव सेवा, परिवार नियोजन, भव्या पोर्टल, आयुष्मान भारत, टीबी, एचआईवी एवं अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। खासतौर पर डिजिटल पोर्टल पर काम की गति और गुणवत्ता को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक संजय कुमार, नीतीश कुमार, अनिल कुमार मंडल, राकेश कुमार, सुमन कुमारी, प्रियंका कुमारी और आरती कुमारी समेत कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# राष्ट्र सर्वोपरि की भावना भारतीय संस्कृति और परंपरा की है मूल आत्मा : कुलपति

## केविवि में राष्ट्र प्रथम' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार में 'राष्ट्र प्रथम' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं शिक्षकों में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को जागृत करना था। यह पहल उच्च शिक्षा संस्थानों की एक साझा मुहिम का हिस्सा है, जो 'नेशन फर्स्ट' की भावना को सुदृढ़ करने के लिए चलाई जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसके पश्चात स्वागत भाषण विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रोफ़ेसर अत्तात्रण पाल द्वारा दिया गया। उन्होंने उपस्थित जनों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर संजय श्रीवास्तव ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि – राष्ट्र सर्वोपरि की भावना भारतीय संस्कृति और परंपरा की मूल आत्मा है। जब हम अपने कर्तव्यों में राष्ट्र को प्राथमिकता देते हैं, तभी एक समावेशी, प्रगतिशील और समृद्ध भारत का निर्माण संभव है। विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है। हमें अपने विचार, व्यवहार और कार्यों में हमेशा राष्ट्रहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके उपरांत गांधी और शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. जुगल किशोर दाधीच द्वारा 'राष्ट्र प्रथम' की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बब्लू पाल (सहायक प्रोफ़ेसर, संस्कृत विभाग) द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस पूरे आयोजन की समन्वयक थी। डॉ. मनीषा रानी (सहायक प्रोफ़ेसर, शिक्षा संकाय) राजकुमार शुक्ला सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी, अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हुलासगंज में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

## देशभक्ति के रंग में डूबा बाजार, भारतीय सेना के शौर्य को किया नमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में मंगलवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के उपलक्ष्य में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। देशभक्ति के रंग में रंगी यह यात्रा लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरू होकर पटना-गया मुख्य मार्ग, बाजार व थाना मार्ग से होते हुए उत्तीमपुर तक निकाली गई। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और पराक्रम को सम्मान देना था। इसमें सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्र-छात्राओं और आमजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान लोगों के हाथों में लहराता तिरंगा और गूंजते देशभक्ति नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा हुलासगंज मंडल अध्यक्ष रणधीर कुमार ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से सामाजिक कार्यकर्ता श्री कृष्णकांत शर्मा, परमात्मा शर्मा, कविंद्र प्रजापति, वेंकटेश कुमार, रौशन कुमार, राहुल जी, अखिलेश पंडित, सौरभ कुमार, रत्नेश कुमार, विजय शर्मा, हरेंद्र चंद्रवंशी, रामनिवास चंद्रवंशी, धर्मेंद्र मांझी, बिट्टू कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महत्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** उत्तर बिहार स्थित प्रतिष्ठित महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी ने शैक्षणिक सत्र 2025S26 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अधिसूचना जारी कर दी है। जिन अभ्यर्थियों ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (एठक्ठ-घ्क्क) 2025 में भाग लिया वे विश्वविद्यालय के समरथ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण की प्रक्रिया 19 मई 2025 से आरंभ हो चुकी है और 28 मई 2025 तक चलेगी। शिक्षा में गुणवत्ता और अनुसंधान-प्रधान दृष्टिकोण को निरंतर बढ़ावा देते हुए विश्वविद्यालय विज्ञान, मानविकी, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य एवं प्रबंधन जैसे विविध विषयों में कुल 19 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान करता है। प्रत्येक पाठ्यक्रम में 33 सीटें निर्धारित हैं, जबकि एम.बी.ए. (प्रबंधन) पाठ्यक्रम में 50 सीटें उपलब्ध हैं। समर्पित शिक्षकों और निरंतर बढ़ती राष्ट्रीय पहचान के साथ एमजीसीयू मोतिहारी को भारत के शैक्षणिक मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित कर रहा है। विज्ञान संकाय में - विश्वविद्यालय फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स, बॉटनी, जूलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी में एम.एससी. पाठ्यक्रम संचालित करता है, जो गहन ज्ञान और अनुसंधान के अवसर प्रदान करते हैं। कला एवं मानविकी संकाय में- हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, गांधी एवं शांति अध्ययन, सामाजिक कार्य तथा शिक्षा विषयों में एम.ए. पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जो मानवीय समाज और संस्कृति की गहन समझ को विकसित करने में सहायक हैं।

# अपशिष्ट जल प्रबंधन हेतु प्रभावी पहल : उप विकास आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर मंगलवार को उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार द्वारा प्रखंड मखदुमपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहरा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत तरल/धूसर जल के समुचित निपटान हेतु प्रस्तावित डब्ल्यू.एस.पी. (वेस्ट वॉटर स्टैबलाइजेशन पॉन्ड) तकनीक के लिए चयनित स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि पंचायत के लगभग 500 घरों से निकलने वाला अपशिष्ट जल एक स्थान पर एकत्रित होकर गंदगी फैला रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस संदर्भ में उप विकास आयुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि 10 जून 2025 तक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए डब्ल्यू.एस.पी. निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि पंचायत को जल्द से जल्द इस समस्या से मुक्ति दिलाई जा सके। श्री कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि अपशिष्ट जल स्थिरीकरण तालाब के निर्माण से एक ओर जहां जलजनित बीमारियों और मच्छरजनित समस्याओं में कमी आएगी, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को सब्जी उत्पादन जैसे कृषि कार्यों में सिंचाई के लिए उपयोगी जल सुलभ होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फ़ेज-2 के अंतर्गत पंचायत को सम्पूर्ण स्वच्छ बनाना प्रशासन का प्राथमिक लक्ष्य है। निरीक्षण के दौरान जिला सलाहकार (ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन) पिंकु कुमार, जिला समन्वयक माधवेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मखदुमपुर, प्रखंड समन्वयक तथा कोहरा पंचायत के मुखिया भी उपस्थित रहे।

# ज्योति कलश रथ के सम्मान में गायत्री परिवार ने किया रोड शो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार के जहानाबाद इकाई के द्वारा जिले में ज्योति कलश रथ के आगमन पर उनके सम्मान में रोड शो का आयोजन किया गया, जिसमें गायत्री परिवार के सैकड़ों परिजनों ने भारी उत्साह से भाग लिया और आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा और माता भगवती देवी शर्मा के जन जन तक गायत्री मंत्र और हर व्यक्ति में सद्बुद्धि के प्रसार और लोगों में देवत्व का भाव उत्पन्न करने के किए गए आवाहन हेतु संकल्पित दिखे। इस मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि गायत्री परिवार की संरक्षिका गुरु पत्नी माता भगवती देवी शर्मा के अवतरण शताब्दी और वर्ष 1926 में प्राकट्य हुए अखंड दीप के 2026 में आयोजित होने वाले प्राकट्य शताब्दी के उपलक्ष्य में ज्योति कलश यात्रा का भ्रमण जिले में अयोजित किया गया। जिसके सम्मान में जहानाबाद निजामुद्दीनपुर से रोड शो प्रारंभ हुआ जो काको मोड़, अरवल मोड़, हॉस्पिटल मोड़, अंबेडकर चौक होते हुए जहानाबाद गांधी मैदान पहुंची, जहां विधि विधान से अन्य कार्यक्रम संपन्न हुए। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि हरीजी, मुख्य ट्रस्टी शारदा नंदन सिंह, युवा संयोजक रंगेश कुमार, मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार, शांतिकुंज प्रतिनिधि सुजीत कुमार, कमलेश कुमार, परिव्राजक मुकेश कुमार, व्यवस्थापक कौशल कुमार, शंकर कुमार, संतोष शर्मा, मुन्ना कुमार,सुप्रिया कुमारी, रिंकू देवी, प्रतिमा सिंह, बेबी देवी, उम्दा देवी, लकी देवी एवं सैंकड़ों की संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित थे।

# आशा कार्यकर्ताओं ने मानदेय बढ़ोतरी आदि मांगो को ले की हड़ताल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**चकिया(पूर्वी चम्पारण)।** बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ,गोप गुट द्वारा मानदेय प्रोत्साहन राशि में वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल परिसर स्थित ओपीडी भवन के मुख्य द्वार पर आशा कार्यकर्ताओं व आशा फैसिलिटेटर ने पांच दिवसीय हड़ताल शुरू की। हड़ताल 24 मई तक चलेगी। उनकी मांगो में कहा गए है कि वर्ष 2023 में 32 दिवसीय हड़ताल के क्रम में आशा कार्यकर्ता, फैसिलिटेटर के मासिक मानदेय राशि एक हजार रुपये को बढ़ाकर 2500 रुपये करने का निर्णय लिया गया था। दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इसे लागू नहीं किया गया है। इस समझौते की बढ़ी हुई राशि को कम से कम 10,000 रुपये के साथ लागू की जाए। इसके साथ ही विभिन्न कार्यों के लिए वर्षों पूर्व तय राशि में केंद्र सरकार के द्वारा करीब 10 साल में कोई पुनरीक्षण बढ़ोत्तरी नहीं की गई है सहित अन्य मांग है।

# शराब के साथ चार कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी।** टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत उत्पाद थाना सदर की टीम ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में चुलाई शराब के साथ एक मोटरसाइकिल व चार कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह मद्यनिषेध सदर थानाध्यक्ष लालू कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत टीम ने बंजरिया थाना क्षेत्र के चैलाहां हिरन में छापेमारी कर 50 लीटर चुलाई शराब के साथ एक मोटरसाइकिल सहित दो कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी थाना क्षेत्र के चैलाहां गांव निवासी शिवजी कुमार व छबीला कुमार बताया गया है वहीं मुफसिल थाना क्षेत्र के ढेकहां बाजार पर छापेमारी कर 10 लीटर चुलाई शराब के साथ कारोबारी प्रमोद पासवान को दबोच लिया है जबकि तुरकौलिया थाना क्षेत्र के शंकर सरैया में छापेमारी कर 15 लीटर चुलाई शराब के साथ कारोबारी बीर बहादूर साह को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। दूसरी तरफ उत्पाद टीम की उक्त कार्रवाई से कारोबारियों में हडकम्प मच गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त अभियान लगातार जारी रहेगा। छापेमारी में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष श्री कुमार के अलावे दारोगा धर्मेन्द्र झा जमादार मनोज पासवान, लव पासवान शामिल थे।

# 'पोषण भी पढ़ाई भी' प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेहसी (पूर्वी चम्पारण)।** बाल विकास परियोजना मेहसी के अंतर्गत 'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम के तहत बस स्टैंड स्थित एक अग्रहरि विवाह भवन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। परियोजना पदाधिकारी श्वेता सिंह ने जानकारी दी कि यह प्रशिक्षण 17 मई 2025 से आरंभ हुआ है और दो बैचों में संचालित हो रहा है। पहले बैच का आज अंतिम दिन रहा, जबकि दूसरा बैच 21 मई से शुरू होगा। इस प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और समग्र विकास पर केंद्रित सामग्री प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण किट में 'आधारशिला' और 'नवचेतना' नामक पुस्तकें शामिल हैंद्यआधारशिला' पुस्तिका 3 से 6 वर्ष के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और विकास पर केंद्रित है, वहीं 'नवचेतना' 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर आधारित है। श्रीमती सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पोषण के साथ-साथ शिक्षा को भी प्राथमिकता देना है, जिससे बच्चों के संपूर्ण विकास की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 19.05.2025,** वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं.1, ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_25-26_17_ओटी, दिनांक : 16.05.2025, कार्य का नामः** पीरपैंती-शिवनारायणपुर स्टेशनों के बीच लक्ष्मीपुर भोरंग हॉल्ट में आईबीएस का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 3,30,96,738.40, **बयाना राशिः** रु. 3,15,500/-, **क्रम सं.2, ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_25-26_18_ओटी, दिनांक : 16.05.2025, कार्य का नामः** तिलडांगा-बोनीडांगा स्टेशनों के बीच बिंदुबासिनी हॉल्ट में आईबीएस का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 3,11,53,268.08, **बयाना राशिः** रु. 3,05,800/- **क्रम सं.3, ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_ एसएनटी_25-26_19_ओटी, दिनांक : 16.05.2025, कार्य का नामः** नाथनगर-अकबरनगर स्टेशनों के बीच छिटमकंदपुर हॉल्ट में आईबीएस का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 3,16,98,865.36, **बयाना राशिः** रु. 3,08,500/-, **क्रम सं.4, ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_25-26_20_ओटी, दिनांक : 16.05.2025, कार्य का नामः** मणिग्राम-महिपाल रोड स्टेशनों के बीच नवपाड़ा महिषासुर हॉल्ट में आईबीएस का प्रावधान । **निविदा मूल्यः** रु. 3,15,03,375.68, **बयाना राशिः** रु. 3,07,500/-, **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 24.05.2025 से 07.06.2025 को 11.00 बजे तक (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः** वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** और सूचना पटः वरिष्ठ डीएसटीई का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा। MLD-64/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बीस सूत्री की बैठक में छाया रहा भ्रष्टाचार का मुद्दा

## 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में कई अहम मुद्दों पर हुआ गहन मंथन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय के बहुउद्देशीय भवन में मंगलवार को 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री के अध्यक्ष सह भाजपा कुटुंबा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार तथा संचालन बीस सूत्री के उपाध्यक्ष सह जदयू के प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने कहा कि समिति का उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की विकासोन्मुखी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना और उसका सफल क्रियान्वयन और अनुश्रवण करना है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों से अपने क्षेत्र में सक्रियता से कार्य करने की बात कही और प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं पदाधिकारियों के गैरजिम्मेदाराना कार्यशैली का मुद्दा छाया रहा। सदस्य हीरा सिंह ने मनरेगा, खाद्य आपूर्ति तथा पीएचइडी विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित कई सवाल पूछे परंतु पदाधिकारियों ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। अन्य सदस्यों ने श्रम इंस्पेक्टर पर कार्यालय से गायब रहने, आवास योजना में पैसों की उगाही, खाद्य आपूर्ति तथा अंचल कार्यालय में परिमार्जन में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। सदस्य हिमांशु शेखर ने वर्मा पंचायत में अर्द्धनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण तथा सार्वजनिक शौचालय बनाने की मांग रखी। अध्यक्ष ने मांग पत्र के माध्यम से अंबा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने, अंबा बाजार में जाम की समस्या को देखते हुए चारों रोड में बस एवं ऑटो रिक्शा स्टैंड को वर्तमान जगह से 200 मीटर आगे कराने, सभी पंचायत में कचरा उठाव शुरू करने, चारों रोड में शौचालय के निर्माण, पंचायत में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने तथा नल जल योजना पूर्ण रूप से धरातल पर क्यों नहीं उतर पाई इसके जांच कराने की मांग की है।

### अवैध निजी क्लीनिक तथा बीज वितरण एजेंसी को हटाने के मांग

बैठक में सदस्यों ने कहा कि कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों अवैध निजी क्लिनिक तथा जांच घर का संचालन किया जा रहा है। झोला छाप डॉक्टर मरीज की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आए दिन झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से मरीजों की मौत की घटनाएं घटती रहती है। लेकिन उन पर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं की जाती है। सदस्य हीरा सिंह ने बताया कि दोमुहान पूल के समीप अर्चना हड्डी अस्पताल का संचालन झोलाछाप चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध निजी क्लिनिकों को अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। जांच के नाम पर खानापूर्ति की जाती है जिसके कारण अवैध निजी क्लीनिक का संचालन बंद नहीं हो पा रहा है। इस दौरान सभी सदस्यों ने एक स्वर में बीज वितरण एजेंसी, किसान बीज भंडार एवं लक्ष्मी बीज भंडार को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों बीज भंडार के प्रोपराइटर अरविंद सिंह हैं। जो हमेशा बीज वितरण में गड़बड़ी करते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार मूंग के वितरण में भी अनियमितता बरती गई है। इससे पहले भी चना के वितरण में ओटीपी लेकर किसानों के बीज नहीं दिया गया था। उन्होंने बीज वितरण के लिए दूसरी एजेंसी बहाल करने की मांग की है।

# प्रखंड सभागार में 'पोषण भी- पढ़ाई भी' प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर (भोजपुर)।** सीडीपीओ कार्यालय कोईलवर द्वारा प्रखंड सभागार में 'पोषण भी, पढ़ाई भी' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीपीओ कोईलवर सुषमा कुमारी द्वारा दीप जलाकर किया गया। सीडीपीओ ने बताया कि सभी कार्यरत सेविकाओं को दो बैच में तीन दिवसीय प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जाएगा। जिसमे पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'पोषण भी पढ़ाई भी' प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण लगभग 205 सेविकाओं को दिया जाएगा। जिसकी मोनिटरिंग ऑनलाइन विभाग द्वारा किया जा रहा है। प्रखंड समन्वयक चन्दन कुमार ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत 0 से 3 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यकाल एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों में प्रारभिक शिक्षा को शुद्धिकरण को लेकर सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम सिर्फ बच्चो को पढाई नही बल्कि पोषण के साथ स्वस्थ्य रहने के लिए आवश्यक पोषण की भी आवश्यकता होती है, इसकी जानकारी प्रदान करता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पूरे देश मे पोषण एवं प्रारम्भिक बचपन के शिक्षा में सुधार के उद्देश्य से कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सेविका को बताया जा रहा है। जैसे बाल गीत, पोषण के साथ पढ़ाई, खेल खेल में पढ़ाई आदि। बच्चों के समग्र विकास हेतु आंगनबाड़ी सेविका की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। वही महिला पर्यवेक्षिका द्वारा बताया गया कि बच्चों में 90% विकास 0 से 6 वर्ष तक के आयु तक होता है, जिसमे हम सभी को इस आयु में बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका अंजू कुमारी, रक्षा गुप्ता, विजया श्रीवास्तव, विभा कुमारी, रिंकी कुमारी, मंजू कुमारी एवं पिरामिल फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ईवीएम ऐप से बाल संसद का मतदान संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय धनावां में बाल संसद चुनाव के लिए ईवीएम ऐप से मतदान कराया गया। बाल संसद अंतर्गत 14 सदस्य जिसमें 7 मंत्री और 7 उपमंत्री होंगे जो प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, जल एवं पर्यावरण मंत्री, खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री, पुस्तकालय मंत्री और बाल सुरक्षा मंत्री के पद पर कक्षा 6 से 8 के उम्मीदवार बच्चों के लिए वोट डाला गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार के नेतृत्व में शिक्षक रंजीत कुमार, शिक्षिका शाहिदा प्रवीण, अख्तरी खातून, शम्मा प्रवीण, फरजाना प्रवीण, कहकशां खातून एवं नवनियुक्त शिक्षिका रिचा कुमारी के सहयोग से ईवीएम ऐप के द्वारा मतदान संपन्न कराया गया। सभी वोटर बच्चे पंक्तिबद्ध होकर अपने आधार कार्ड के साथ एक मतदाता पर्ची लिए रहें जिसमें उनका नाम, कक्षा और क्रमांक अंकित था, मतदान किए। इस मौके पर प्रखंड के डेमो विद्यालय के प्रशिक्षक अभय कुमार ने अपना सहयोग प्रदान करते हुए पूरी चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न करवाया। उन्होंने बताया कि बाल संसद के सदस्य विद्यालय के प्रबंधन, कक्षा-कक्ष में बेहतर शैक्षणिक माहौल स्थापित करने एवं स्वयं के अंदर नेतृत्व कौशल जगाने एवं जिम्मेदारी उठाने में अधिक से अधिक सहायता प्रदान करेंगे।

# ग्रामीण खेल विकास को मिली नई गति, 103 खेल मैदान का निर्माण पूर्ण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले में खिलाड़ियों के खेल मैदान का निर्माण तेजी हो रहा है। अभी तक 100 से अधिक मैदान बनकर तैयार हो गये है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से देहाती क्षेत्र में मैदान चकाचक दिखने लगा है। यह कार्य जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत हुआ है। जिले में खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में 14 प्रखंडों में कुल 164 खेल मैदानों की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 103 का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इन मैदानों में युवाओं के लिए बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन कोर्ट तथा रनिंग ट्रैक जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। इन खेल मैदानों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और खेल संस्कृति को नई दिशा और प्रोत्साहन मिलेगा।

# मंदिर से एलसीडी की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के शंकरपुर गांव स्थित देवी मंदिर में बीती रात चोरी होने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि मंगलवार को सुबह पूजा करने महिलाएं मंदिर में गई तो देखा की मंदिर में लगा सीसीटीवी का एलसीडी और मंदिर में लगा घंटी गायब है। इसकी ग्रामीणों को जानकारी मिली तो जितने लोग उतने तरह की चर्चा होने लगी। ग्रामीण बताते हैं कि चोर मंदिर को भी नहीं छोड़ रहा है। जानकारी के अनुसार एक विवाद के बाद अमझरशरीफ पंचायत के सभी मंदिरों में सीसीटीवी लगाया गया था। जदयू अनुसूचित प्रकोष्ठ के गुडु पासवान ने कहा कि धार्मिक स्थल पर चोरी होना दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। इसके पहले पहरपुरा मंदिर में भी सीसीटीवी चोरी हुई थी। अब तक चोरी की उद्भेदन करने में पुलिस नाकाम है।

## मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मारपीट मामले में एक अभियुक्त को मदनपुर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के जलवन निवासी उदय कुमार यादव के रूप में की गई है। इसके खिलाफ पूर्व में भी मामला दर्ज करवाया गया था जिसमें वह फरार चल रहा था। इसी क्रम में आज वह पकड़ा गया।

# दावां और चकवां पंचायत में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** भोजपुर प्रखंड क्षेत्र के आदर्श ग्राम पंचायत दावां के कोइलारा गांव और चकवां पंचायत के दीघा गांव में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाएं अवगत हुईं। इस दौरान अधिकारियों ने महिलाओं से फीडबैक भी लिया। एसडीएम संजीत कुमार ने महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रांति कुमार, अंचलाधिकारी विश्वजीत नीलांकर, मुखिया सुषम्लता, बीपीएम सत्येंद्र कुमार जीविका दीदियों के साथ ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही।

### सीएमआर आपूर्ति चावल की समीक्षा बैठक


**जगदीशपुर (भोजपुर)।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को एसडीएम की अध्यक्षता में सीएमआर आपूर्ति चावल की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में 31 मई तक जगदीशपुर में 65-70% सीएमआर चावल आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया। एसडीएम ने बताया कि 15 जून तक सीएमआर आपूर्ति अनिवार्य है, उदासीनता बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौकीर किब्रिया, एमओ अमृता कुमारी आरती कुमारी, सहकारिता पदाधिकारी और पैक्स अध्यक्ष मौजूद थे।

# परिजनों से मिल दी सांत्वना

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि भाकपा माले का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार सुबह मोती टोला में बिरजू राम के परिजनों से मुलाकात करने सुदामा राम के घर पहुंचा। ज्ञात हो कि 18 मई 2025 अपराधियों द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। सुदामा राम और उनकी पत्नी से मिलकर प्रतिनिधिमंडल घटना की जानकारी ली। क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि नीतीश भाजपा राज में लगातार महादलितों पर हमले तेज हो गये है। आज का बिहार अपराधी राज में तब्दील हो गया है।

# न्याय के साथ विकास का कार्य करना लक्ष्य : विधायक

## कोईलवर में बीस सूत्री कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर (भोजपुर)।** प्रखंड बीस सूत्री के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने मंगलवार से कोईलवर में विधिवत अपना कार्यभार संभालते हुए कामकाज शुरू किया। इसके पहले बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कोईलवर प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि न्याय के साथ विकास का कार्य अनवरत चलता रहेगा। राज्य सरकार की तमाम योजनाओं को धरातल पर उतार कर गरीबों की सेवा करना ही हमारा धर्म होगा। हम सभी सदस्य टीम भावना के साथ मिलकर गरीबों को उनका हक उनके घर तक पहुंचाने का काम करेंगे। मौके पर बीस सूत्री के अध्यक्ष संजीत रजक, उपाध्यक्ष जय शंकर सिंह, बीडीओ बीरबहादुर पाठक, सीओ प्रियंका कुमारी सहित राकेश शर्मा, श्याम प्रकाश बिन्द, सबिता सिंह, संजय कुशवाहा, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव व विभिन्न राजनीतिक दलों के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बीस सूत्री की बैठक में कई विभागों की हुई समीक्षा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड सभागार में प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति बीस सूत्री की बैठक मंगलवार को की गई। अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष शुभम पांडेय ने किया। बैठक में आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, मनरेगा, स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल जल, परिमार्जन, दाखिल खारिज, कृषि, आपूर्ति, बिजली विभाग, जीविका की समीक्षा किया गया। निर्देश दिया गया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है एवं जिस विभाग के पदाधिकारी बैठक में अनुपस्थित थे उनसे स्पष्टीकरण की मांग किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपिका गखड, बीस सूत्री उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, कृषि पदाधिकारी कन्हैया सिंह, बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति सदस्य संतोष सिंह संटू, करोड़पति सिंह, सुमित कुमार, विनोद कुमार, देवकांत सिंह, टुनटुन महतो, गोविंद गोंड, मिथलेश पासवान, राजेश ठाकुर, बसंत कुमार आदि उपस्थित थे।

# कोरम के अभाव में प्रखंड नियोजन समिति की बैठक स्थगित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड नियोजन समिति की बैठक आयोजित की गई, लेकिन कोरम पूरा नहीं होने एवं समिति का प्रोसिडिंग रजिस्टर नहीं मिलने के कारण बैठक स्थगित किया गया। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह ने बताया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) औरंगाबाद के आदेश के आलोक तथा जिला अपीलीय प्राधिकार औरंगाबाद द्वारा वाद संख्या 111/2010 दिनांक 20/10/2011 के तहत पारित आदेश के अनुपालन हेतू तथा शिक्षकों के समस्या सम्बन्धी प्राप्त आवेदन के निष्पादन हेतु नियोजन समिति की बैठक बुलाने हेतु 15 मई 2025 को ही पत्र निर्गत किया गया था। बावजूद बैठक में बीपीआरओ एवं बीईओ बैठक में उपस्थित नहीं हो सके साथ ही पूर्व के बैठक का प्रॉसिडिंग रजिस्टर उपलब्ध नहीं हो सका, जिसके कारण बैठक नहीं हो सका। इसकी सूचना जिला पदाधिकारी को भेजा जा रहा है। बीडीओ उपेन्द्र कुमार दास ने बताया कि कोरम के अभाव में प्रमुख द्वारा बैठक स्थगित किया गया है।

● **गोह (औरंगाबाद)।** सोमवार को देवकुंड थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल चोरी का है। जब थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने चोरी की बाइक का सत्यापन किया तो सही पाया। उन्होंने बताया कि देवकुंड निवासी बैधनाथ चंद्रवंशी के घर से एक स्पलेंडर प्लस बाइक को जब्त कर थाना लाया है। जिसमें आरोपित घर छोड़कर फरार है। चोरी बाइक के मामले में कांड संख्या 21/25 दर्ज कर बैजनाथ चंद्रवंशी को आरोपित किया गया है।

# चोरी की बाइक बरामद आरोपित फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चोरी की एक स्पलेंडर बाइक देवकुंड थाना की पुलिस द्वारा बरामद किया गया हैं। जबकि आरोपित फरार हो गया। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के देवकुंड गांव में की गई, जहां बैद्यनाथ राजवंशी के घर से बाइक बरामद किया गया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बीते 9 मई को बाइक चोरी के संबध में अरवल जिले के एक व्यक्ति ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें आज खोजबीन के दौरान बाइक बरामद किया गया। जबकि आरोपित फरार है। पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयासरत है।


**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह**
**(Email id:- eegoh1@gmail.com)**

पत्रांक :–535

**(औरंगाबाद–जिला अन्तर्गत)**

**आम–सूचना**

औरंगाबाद जिला अन्तर्गत ग्राम–भलूआर, थाना सं0–219, अंचल–गोह अन्तर्गत पुनपुन बराज परियोजना हमीदनगर निर्माण कार्य हेतु बिहार राज्य रैयत लीज नीति 2014 के तहत भूमि अधिग्रहण किया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | अभिलेख वाद सं0 | रैयत का नाम | मौजा | थाना सं0 | खाता सं0 | खेसरा | रकवा (एकड़ में ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02/17–18 | मो0 मुस्तफा अंसारी वो मुर्तजा अंसारी, पिता–स्व0 इदरीश अंसारी | भलूआर | 219 | 89 | 229 | 0.90 |

अंकित रैयतो से अनुरोध है कि इस नोटिस के प्रकाशन होने कि तिथि से पन्द्रह दिनों के अन्दर बिहार रैयत भूमि लीज नीति 2014 के प्रावधानान्तर्गत सतत् लीज पर भूमि प्रदान करने एवं मुआवजा प्राप्त करने की सहमति अद्योहस्ताक्षरी को समर्पित करें। साथ ही यह सूचना उन सभी व्यक्तियों के लिए भी जारी की जाती है, जिसका सम्बंध इससे हो, अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के सम्बंध में कोई दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्रों में प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर अपना दावा या आपत्ति लिखित रूप में साक्ष्य के साथ कार्यपालक अभियन्ता, पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा भविश्य में कोई भी दावा/आपत्ति का मान्य नही होगा।

इसे अति आवश्यक समझें।

**(ई0 राजू कुमार)**
**कार्यपालक अभियन्ता**
**पुनपुन बराज प्रमण्डल–01,गोह**

**PR. No. 003844 (WRD) 2025-26**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**



बिहार सरकार

**कार्यालय नगर पंचायत, देव (औरंगाबाद)**

**आम सूचना**

मा0 मुख्य पार्षद,नगर पंचायत देव की अध्यक्षता में दिनांक–19.04.2025 को पार्षदों की सामान्य बैठक के प्रस्ताव संख्या–3(ii)से 3(iv)में पारित निर्णय के आलोक में नगर पंचायत देव क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डों में बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 की धारा 127 बिहार नगरपालिका संपति कर (निर्धारण,संग्रहण और वसूली) नियमावाली 2013 के अंतर्गत संपत्ति कर लागू करने हेतु सड़कों के वर्गीकरण एवं न0वि0 एवं आ0वि0के पत्रांक–3135, दिनांक– 30.12.2013 आदेश के आलोक में राज्य सरकार द्वारा पूर्व से वर्णित संपत्ति कर के 27 कोष्टक दर तालिका को नगर निकाय के जनसंख्या के आधार पर स्वीकृत प्रदान की जाती है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है–

**सड़कों का वर्गीकरण–**

- **प्रधान मुख्य सड़क** – 1. सूर्य मंदिर से सूर्यकुण्ड़ भाया (Via) मुख्य बाजार पथ
- **मुख्य सड़क** – 1. भवानीपुर मोड़ से सूर्य मंदिर पथ 2. हॉसपीटल मोड़ से कन्हैया मोड़ पथ 3. दशरथ बिगहा से गोदाम होते बॉके पुल तक का पथ 4. चौरसीया नगर से बालापोखर मोड़ होते सूर्य मंदिर तक का पथ 5. चाँदनी चौक से मस्जिद होते सूर्यकुण्ड़ तक का पथ 6. अरूण गुप्ता से गोदाम मोड़ होते नेपाल बाबु तक का पथ
- **अन्य सड़क**– नगर पंचायत देव क्षेत्रांतर्गत प्रधान मुख्य सड़क एवं मुख्य सड़क को छोडकर अन्य सभी सड़क गलीयों के किनारे अवस्थित धृति।

**होल्डिंग टैक्स विवरणी दर – ( 2011 की जनसंख्या के अनुसार, संपति कर वसूली दर वार्षिक – 09%)**

| Category | Holding at the Principal Main Road | | | Holding at the Main Road | | | Holding at the Road | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Type of Construction Of Building | Fully Commercial (Rs. Per Sq Ft) | Other (Rs. Per Sq Ft) | Fully Residential )Rs. Per Sq Ft) | Fully Commercial (Rs. Per Sq Ft) | Other Rs. Per Sq Ft) | Fully Residential Rs. Per Sq Ft) | Fully Commercial (Rs. Per Sq Ft) | Other (Rs. Per Sq Ft) | Fully Residential (Rs. Per Sq Ft) |
| Pucca Building with RCC Roof | 22 | 14 | 7 | 14 | 10 | 5 | 7 | 5 | 2 |
| Pucca Building with Corrugated/ Cement Sheet | 14 | 10 | 5 | 10 | 6 | 3 | 5 | 3 | 2 |
| Other Building | 7 | 5 | 2 | 5 | 3 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| Vacant Land | 0.28 | | | 0.19 | | | 0.11 | | |

**संपति कर की वसूली दर, वार्षिक– 09%**

अतः उक्त के आलोक में सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि सुझाव/दावा आपत्ति कार्यालय अवधि में सूचना प्रकाशन के 21 दिनों के अंदर दे सकते है अन्यथा समय सीमा समाप्ति के बाद किसी भी तरह का सुझाव/ दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा

**सुचना की विस्तुत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती हैं।**

**पिन्टु कुमार**
**मुख्य पार्षद्**
**नगर पंचायत देव**

**PR. No. 003822 (B&C) 25-26**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

## संक्षिप्त समाचार

### ससुराल वालों ने की नव विवाहिता की हत्या

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज को लेकर एक बार फिर से दहेज की वेदी पर एक और बेटी बलि चढ़ गई है। मामला कादिरगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव की हैं, जहां पर दहेज को लेकर नवविवाहिता को जहर खिलाकर मार देने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान खुशबू कुमारी पिता मनीष प्रसाद मेघनी बिगहा बताया जाता है। मृतक के पिता मनोज प्रसाद ने बताया कि 1 साल पहले दौलतपुर में अवधेश प्रसाद के बेटे मनीष कुमार की शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ दान दहेज के साथ हमने शादी किया था, लेकिन शादी होने के बाद लगातार दहेज को लेकर हमारी बेटी को प्रताड़ित कर रहा था,बराबर हमारी बेटी ससुराल पक्षो पर शिकायत कर रही थी, कि बीते सोमवार को हमारी बेटी को दहेज लोभीयो ने जहर खिलाकर मार दिया है। थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि दहेज को लेकर थाने में केस दर्ज किया गया है जिसमें पति मनीष कुमार ससुर अवधेश प्रसाद भैसूर राकेश कुमार समेत कुल 7 लोगों पर प्राथमिक की दर्ज की गई है और पूरे मामले की छानबीन की जारी है सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

### फरार 8 वारंटियों के घर पर पुलिस ने साटा इश्तेहार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना के पभेडा गांव में पुलिस हमला मामले में फरार 8 वारंटियों के घर पर पुलिस ने मंगलवार को इश्तेहार साटा है और एक हफ्ते की चेतावनी देते हुए सरेंडर करने की चेतावनी दी है। कुर्की की कार्रवाई करने को कहा है। धनरूआ थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया की बिते 14 अक्टूबर 2023 की देर शाम को धनरूआ थाना कांड संख्या 719/23 के तहत बिना परमिशन लिए हुए नाच कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, उसी के दौरान पुलिस मजिस्ट्रेट के साथ हाथापाई और पुलिस पर हमले की घटना हुई थी, जिसमें दर्जनों लोग आरोपी थेस ऐसे में फरार आरोपितों के घर पर मंगलवार को इश्तेहार साटकर सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है। जिसमें सोनू कुमार पिता अजय प्रसाद, अजय कुमार पिता दिनेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद पिता स्वर्गीय हरिशरण प्रसाद, गुड्डू कुमार पिता विजेंद्र प्रसाद चारों पभेडी एवं रंजन कुमार पिता नरेश प्रसाद, वितन प्रसाद उर्फ रंजय पिता छोटन प्रसाद, रीना देवी पति कैलेंदर प्रसाद, आशा देवी पति वीरेंद्र प्रसाद सभी फरार 8 वारंटियों के घर पर इश्तेहार काटते हुए सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है। अगर सही समय पर सरेंडर नहीं करेंगे उनके ऊपर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### वनरक्षी से छिनतई, घायलावस्था में इलाज जारी

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के हनुमानगंज गांव के पास अज्ञात बाइक सवार युवकों ने वन विभाग के एक कर्मी से चाकू मारकर मोबाइल, सोने की चेन और ब्लूटूथ छीन लिया। पीड़ित वनरक्षी राहुल कुमार, भोजपुर जिले के भुसहुला गांव निवासी हैं, जो मशरक कार्यालय से लौट रहे थे। घायलावस्था में उन्हें सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### बाइक की चपेट में आने से महिला की मौत

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के चांद कुदरिया गांव में अज्ञात बाइक की चपेट में आकर सफरीना खातून (53) की मौत हो गई। वे रहमतुल्लाह मियां की पत्नी थीं। घायलावस्था में उन्हें छपरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मुखिया धर्मेंद्र मांझी व पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और मुआवजे का आश्वासन दिया।

### सोलर लाइट योजना में धांधली का आरोप

**मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सोलर लाइट योजना में अनियमितता के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि मुखिया समर्थित लोगों के घरों के पास ही लाइट लगाई गई, जबकि कई अंधेरे क्षेत्रों को नजरअंदाज कर दिया गया। घटिया गुणवत्ता की लाइटें लगाए जाने की भी शिकायतें हैं। ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। पंचायत सेवक ने बताया कि योजना का क्रियान्वयन ब्रेडा द्वारा किया जाता है और स्थल चयन ग्राम पंचायत करती है।

### मानदेय के लिए आशा कार्यकर्ताएं हड़ताल पर

**मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आशा कार्यकर्ताओं ने मशरक सीएचसी के मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर पांच दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है। कार्यकताओं ने ओपीडी सेवा को ठप कर दिया। अनिता देवी, चंदा देवी समेत अन्य ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के साथ हुए समझौते के बावजूद 2500 रुपये मानदेय सहित सात सूत्री मांगें अब तक पूरी नहीं हुई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने संज्ञान नहीं लिया तो आंदोलन और उग्र होगा।




### 22 मई को शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ (ब्रजनंदन शर्मा गुट) के बैनर तले 22 मई को छपरा में आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन को राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ, सारण ने समर्थन देने की घोषणा की है। संघ के सभी पदाधिकारी एवं शिक्षक इस धरना-प्रदर्शन में भाग लेंगे। इसकी जानकारी राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ, सारण के जिला सचिव मंजीत कुमार तिवारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर यह आंदोलन जरूरी है और संघ पूरी मजबूती से इसमें शामिल होगा।

### सरकार बनी तो पलायन रोकना पहली प्राथमिकता : प्रशांत किशोर

**छपरा/मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर का मांझी विधानसभा क्षेत्र दौरे के क्रम में मंगलवार को कौरु धौरू पंचायत के मझनपुरा गांव में भव्य स्वागत किया गया। मुखिया वीना देवी व उनके प्रतिनिधि सह जनसुराज के नेता उदय शंकर सिंह के निजी आवास पर स्थानीय जनसमूह ने ढोल-नगाड़े और फूल-मालाओं के साथ प्रशांत किशोर का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज पार्टी वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार बनी तो पलायन रोकना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही स्वास्थ्य, सड़क व महिला पेंशन को लेकर ठोस नीतियों पर काम किया जाएगा। उन्होंने वादा किया कि वर्तमान में मिलने वाली ₹400 की महिला पेंशन को बढ़ाकर ₹2000 किया जाएगा और शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़े सुधार लागू किए जाएंगे। जनसभा के उपरांत कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसके बाद प्रशांत किशोर ने मझनपुरा से प्रस्थान कर सिताबदियारा के लिए रवाना हुए। उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मभूमि को नमन कर रात्रि विश्राम वहीं करने की घोषणा की। बुधवार को वे मांझी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे। इस अवसर पर भवानी मुन्ना उर्फ बृजेंद्र कुमार सिंह, जन सुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष बच्चा राय, प्रमोद सिंह, विकास सिंह, भोला सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में जन सुराज कार्यकर्ता मौजूद थे।



### ब्रह्म बाबा स्थान का जीर्णोद्धार शुरू

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड के गोबरही पंचायत अंतर्गत गोबरही टोला गांव में ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से वर्षों से उपेक्षित ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल ब्रह्म बाबा स्थान का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ग्रामीणों की सहभागिता से यह स्थान एक बार फिर आस्था का केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है। स्थानीय समाजसेवी सोनू कौशिक ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि लगभग दो सौ वर्ष पूर्व स्थापित इस स्थल पर एक विशाल पीपल का पेड़ था, जो हाल ही में सूख गया। इसे ग्रामीणों ने एक भावनात्मक क्षति के रूप में लिया और तय किया कि इस स्थान का पूर्ण निर्माण और पुनर्स्थापन किया जाएगा। हाल ही में ब्रह्म बाबा स्थान के नवनिर्माण का शिलान्यास वैदिक विधि-विधान से किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर अयोध्या से आए आचार्य सत्येंद्र पाठक ने इस स्थान की ऐतिहासिक और चमत्कारी महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पूर्व काल में यहां श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना करने वाले कई रोगियों को चमत्कारी रूप से लाभ मिला करता था। यह स्थान 'विदेशी परम' के नाम से भी विख्यात रहा है। पूजन-अनुष्ठान के दौरान गाजे-बाजे और देवी गीतों के आयोजन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मिलकर पारंपरिक गीतों के माध्यम से श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उमेश सिंह, रिंकू सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक देवलाल प्रसाद, माधव सिंह, मनोज गिरी, शेषनाथ गिरी, शिवनाथ यादव, अरुण कुमार सिंह, धीरेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# भारतीय सेना के सम्मान में रिविलगंज में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

## सैकड़ों लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय-जयकार की

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान को नमन करते हुए रिविलगंज में सोमवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता भाजपा सदर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान व नगर मंडल अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा ने संयुक्त रूप से की। यात्रा ठाकुरबारी से प्रारंभ होकर मिडिल स्कूल स्थित शहीद संतोष सिंह के स्मारक तक निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के गीतों के साथ सेना के समर्थन में नारे लगाए। तिरंगा यात्रा में एनडीए गठबंधन के मंडल अध्यक्षों, भाजपा कार्यकर्ताओं, शहर के बुद्धिजीवियों, अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के शौर्य को लेकर कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। विधायक डॉ. सी.एन. गुप्ता ने कहा कि भारतीय सेना भारत की शक्ति और साहस का प्रतीक है। पूर्व जिला अध्यक्ष




अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पूरा मुल्क भारतीय सेना के सम्मान में नतमस्तक है। पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद ने कहा कि भारतीय सेना विश्व की सबसे सशक्त, बहादुर और साहसी सेना है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामाकांत सिंह सोलंकी ने कहा कि आज पूरा देश सेना के साथ खड़ा है। पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय सेना देश की शान और गौरव है। पूर्व जिला अध्यक्ष रामदयाल शर्मा ने कहा कि देश की सेना अतुल्य और महान है। भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र शाह ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने महिलाओं के मान-सम्मान की रक्षा कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। जिला परिषद सदस्य गुड्डू साह ने कहा कि देश की सुरक्षा सेना के कारण ही संभव है। कार्यक्रम के संयोजक नगर मंडल अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा थे। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें डॉ. विकास गुप्ता, भाई वीरेंद्र, शंभूनाथ पांडेय, अनुरंजन प्रसाद, वार्ड पार्षद गुंजन अवस्थी, ममता पांडेय, संजीव सिंह, मनोज त्रिपाठी, पूर्व चेयरमैन इंदु देवी, अखिलेश्वर सिंह, राजकुमार तिवारी, कामेश्वर यादव, अशोक सिंह, राकेश सिंह, सुधीर सिंह, राजेंद्र सिंह, रंजीत कुमार, धीरज कुमार, नंदू सिंह, बबलू यादव, मनोज साह, अजित साह आदि शामिल थे। इसकी जानकारी भाजपा सारण के महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने दी।

### सड़क हादसे में खो गया परिवार का एकलौता सहारा

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नया टोला फुलवारी शरीफ के रविन्द्र शर्मा जी 10 मई को उस वक्त जिंदगी की दौड़ हार गए, जब नौबतपुर लख के पास उनका एक भयानक सड़क हादसे में निधन हो गया था. इस बीच थोड़ी राहत और संवेदना लेकर पहुंचे पूर्व मंत्री और जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने पीड़ित परिवार को संतावना देते हुए पत्नी उर्मिला देवी को बीस हजार रुपये की सरकारी सहायता राशि का चेक सौंपा, जिसे प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया था. परिवार के लोगों ने बताया कि घर का इकलौता कमाने वाला रविन्द्र शर्मा इस तरह अचानक चला जाएगा, यह किसी ने सोचा भी नहीं था.

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह गुरुवार को

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का तृतीय दीक्षांत समारोह गुरुवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के तीन प्रमुख अंगीभूत संस्थानों, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय,पटना; संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना और मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज के कुल 265 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री आरिफ मोहम्मद खान करेंगे। वे समारोह में डिग्री प्रदान करने के साथ-साथ अध्यक्षीय एवं दीक्षांत भाषण भी प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के माननीय केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह दीक्षांत संबोधन देंगे। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह स्वागत भाषण देंगे एवं विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में स्नातक स्तर पर डेयरी प्रौद्योगिकी के 46, वेटरिनरी साइंस के 103 एवं मात्स्यिकी विज्ञान के 55 विद्यार्थी शामिल हैं। स्नातकोत्तर स्तर पर डेयरी के 04 एवं वेटरिनरी के 53 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। वहीं पीएचडी कार्यक्रम के अंतर्गत 04 शोधार्थियों को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बीटेक (डेयरी), बैचलर ऑफ वेटरिनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी, बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस एवं मास्टर ऑफ वेटरिनरी साइंस पाठ्यक्रमों के 2-2 विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट अकादमिक उपलब्धियों के लिए गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा।

### दानापुर रेजिमेंट के नायक व सिपाही को बिहार पुलिस द्वारा किया गया सम्मानित

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले महीने उज्जीवन स्माल फाईनेंस बैंक में 3 लाख रुपए जमा कराने ले जा रहे सीएसपी संचालक से लूट करते तीन बदमाशों को पकड़ने वाले रेजिमेंट के नायक व सिपाही को अपर पुलिस महानिदेशक ने सम्मानित किया है. मंगलवार को अपर पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन ने बिहार रेजिमेंट केंद्र के नायक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सिपाही राज कुमार दास व सिपाही पिंटू कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है. अपर पुलिस महानिदेशक कुन्दन कृष्णन ने कहा कि बैंक कर्मचारी पर डकैती डालने की कोशिश कर रहे हथियार बंद बदमाश को पकड़ कर एक बड़ी घटना होने से बचाते हुए असाधारण बहादुरी का परिचय दिया गया है. इस अवसर पर कर्नल सुमित सूद व मेजर जीएस विष्ट उपस्थित थे. बता दे कि पिछले 23 अप्रैल को मैनपुरा के निवासी सीएसपी संचालक कलेक्शन का करीब 3 लाख रूपया जमा करने जा रहे थे.

# 10वीं एवं 12वीं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों किया गया सम्मानित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलबार को बीइस एशियन स्कूल अपने आप पर गौर हो रहा था। अवसर था जी एडवांस, बारहवीं और दसवीं में बेहतरीन प्रदर्शन वाले छात्र / छात्राओं को सम्मानित करने का। इस अवसर पर मेधावी बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन रामेश्वर सिंह ने कहा कि बच्चों का भविष्य शिक्षा हाथ में होता है। माता-पिता, शिक्षक-शिक्षिका प्रबुद्ध नागरिक गुरु के आशीर्वाद अथक प्रयास से अच्चद्रा परिणाम लाते हैं। सचिव महोदया श्रीमती पुष्पा सिंहा ने नम और खुशी भरी आँखों से कहा कि कुछ बच्चे तो ऐसे है जो नर्सरी से पढ़े हैं। इन हमारा प्यार और लगाव हमेशा बना रहेगा। भविष्य में भी सदैव विद्याधि विद्यालय परिवार सहयोग करता रहेगा। साथ ही साथ विद्यालय के प्राचार्य श्री



कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सदैव मैट्रिक एवं विभिन्न सराहनीय कार्य करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। मार्गदर्शन व आशीर्वाद से काफी निखार आता है। समय समय पर पढ़ाई के अलावा हम लोग बच्चों की का भी करते हैं जिससे उनका मनोबल बढ़ता है। उन्होंने समस्त छात्राओं को अपने आगे बढ़ने के लिए संकल्प शक्ति को जागृत तथा मजबूत करने का सन्देश दिया। मेधावी छात्र / छात्राओं को ट्रॉफी और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। सम विद्यार्थियों ने अपने अपने अनुभवों को अन्य विद्यार्थियों के बीच साझा किया। में 95.2% लाने वाले आर्या किशोर ने और दसवीं में सौभाग्य गुप्ता 99% अंक लावा टॉपर बने।इस अवसर पर सम्मानित विद्यार्थियों के माता-पिता भी उपस्थित थे ।

# प्रस्तावित सड़क निर्माण का पूर्व मंत्री श्याम रजक एवं एडीएम ने किया स्थल निरीक्षण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा कुछ समय पहले जन संवाद कार्यक्रम पुनपुन के जोलबिगहा के सूर्यमंदिर के पास किया गया था, जिसमे मधुसूदन कुमार सिंह, जदयू नेता मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री को चौदह सूत्री माँग पत्र दिया गया था।

जिसमें पोठही, बसुहार के सामने आरओबी और रेलवे पश्चिम घन्नूचक से पुनपुन, डुमरी, पोठही, केवड़ा, नदवाँ होते हुए सरवाँ गुमटी तक तीस फीट रास्ता बनवाने अनुरोध किया गया था ।जिसमे पूर्व मंत्री श्याम रजक और मधुसूदन कुमार ने संबंधित विभाग से मिलकर घन्नूचक से पुनपुन सुरक्षा बांध तक का आदेश करवाया । इसमें बिहार लोक शिकायत निवारण में सड़क निर्माण करने का आदेश भी पारित हुआ ।अब जब की पुनपुन से सरवां गुमटी तक रेलवे पश्चिम सड़क निर्माण शेष रह गया उसी को लेकर अनुमंडल कार्यालय में मंगलवार की बैठक की गई उसके बाद नदवां पश्चिम स्थल निरीक्षण किया गया ।



साथ ही मंत्री से शहीद कामेश्वर सिंह स्मृति चौक के पास अंडर पास निर्माण प्रस्तावित है उसकी भी चर्चा की गई। जिसमे पूर्व मंत्री श्याम रजक जी, एसडीओ मसौढ़ी, अंचलाधिकारी पुनपुन व धनरुआ, ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ, कनिय अभियंता, मधुसूदन कुमार सिंह, ओम सिंह, सुधीर कुमार सिंह आदि लोग मौजूद थे ।

### नाले का पानी मोहल्ले वासियों के लिए बना नासूर

#### कब मिलेगा नाली जाम से मुक्ति और स्लैब निर्माण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढ़ी के वार्ड नंबर 15, रेलवे लाइन किनारे गंगाचक मालिकाना मोहल्ले वासियों के लिए नाले का पानी नासूर बन गया है। दरअसल पिछले 1 साल से तकरीबन 50 घर से अधिक लोगों के घरों से निकलने वाले नाले का पानी नाली और घरों में ही दुर्गंध दे रहा है। जिससे मोहल्ले वासियों को जीना मुहाल हो गया है। जिसको लेकर लगातार मोहल्लेवासी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, स्थानीय अनुमंडल पदाधिकारी यहां तक की स्थानीय विधायक से भी नाली जाम से मुक्ति दिलाने का गुहार लगा चुके हैं। मोहल्लेवासियों में अरविंद कुमार, आनंद कुमार केसरी, अमरनाथ केसरी, विश्वनाथ केशरी आदि ने बताया कि पिछले 1 साल से हमारे पूरे मोहल्ले में नाली का पानी का जाम से मुक्ति नहीं हो पाया है। ऐसे में मेंन रोड में चल रहे पुल निर्माण के दौरान सभी बड़े वाहनों का आवागमन भी इसी रास्ते से होकर जा रहा है जिसको लेकर लगातार गंगाचक मालिकाना मोड़ के पास बने हुए स्लैब टूट जा रहे हैं, जिस वजह से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, नगर परिषद द्वारा स्थाई तौर पर नाले के पानी का निकासी और स्लैब का निर्माण उच्चतम क्वालिटी से नहीं करवाया जा रहा है। जिससे लगातार बड़े वाहनों के गुजरने के दौरान वह टूट जा रहा है, कभी-कभी गाड़ियां फस जाने से 24 घंटे महाजाम की स्थिति बन रही है।हालांकि स्थानीय विधायक ने संबंधित पदाधिकारी से मालिकाना गंगाचक मोड के पास 8 इंची का पाइप लगाने की बात कही है,हलांकि इस आश्वासन पर अभी तक अमल नहीं हो पाया है, जिससे मोहल्ले वासियों की चिंता बढ़ गई है कि आने वाले बरसात के दिनों में क्या होगा...

# जीतन राम मांझी और संतोष सुमन के संदेश को युवा तक पहुँचाने के लिए युवा संवाद यात्रा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा युवा प्रकोष्ठ पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री बिहार सरकार संतोष कुमार सुमन के बिचारो और संदेश को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से पुरे बिहार में युवा संवाद यात्रा निकालेगी। जिसकी शुरूआत पटना कारगिल चौक से शाहिदो को नमन करते हुए किया जाएगा यात्रा को हरी झंडी पार्टी के संस्थापक जितन राम मांझी सभा से किया जाएगा हमलोगों का लक्ष्य होगा प्रखण्ड, वार्ड और बुथ तक पहुँचने का काम करेंगे हर बुथ पर दस युथ रखने का हमलोगों का लक्ष्य है। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के तरफ से नव निर्वाचित हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के बिहार संगठन प्रभारी राजेश रंजन को सममानित किया गया। राजेश रंजन जी सभी साथियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि किसी भी साथी जितनी बड़ी पद मिलती है उसकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कोई भी पदाधिकारी कोई भी काम अकेले




दिखाऐंगे उक्त बातें मो कमाल प्रवेज राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा ने बिहार प्रभारियों और पटना महानगर कमिटी को संबोधित करते हुए कही। बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश युवा अध्यक्ष कुमार शुभम ने की और संचालन पटना महानगर अध्यक्ष सननी दुवे ने की। अपने अध्यक्षये भाषण में कुमार शुभम ने कहा कि युवा प्रकोष्ठ जल्द ही पुरे बिहार में सदसयता अभियान की शुरूआत करने वाली है जिसकी शुरूआत पटना के दानापुर बिधान नहीं कर सकता है हमें युवा प्रकोष्ठ पर बहुत उम्मीद है ये पार्टी को हर घर तक पहुँचाने में हमें सहयोग करते रहेंगे। पटना महानगर अध्यक्ष सननी दुवे ने आए सभी साथियों को धन्यवाद दिया और जल्द से पुरे पटना के हर वार्ड में कमिटी बनाने का सपथ लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रवींद्र यादव पंकज मालाकार ऐजाज खान सुजय पांडे दिपक पटेल जी रुकसाना प्रवीण रमन सिंह वैजु कुमार इतयादी लोग शामिल थे।

# सेना के शौर्य सम्मान में मसौढ़ी एवं पुनपुन में तिरंगा यात्रा का आयोजन, भारत माता के लगे जयकारे

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और पराक्रम को सम्मान देने के उद्देश्य से मसौढ़ी शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जहाँ बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष आशिष देव के नेतृत्व मे कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस आयोजन में देशभक्ति का माहौल छाया रहा। सैकड़ों की संख्या में समर्थक हाथों में तिरंगा लेकर भारतीय सेना अमर रहे, वंदे मातरम और भारत माता की जय जैसे नारों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए मसौढ़ी में तारेगना रेलवे स्टेशन से होते हुए कपूर्री चौक से गांधी मैदान तक हर हाथ में झंडा लिए हुए तिरंगा यात्रा निकाला गया। नगर मंडल अध्यक्ष आशिष देव ने कहा कि यह यात्रा भारतीय सैनिकों के अदम्य



साहस, समर्पण और देशभक्ति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक माध्यम है, वहीं आशा किरण ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सेना के आदर्शों को अपनाएं। कार्यक्रम में महिला मोर्चा के अध्यक्ष आशा किरण सिंह, शोभा देवी, संजय केसरी, माधुरी देवी,नीरज कुमार, अनीश कुमार, अश्विनी उर्फ गोल्डी,मृत्युंजय पांडे, समेत सैकड़ो लोग शामिल हुए,वहीं पुनपुन में एनसीसी कैडेट ने भी तिरंगा यात्रा निकाला, जहाँ 29 बिहार बटालियन से आए हुए उल्टट साहिल ठाकुर, हवलदार दीप रंजन कुमार और मोहम्मद मिराज हुसैन सहित कई एनसीसी कैडेट्स, राकेश कुमार लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार प्रोफेसर मधुरेंद्र ,डॉ अवेंद्र पासवान ,डॉक्टर अरमान आलम आदी शामिल रहे।

# पटना और आर्यभट्ट ज्ञान विवि ने नैनोप्रौद्योगिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना ने आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह रणनीतिक साझेदारी नैनो प्रौद्योगिकी के विशेष क्षेत्रों जैसे नैनोइलेक्ट्रॉनिक्स, नैनोमेडिसिन, जल शुद्धिकरण के लिए नैनो सामग्री, नैनो-उर्वरक तकनीक, नदी अध्ययन और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।इस अवसर पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर प्रो. टी. एन. सिंह, निदेशक, आईआईटी पटना, डॉ. राकेश कुमार सिंह, प्रमुख, नैनोविज्ञान, डॉ. अनुप कुमार केशरी, एसोसिएट डीन, अनुसंधान एवं विकास (आईआईटी पटना) तथा प्रो. रामजी सिंह, कुलसचिव, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रो. ए. के. ठाकुर, कुलसचिव एवं डीन प्रशासन, डॉ. एन. के. तोमर, एसोसिएट डीन, संसाधन, डॉ. सुब्रता हैत, एसोसिएट डीन, स्नातकोत्तर कार्यक्रम और डॉ. सुशांत कुमार, एसोसिएट डीन, स्नातक कार्यक्रम , कृपाशंकर सिंह भी उपस्थित रहे। आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने वर्चुअल रूप से इस कार्यक्रम में सहभागिता की और दोनों संस्थानों को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। प्रो. टी. एन. सिंह, निदेशक, आईआईटी पटना ने अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए कहाः ह्लयह हमारे लिए गर्व की बात है कि दो प्रतिष्ठित संस्थान एक साथ आकर राज्य और देश की शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रगति के लिए साझा दृष्टिकोण के साथ कार्य करेंगे। यह सहयोग नैनोविज्ञान एवं अन्य उभरते क्षेत्रों में शिक्षण और शोध के लिए संयुक्त प्रयासों का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस अवसर पर प्रो. शरद कुमार यादव, कुलपति, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय ने कहाः यह समझौता बिहार के उच्च शिक्षा तंत्र को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह साझेदारी छात्रों और शोधकताओं के ज्ञान-वर्धन को बढ़ावा देगी और नवाचार एवं सहयोगात्मक अनुसंधान के माध्यम से सतत विकास की एक ठोस नींव रखेगी।ह्व यह समझौता ज्ञापन संयुक्त शोध परियोजनाओं के निर्माण और निष्पादन, अकादमिक आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण पहलों और अंतर्विषयक शिक्षण कार्यक्रमों के संचालन जैसे सहयोग क्षेत्रों को मजबूत करेगा।





### क्लास रूम में गंदगी देख बिफरी चेयरमैन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढी के चेयरमैन पिंकी देवी अपने पूरे दलबल के साथ अचानक मंगलवार की तड़के सुबह गिरिजा कुंवर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल के पठन-पाठन का जायजा लेने के लिए पहुंचे, जहां पर स्कूल में कई शिक्षक नदारत थे, वही स्कूल के क्लास रूम में लगा गंदगी का अंबार देखकर वह बिफर पड़ी और स्कूल के प्रधानाध्यापक अन्य शिक्षकों पर बरसते हुए कहा कि ये नियमित तौर पर साफ सफाई नही करना स्कूल प्रशासन की लापरवाही है। वहीं चेयरमैन पिंकी देवी ने क्लास रूम के सभी छात्र-छात्राओं से बात कि जहां पर छात्राओं ने कहा कि रोज नहीं साफ सफाई होती हैं जिसको लेकर मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को स्कूल संचालक नियमित साफ सफाई पर खास तौर पर ध्यान देने की बात कही है.

## संक्षिप्त समाचार

### आपसी विवाद में मारपीट, महिला घायल

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में मंगलवार सुबह आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसके दौरान एक महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान लक्ष्मण मांझी की पत्नी पूनम देवी के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों ने पूनम देवी को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया गया। पीड़िता ने घटना की सूचना चैनपुर थाना पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक घायल

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव के समीप सिसवन-सिवान स्टेट हाईवे पर सोमवार देर शाम एक सड़क दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान सरौत गांव निवासी ठाकुर जी ठाकुर के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल रेफरल अस्पताल सिसवन ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### करमवा में फिर 200 लीटर स्प्रिट बरामद

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस ने करमवा पंचायत स्थित नदी किनारे छापेमारी कर 200 लीटर स्प्रिट से भरा चार ड्रम बरामद की है।छापेमारी के दौरान जलकुंभी में छिपाकर चार ड्राम स्प्रीट रखी गई थी।कार्रवाई इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्व मोहन चौधरी के नेतृत्व में हुई। उन्होंने बताया कि चार जरकीन में रखी 200 लीटर स्प्रिट अलग-अलग जगहों से मिली।शराब चुम्मन पटेल और अनिल पटेल की बताई गई है।इससे पहले 11 मई को भी पुलिस ने करमवा नदी के जलकुंभी से 300 लीटर स्प्रीट और बसवारी से 45 लीटर विदेशी शराब बरामद की थी।उस समय तस्कर भाग निकले थे।बाद में पुलिस दबाव में चुम्मन पटेल ने आत्मसमर्पण कर दिया था।

### पोषण भी पढ़ाई भी के तहत सेविकाओं को प्रशिक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईसीडीएस की ओर से सभी सेविकाओं को पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत शहर के पांडेयटोला स्थित एक निजी होटल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण 27 मई तक होगा। प्रशिक्षण को लेकर सेक्टरवार तिथि निर्धारित की गई है। सीडीपीओ मो. सोहेल अहमद ने बताया कि सेविकाओं को पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें तीन से छह वर्ष के बच्चों को पूर्व माध्यमिक शिक्षा को मजबूत बनाने और आंगनबाड़ी केंद्रों को शिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने की जानकारी दी जा रही है। ताकि नौनिहालों का सर्वांगीण विकास हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम सेक्टरवार बैच बनाकर 27 मई तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षक के रूप में प्रखंड समन्वयक व सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को प्रतिनियुक्त किया गया है।

### दो गांवों से दो नाबालिग लड़कियों का अपहरण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के दो अलग-अलग गांवों से दो नाबालिग लड़कियों का अपहरण कर लिया गया है। मामले में नाबालिग लड़कियों के परिजनों ने शिकारपुर थाना में प्रथमिकी दर्ज कराई है। जिसमे सोफवा गांव निवासी राजीव साह व चनपटिया थाना के घोघा वार्ड 6 निवासी ओम पासवान को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि दोनो आरोपियो ने नाबालिग लड़कियों को बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया गया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि दोनो नाबालिक अपहरण के मामले में प्राथमिकी दर्जकर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### महिला अपहरण मामले का आरोपी गिरफ्तार, जेल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने केहुनिया गांव में छापेमारी कर महिला अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान केहुनिया गांव निवासी प्रभु राम के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि वीते अप्रैल माह में एक महिला का अपहरण हुआ था। मामले में उसके पति ने शिकारपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी।पति ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसकी पत्नी घर मे रखे एक लाख रुपए व आभूषण भी साथ ले भागी है। उसने बताया है कि इससे पूर्व भी आरोपी उसकी पत्नी का अपहरण कर चुका है। लेकिन वह वापस आ गयी थी।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

### 112 देनदारों के विरूद्ध जारी हुआ बॉडी वारंट

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नीलाम पत्र वाद को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सख्त रूख अख्तियार किया गया है। नीलाम पत्र से संबंधित वादों के निष्पादन को लेकर जिला पदाधिकारी द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज नीलाम पत्र वाद से संबंधित नीलाम देनदार के विरूद्ध 112 बॉडी वारंट जारी किया गया है। जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार देनदारों के विरूद्ध कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। आज बेतिया पुलिस जिला के 96 एवं बगहा पुलिस जिला के 16, कुल-112 देनदारों के विरूद्ध बॉडी वारंट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक, बेतिया एवं बगहा से अनुरोध किया गया है कि देनदारों के विरूद्ध जारी बॉडी वारंट के निष्पादन को लेकर संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देशित करेंगे।

### महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के भागर और कचनार गांव में मंगलवार को महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार व अनुभव साझा किए। मौके पर सिसवन प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार, जीविका ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उमेश कुमार तिवारी, सतीश कुमार सिंह समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सतत जीविकोपार्जन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), नल-जल योजना समेत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी साझा की गई और महिलाओं को इनसे जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कई महिलाओं ने आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अपने अनुभव सुनाए और योजनाओं से लाभान्वित होने की इच्छा जताई।इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना था। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी उत्साहवर्धक रही।



### ताइक्वांडो चैंपियनशिप मे जीता स्वर्ण पदक

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के मझरिया पंचायत के मठ मझरिया गांव निवासी राजकुमार पाठक के पुत्र अंकित पाठक ने उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में लखनऊ केडी सिंह स्टेडियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोरखपुर के टीम के तरफ से भाग लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया है। अंकित के पिता ने बताया कि अंकित शुरू से ही कराटे, मार्शल आर्ट आदि में रुचि रखता था।

# सीवान के सफल व्यवसायियों को वाणिज्य कर विभाग का सम्मान

**कृष्ण मुरारी पांडेय/नबिटा ब्यूरो।**

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राजस्व संग्रहण एवं लक्ष्य प्राप्ति में सराहनीय योगदान देने वाले जिले के 16 प्रमुख व्यवसायियों और 7 सीए एकाउंटेंट को वाणिज्य कर विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। राज्य कर संयुक्त आयुक्त (सीवान) राजीव कुमार झा ने इन सभी व्यवसायियों और सीए एकाउंटेंट को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**व्यवसाय और प्रतिबद्धता का मिला सम्मान**

सम्मान पाने वालों में जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से जुड़े नामी व्यवसाई शामिल हैं, जिन्होंने अपने व्यवसाय के साथ-साथ सरकार के राजस्व में वृद्धि के लिए भी अहम योगदान दिया। सम्मानित होने वाले व्यवसायियों के नाम इस प्रकार हैं: सीवान ट्रैक्टर के डायरेक्टर मो. सगीर आलम, प्रतिक ऑटोमोबाइल्स के डायरेक्टर अभिषेक आशीष, आदर्श कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, जिला ईंट निर्माण निमार्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, महाराणा ऑटोमोबाइल्स के डायरेक्टर बबलू सिंह, वीआईपी मॉल सह वीआईपी ट्रेडिंग कंपनी के डायरेक्टर अरुण कुमार गुप्ता।

















**वाणिज्य कर विभाग द्वारा इन सीए और अधिवक्ता को किया गया सम्मानित**

सीए अनिल कुमार सिंह, कुमार गंधर्व, अधिवक्ता रुद्र नारायण मलिक, धनंजय कुमार वर्मा, प्रकाश पटेल, विकास आनंद एवं ज्योति भूषण मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। राजस्व संग्रहण में प्रेरणादायक उदाहरण बने ये व्यवसायी सम्मान समारोह के दौरान राज्य कर संयुक्त आयुक्त राजीव कुमार झा ने कहा कि इन व्यवसायियों ने वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए राजस्व संग्रहण में उत्कृष्ट योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यवसायी न सिर्फ जिले के आर्थिक विकास में सहायक हैं बल्कि अन्य व्यवसायियों के लिए भी प्रेरणा हैं।

**भविष्य में भी जारी रहेगा सम्मान का सिलसिला**

राज्य कर विभाग ने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में भी ऐसे व्यवसायियों को सम्मानित किया जाएगा जो निष्ठा के साथ करों का भुगतान करते हुए लक्ष्य प्राप्ति में भागीदार बनते हैं।

# संकुल स्तरीय 'मशाल प्रतियोगिता' का आयोजन 22 से 24 मई तक

**प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन हेतु शिक्षा व खेल विभाग की संयुक्त पहल**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने तथा उनके चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संकुल स्तरीय 'मशाल प्रतियोगिता' का आयोजन आगामी 22, 23 एवं 24 मई 2025 को किया जाएगा। यह जानकारी जिलाधिकारी मुकुल कुमार गप्ता ने आयोजित एक बैठक में दी। यह प्रतियोगिता शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य अंडर-14 एवं अंडर-16 आयु वर्ग के बालक/बालिकाओं को उचित अवसर प्रदान कर उनकी प्रतिभा को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना है।इससे पूर्व, विद्यालय स्तरीय मशाल प्रतियोगिता का सफल आयोजन 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2025 को संपन्न हुआ था, जिसमें विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों का चयन किया गया। अब चयनित प्रतिभागी टीमों के बीच संकुल स्तर पर प्रतिस्पर्धा आयोजित की जा रही है। मंगलवार को आयोजित बैठक में जिला प्रशासन द्वारा सभी संकुल समन्वयकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने संकुल क्षेत्रों में प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही, प्रतियोगिता स्थलों पर फर्स्ट एड किट, ग्लूकोज, ओआरएस आदि की अनिवार्य व्यवस्था करने को भी कहा गया है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन तथा प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक अभिभावक खेलों के प्रति रुचि लें और अपने बच्चों को इस दिशा में प्रेरित करें।संकुल स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों की सूची तैयार की जाएगी। बच्चों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सभी संकुल समन्वयकों को यह भी निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित स्थानीय थाना व स्वास्थ्य केंद्र को प्रतियोगिता की जानकारी अनिवार्य रूप से दें।इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल प्रतिभाओं को सामने लाने का मंच है, बल्कि सरकारी विद्यालयों में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




# लाखों की लागत से बन रहे खेल मैदान में गिरा बास्केटबॉल पोल

**निरीक्षण में आये जिला पदाधिकारी से लोगों ने की शिकायत**

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बेलवा लखनपुर पंचायत के नंदनगढ़ कॉलेज से पूरब में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 9 लाख 66 हजार 899 रुपया की लागत से बन रहे खेल मैदान जिसमें खिलाड़ियों के लिए बास्केटबॉल खम्भा, रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन कोर्ट,बॉली बाल कोर्ट का निर्माण करना है। काम शुरू हुए महज एक माह ही हुआ है। अभी केवल बास्केटबॉल का खम्भा का हीं निर्माण हुआ है। वह भी भ्रष्टाचार का भेट चढ़ गया है। वहीं इस संबंध में कार्यक्रम पदाधिकारी रत्नेश कुमार तिवारी ने बताया कि बेलवा लखनपुर पंचायत के जिरिया बंगाली माई स्थान परिसर के समीप बने रहे खेल मैदान में बास्केटबॉल खम्भा का निर्माण हो ही रहा था कि रात्रि में पानी बरस गया। जिसके चलते बास्केटबॉल खम्भा गिर गया था उसे ठीक करा दिया गया है। वहीं स्थानीय मुखिया अनिल कुमार ने बताया कि खेल समाग्री का जो भी सामान है वह बेतिया के विशाल स्पोर्ट्स से आया है। दुकानदार को बड़ा ऐंगल देने के लिए बोला गया था। परन्तु छोटा ऐंगल दे दिया है। जिसके चलते बास्केटबॉल खम्भा गिर गया था। उसे ठीक करा दिया गया है। बता दें कि यह खेल मैदान कुछ दिनों पहले प्रखंड परिसर स्थित बाबा त्रिलोकी नाथ मंदिर के समीप खेल मैदान में शुरू हुआ था। परन्तु कुछ दिनों पहले लौरिया ब्लॉक के निरीक्षण में आयें जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने निरीक्षण के दौरान ही यहां निर्माण कार्य बंद करा दिया था। उन्होंने इसे जिरिया बंगालीन माई स्थान परिसर के पुरब तरफ बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि खेल मैदान स्थल के समीप मंदिर परिसर के दिवाल पर प्राक्कलन बोर्ड लगा है। जिस पर कार्य प्रारंभ की तिथि भी अंकित नहीं है। जिससे कि स्पष्ट हो सके कि निर्माण कार्य कब प्रारम्भ हुआ था।

# मीना बाजार और आसपास के क्षेत्र में कुल 51.82 लाख की पांच योजनाएं पारित : गरिमा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नगर में मीना बाजार जैसे ऐतिहासिक धरोहर को सुविधा संपन्न और आकर्षक बनाने के लिए कुल 51.82 लाख लागत वाली पांच योजनाओं को नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित किया गया है। इसका विवरण बताते हुए श्रीमती सिकारिया ने बताया कि मीना बाजार के मीठा हट्टा और छोटा रमना मार्केट के चावल हट्टा में स्थित दो कुआं का जीर्णोद्धार शामिल है। वही मछलीहट्टा में भी एक सार्वजनिक मूत्रालय निर्माण कार्य सहित सभी पांच विकास योजनाओं को नगर निगम बोर्ड ने विगत अप्रैल माह में संपन्न बैठक में प्रशासनिक स्वीकृति दे दिया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया ने बताया कि बेतिया राजकालीन कुआं जीर्णोद्धार के अलावा कावेरी होटल रोड स्थित मूत्रालय का जीर्णोद्धार एवं मीना बाजार स्थित मछलीहट्टा शेड का जीर्णोद्धार कार्य कराया जाना शामिल है। वही नगर में मीना बाजार के समीपवर्ती ट्रैफिक चौक पर मूत्रालय निर्माण के साथ ही मीना बाजार के समीपवर्ती पुराने टांगा स्टैंड में शौचालय एवं मूत्रालय निर्माण कार्य कराए जाने को स्वीकृति दी गई है।

# भतीजी की बारात आने से पहले उठी चाचा की अर्थी, शादी का माहौल बदला मातम में

**सीवान/सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के महानगर गांव में मंगलवार की अहले सुबह एक हृदयविदारक घटना घटित हो गई, जिसने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। गांव निवासी 50 वर्षीय घिनावन राम की अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे सुबह खेत की ओर शौच के लिए गए थे, तभी अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा और वे वहीं गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें उठाकर घर लाए, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

मौत की खबर सुनते ही परिजन चीख-पुकार करने लगे। पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया। यह दुखद घटना ऐसे समय में घटी जब घर में शादी की तैयारियां पूरे जोरों पर थीं। घिनावन राम की भतीजी की बारात अगले दिन आने वाली थी। पूरे परिवार के साथ वे भी तैयारियों में लगे थे। सुबह उन्होंने घरवालों को जगाया, घर और आंगन की सफाई की बात कही और फिर खुद शौच के लिए निकले थे। लेकिन किसे पता था कि यह उनकी अंतिम सुबह होगी। घिनावन राम झारखंड के बोकारो में रहकर मजदूरी करते थे और वहीं से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके छोटे भाई लालबाबू राम सिसवन चैनपुर में सिलाई का काम करते हैं। शादी की तैयारी में दोनों परिवार जुटे हुए थे, लेकिन इस दर्दनाक घटना ने खुशियों को गम में बदल दिया। गांव में यह खबर जंगल की आग की तरह फैल गई। लोग हैरान थे और एक ही बात कह रहे थे - "अब बारात कौन संभालेगा?" सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवक परिजनों के घर पहुंचे और ढाढ़स बंधाया। प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र साह, सरपंच लोहा सिंह उर्फ मनोरंजन सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि राजू महतो, समाजसेवी भूपेंद्र भारती, कमलेश बौद्ध, विकास मित्र मिथिलेश कुमार, बलिंदर यादव, महेश राम, वीरेंद्र राम, मुनीलाल राम, चिन्नवन राम आदि लोगों ने परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। वहीं, जिला परिषद सदस्य ब्रजेश कुमार सिंह ने भी शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और उन्हें आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस विपत्ति की घड़ी में समाज और प्रशासन परिवार के साथ है और शादी की तैयारियों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।



# स्टेट ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत सिमरन ने किया सिवान का नाम रोशन

**बिहार का करेंगी नेशनल स्तर पर प्रतिनिधित्व, अब तक जीत चुकी हैं 14 पदक**

**सीवान/जीरादेई/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जन्मस्थली सिवान जिले की धरती एक बार फिर गौरवान्वित हुई है। जीरादेई प्रखंड के हसुंआ गांव की सिमरन राय ने 11वीं जूनियर ग्रैपलिंग स्टेट चैंपियनशिप - 2025 में दो स्वर्ण पदक जीतकर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। दीपक राय की पुत्री सिमरन ने 48 किलोग्राम भार वर्ग के अंडर-15 वर्ग में गी ग्रैपलिंग और नो-गी ग्रैपलिंग दोनों ही प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए पटना, लखीसराय और गया (गयाजी) की खिलाड़ियों को पराजित किया। उन्होंने पटना की खिलाड़ी को नॉकआउट, लखीसराय की खिलाड़ी को 0-8, और गया की खिलाड़ी को 1-9 से हराकर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। यह प्रतियोगिता 17 से 18 मई के बीच वीएन शर्मा ग्राउंड, दानापुर में आयोजित हुई थी। जीत के बाद जब सिमरन सिवान लौटीं, तो उनके गांव और जिले में बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिजन, शिक्षक और ग्रामीण इस उपलब्धि पर गौरव का अनुभव कर रहे हैं। सिमरन के माता-पिता ने कहा, "बेटियों को यदि सही अवसर और मंच मिले तो वे भी हर क्षेत्र में कमाल कर सकती हैं।" उन्होंने सिवान की सभी बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सिमरन पिछले तीन वर्षों से लगातार कड़ी मेहनत और संघर्ष के साथ इस खेल में सक्रिय हैं। अब तक उन्होंने राज्य और जिला स्तर पर कुल 14 पदक हासिल किए हैं, जिनमें 10 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। गौरतलब है कि सिमरन का चयन अब 29 मई से 1 जून 2025 के बीच नासिक, महाराष्ट्र में होने वाली नेशनल ग्रैपलिंग चैंपियनशिप के लिए किया गया है, जहाँ वे बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी।




# पीसीसी निर्माण को लेकर मुखिया व सरपंच आपस मे भिड़े

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के अजुआ गांव में पीसीसी सड़क निर्माण में योजना बोर्ड को लेकर मुखिया पति व सरपंच प्रतिनिधि आपस में भीड़ गए। इस दौरान दोनों पक्ष में जमकर लाठी डंडे चले। मामले में सरपंच पति नथुनी राम ने शिकारपुर थाना में आवेदन दिया है। दिए आवेदन में बताया है कि अजुआ गांव वार्ड संख्या तीन में मुखिया पति सोहन राम के द्वारा पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है कार्य स्थल पर योजना का बोर्ड नही लगाया है। मुखिया पति से योजना का बोर्ड लगाकर योजना अनुसार कार्य करने की बात कहने पर मुखिया पति सोहन राम अपने पुत्र रामू कुमार के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर जख्मी कर दिए। वही मुखिया पति ने बताया कि सरपंच पति मेरे रिश्तेदार है।

# मैरवा की 'प्रसव देवी' ने 25000 से ज्यादा महिलाओं को दी मां बनने की खुशी

**मैरवा धाम रोड स्थित प्राण गढ़ी में आनंद चिकित्सालय और सुनीता प्रसव केंद्र बना महिलाओं के लिए वरदान, पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. सुनीता मिश्रा ने 15 वर्षों में कराई हजारों नॉर्मल डिलीवरी**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैरवा धाम रोड स्थित प्राण गढ़ी में संचालित आनंद चिकित्सालय एवं सुनीता प्रसव केंद्र आज न सिर्फ मैरवा प्रखंड बल्कि आसपास के जिलों की महिलाओं के लिए एक आशा की किरण बन चुका है। यहां की प्रमुख डॉक्टर सुनीता मिश्रा को सामान्य प्रसव की विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है। डॉ. सुनीता मिश्रा का कहना है कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में जहां अधिकतर प्रसव ऑपरेशन से कराए जाते हैं, वहीं वे महिलाओं को प्राकृतिक तरीके से स्वस्थ प्रसव के लिए प्रेरित करती हैं। परिणामस्वरूप, पिछले 15 वर्षों में उन्होंने 25,000 से भी अधिक महिलाओं की नॉर्मल डिलीवरी कराई है। यह आंकड़ा न केवल उनकी मेहनत और अनुभव को दशार्ता है, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति उनके समर्पण का भी परिचायक है।



**सरकारी मान्यता और पद्म भूषण का गौरव**

भारत सरकार ने डॉ. सुनीता मिश्रा को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया है। यह सम्मान सिर्फ एक डॉक्टर को नहीं, बल्कि उस भरोसे को मिला है जो महिलाएं उनके ऊपर करती हैं।

**सस्ती और सुलभ चिकित्सा सेवा**

आनंद चिकित्सालय में गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए चिकित्सा सेवाएं सुलभ दरों पर उपलब्ध हैं। यहां आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ परंपरागत अनुभव का भी अद्भुत संयोजन देखने को मिलता है।

**गांवों तक फैल रही जागरूकता**

सुनीता प्रसव केंद्र की सफलता से प्रेरित होकर आसपास के गाँवों में भी नॉर्मल डिलीवरी को लेकर जागरूकता फैल रही है। महिलाएं अब पहले से ज्यादा आत्मविश्वास और भरोसे के साथ यहां आती हैं।

**महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणा**

डॉ. मिश्रा का सफर युवतियों और मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए प्रेरणा है। वे बताती हैं कि "प्रसव सिर्फ एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हर महिला के जीवन का सबसे सुंदर क्षण होता है, जिसे प्राकृतिक तरीके से महसूस करना चाहिए।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर दरौली में तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा नगर

**दरौली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के उपलक्ष्य में सोमवार को माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर दरौली में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस आयोजन में देशभक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिला और लोगों ने तिरंगा लहराकर सेना के पराक्रम को नमन किया। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व दरौली विधानसभा से भाजपा के भावी उम्मीदवार ललन चौधरी और प्रभारी कुंदन सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें अमरीश कश्यप, मंडल अध्यक्ष आर्यन राय, शैलेंद्र मिश्र, धुरेंद्र राय, जीता वर्मा, पवन सिंह, वीरेंद्र दुबे, मुन्ना तिवारी, विभाग संयोजक रितेश सिंह, प्रभाकर तिवारी, रूपेश राय, संत ओझा और राकेश सिंह प्रमुख रहे। यात्रा के दौरान भारी संख्या में आम जनता ने भी भाग लिया। लोगों ने हाथों में तिरंगा थामे भारत माता की जय और वंदे मातरम् जैसे गगनभेदी नारे लगाए। पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए भारतीय सेना की वीरता और निर्णायक कार्रवाई की सराहना की और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की प्रशंसा की। इस आयोजन के माध्यम से लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना और मजबूत हुई।



# दो माह बाद खुला प्रखंड का आधार पंजीकरण केंद्र

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड परिसर में दो माह बाद आधार पंजीकरण केंद्र मंगलवार को खुल गया है। आधार पंजीकरण केंद्र खुलने से क्षेत्र कें लोगो को आधार से संबंधित कार्यो में सहूलियत होगी। उक्त जानकारी आधार पंजीकरण केंद्र के संचालक संदीप कुमार ने दी है। संदीप ने बताया कि आधार केंद्र संचालन को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंगलवार से केंद्र का संचालन शुरू कर दिया गया है। संदीप ने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक सभी कार्य दिवस को आधार पंजीकरण केंद्र का संचालन किया जाएगा। बता दे कि 19 मार्च 2025 के बाद से प्रखंड परिसर स्थित आधार पंजीकरण केंद्र बंद हो गया था। करीब दो माह से आधार पंजीकरण केंद्र बंद होने से लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

# श्री श्री 1008 रूद्र महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

**पांच हजार एक कुंवारी कन्याओं ने लिया भाग**

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बखरिया पंचायत स्थित वार्ड नंबर 3 ब्रह्मस्थान में आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 रूद्र महा यज्ञ का शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। जिसमें बाजे गाजे के साथ आस्था का जन सैलाब उमड पड़ा। पांच हजार एक कुंवारी कन्याओं ने ऐतिहासिक राजघाट स्थित उत्तर वाहिनी कोहड़ा नदी में वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच कलश में जल भरा। तदुपरांत कलश शोभा यात्रा पूरे भक्ति भाव से पंचायत परिभ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल तक आया। रुद्र महायज्ञ के यजमान अध्यक्ष बिंदु यादव धर्म पत्नी संगीता देवी, विनोद ठाकुर धर्म पत्नी रंभा देवी सहित प्रदीप गुप्ता, प्रमोद यादव ,रवि पटेल ,विनोद पटेल, शंभू पटेल, मुन्ना साह ,बैजू पटेल धर्मपत्नी रीता देवी पूरे भक्ति भावना के साथ जल शोभा यात्रा में शामिल थे। यज्ञ के आचार्य पंडित बच्चा मिश्रा ने बताया कि 11 दिवसीय रुद्र महायज्ञ के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मंडप प्रवेश 21 मई को तथा महायज्ञ की पूणार्हुति 30 मई को होगी। सुबह शाम पूरे वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच पूजा पाठ होती रहेगी। पूजा समिति के अध्यक्ष बिंदु यादव ने बताया कि इस 11 दिवसीय रुद्र महायज्ञ में वृंदावन की रासलीला सहित संत महात्माओं की संगीतमय प्रवचन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। साथ ही वैष्णो माता की गुफा मौत का झूला पश्चिम बंगाल के जादूगर की जादुई कला ब्रेक डांस आदि का आनंद श्रद्धालुओं द्वारा उठाया जाएगा।

# अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करें तथा आमजन के प्रति सहानुभूति का भाव रखें पुलिसकर्मी : एसपी

## पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गयी कार्रवाई में 38 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु विभिन्न कांडों के 38 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में तीन, शराब के कांड में 6, एससी-एसटी एक्ट में 1, आर्म्स एक्ट में 1 एवं अन्य



शीर्ष कांडों में 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में 210 लीटर देसी एवं 93.3 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। 10 वारंट का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 51 वाहनों की जांच की गई जिसमें 31000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस एवं तीन बाइक बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक की मानें तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए एसपी ने कहा कि अपराधियों पर कड़ी-से-कड़ी कार्यवाही करें तथा आमजन के प्रति सहानुभूति तथा संवेदनशीलता का भाव रखें।

# घर से फरार युवक को यूपी से किया बरामद

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** कासमा थाना की पुलिस ने अपहृत युवक को उत्तर प्रदेश के ललितपुर स्टेशन से बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि बीते 15 मई को भदुकी खुर्द निवासी मुमताज आलम ने अपने पुत्र के अपहरण किए जाने के मामले में प्राथमिकी कराया था। दिए गए आवेदन में उल्लेख किया था कि दुकान से युवक को अज्ञात लोगों द्वारा 13 मई को अपहरण कर लिया गया है। मामले में कांड संख्या 60/2025 प्रतिवेदित किया गया। इसी बीच उत्तर प्रदेश के ललितपुर स्टेशन से आरपीएफ के माध्यम से सूचना मिली कि अपहृत युवक हमारे पास है। सूचना पाकर कासमा थाना की पुलिस दल-बल के साथ वहां से युवक को बरामद कर थाना ले आई। थानाध्यक्ष ने बताया कि एक डायरी जिसमें 25-30 लाख रुपए का हिसाब था जो खो गया। घर में परिजनों ने डांट लगाई जिसके बाद मानसिक तनाव में वो घर से फरार हो गया। अपहरण की बात गलत थी। युवक को बयान के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

# सड़क दुर्घटना में दो घायल, रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के खैरी मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में कर्मी गांव निवासी 40 वर्षीय धर्मा कुमार एवं कोच प्रखंड के सीता बिगहा निवासी डॉ तपेश्वर कुमार दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायल के साथ मे आये परिजनों ने बताया कि तिवारी बिगहा से तिनेरी मोड़ जाने के क्रम में चार पहिया वाहन व बाइक की टक्कर हो गई। बाइक पर सवार दोनों सवार गिरकर घायल हो गए। दोनों को 112 डायल के पुलिस ने आनन-फानन में रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# कलेक्ट्रेट भवन का छज्जा गिरा जिला योजना पदाधिकारी घायल



क्षतिग्रस्त दीवार

- पुरानी जर्जर इमारत बन रही खतरे की वजह
- 2026 तक तैयार होगा नया भवन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय परिसर में मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब भवन का एक छज्जा अचानक ढह गया। इस दुर्घटना में जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छज्जा अचानक भरभराकर गिरा, जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान अविनाश प्रकाश छज्जे के नीचे आ गए और उन्हें सिर एवं हाथ में चोटें आईं। गनीमत रही कि अन्य कर्मी उस समय छज्जे के पास नहीं थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि कलेक्ट्रेट की यह इमारत लगभग 50 वर्ष पुरानी है और जर्जर हालत में है। अधिकारियों ने बताया कि इसी खतरे को देखते हुए नया कलेक्ट्रेट भवन निर्माणाधीन है, जिसका कार्य 2026 तक पूरा होने की संभावना है।

# नाला निर्माण का मुखिया ने किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** प्रखंड के कंचनपुर पंचायत के गोपी बिगहा में मुखिया प्रतिमा सम्राट के द्वारा नाला का शिलान्यास किया गया। यह नाली षष्ठम वित्त आयोग से ढाई लाख रूपये की लागत से गोपी बिगहा में संतोष सिंह के घर से बेलवा नाली के समीप तक बनाया जाएगा। मुखिया ने कहा कि नाला का निर्माण न होने से घरों का गंदा पानी सड़क पर निकलता है, जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी के मद्देनजर पंचायतवासियों के सहयोग से आम पंचायत वासियों के अनुरोध पर नाला का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि आम लोगों की परेशानियां दूर हो सके। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री गांवों की चहुमुखी विकास को लेकर दृढ़ संकल्पित है। इस मौके पर उपमुखिया पप्पू सिंह, वार्ड सदस्य कमलेश कुमार, भीम सिंह, संतोष कुमार, लालू कुमार, रामप्रवेश सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# हत्यारोपित पति गिरफ्तार, जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** दहेज हत्या के आरोप में गोह पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के दादर निवासी चंदन कुमार के रूप में की गई हैं। आरोप है कि इसने दहेज को लेकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी जिसमें मृतका के मायके वालों ने इसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया था। जबकि वह बीते दो माह से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने बताया कि दहेज हत्या के आरोप में चंदन की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में आज वह मोथा से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# रांग नंबर विवाद ने लिया हिंसक रूप

## चाकू मारकर युवक को गंभीर रूप से किया घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रांग नंबर को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप लिया और मामला चाकूबाजी तक पहुंच गया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाला कर्मा टोले डोमन बिगहा निवासी बलकेश शर्मा के पुत्र अनेश शर्मा (35) के तौर पर हुई है। वह केरल में कारपेंटर का काम करता है। बीते तीन दिन पहले ही वह घर लौटा था। वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाला कर्मा मोड़ के पास की है। घायल अनेश शर्मा ने बताया कि आरोपित योगेंद्र बैठा उसके घर के नंबर पर लगातार कॉल कर रहा था। पूछने पर बताया कि रांग नंबर लग गया है। फोन करने से मना करने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। सोमवार को बातचीत करने के लिए उसने मुझे कर्मा मोड़ के पास बुलाया। इस दौरान उसने चाकू से हमला कर दिया। घायल ने बताया कि आरोपित के बारे में ज्यादा पता नहीं है। अंबा गांव के आसपास का रहने वाला है। डीएवी स्कूल के पास किराए के घर में रहता है। इधर थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि किसी भी पक्ष से अभी तक लिखित आवेदन नहीं मिला है। घायल युवक के मोबाइल का कॉल डिटेल्स खंगाला जा रहा है। कॉल डिटेल्स और आवेदन के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# पानी को लेकर ग्रामीणों में हाहाकार, चापाकल पर लगी लोगों की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** गर्मी की दस्तक देते ही प्रखंड के डिहूरी पंचायत के अधिकतर घरों में चापाकल सूखने लगे है और जो चापाकल ठीक है, उसमें भी पानी कम आने लगे है। पानी की किल्लत से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इलाके में आसपास के नहरों में भी पानी नहीं है, जिसके कारण ग्रामीण परेशान है। डिहूरी पंचायत के वार्ड संख्या बारह गढ़ पर अधिकतर घरों में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण हैंड पाइप बंद हो गया है। ग्रामीण दिलीप कुमार, ओम प्रकाश सिंह, शंकर कुमार, चंपा देवी, अनीता कुमारी, उषा देवी, शांति देवी, मुनि देवी, मीना देवी, रंजित सिंह, कृष्णा देवी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने कहा कि गांव में जो चापाकल ठीक है वहां पर सुबह से शाम तक चापाकल से पानी लेने वाले को भीड़ उमड़ पड़ती है जिसके



कारण आम लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि बारह वार्ड में नल जल से भी पानी उपलब्ध नही हो रहा है। नल जल की पाइप भी घर घर नही पहुंची है, इसके कारण पानी आना बंद हो गया है। इस संबध में ग्रामीणों ने कई बार गांव के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से भी गुहार लगाई हैं, परंतु नल जल को ठीक नही किया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बीडीओ मोहम्मद युनुस सलीम को दी है और समस्या के बारे में बताया है। बीडीओ ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि संबधित पदाधिकारियों से संपर्क स्थापित कर दुरुस्त कराया जाएगा। बहरहाल पानी की किल्लत डिहूरी में ही बल्कि आस पास के क्षेत्रों में भी होने लगी है जिसकी शिकायत अन्य क्षेत्रों से आ रही है। गांव के देवी मंदिर एवं दुर्गा स्थान के चापाकल से ही पानी मिल रही है, जहां पर ग्रामीणों की भीड़ लग रही है।

# कार्यान्वयन समिति की बैठक में अनियमितता पर हुई चर्चा, सुधार का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में कमिटी गठन होने के बाद पहली बार बीस सूत्री की बैठक अध्यक्ष विनोद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहें। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय में बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी में हो रहे अनियमितता पर व्यापक चर्चा हुई। प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सही ढंग से संचालन नहीं होने की बात बैठक के दौरान रखी गई। गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रखंड के सभी नल जल योजना जो बंद पड़े थे, उस पर भी चर्चा की गई। पीएचडी विभाग को अविलंब बंद पड़े नल जल को चालू करने का निर्देश दिया गया है। वहीं जन वितरण प्रणाली में जो भी



राशन लाभुक है, उन्हें प्राप्ति रसीद नहीं मिलने की बात बताई गई, जिसमें सभी को प्राप्ति रसीद देने के लिए कहा गया है। बैंक द्वारा कृषि लोन के बकाया धारकों को दिए गए लोन पर कड़ाई से वसूली नहीं करने की भी बात बैठक में रखी गई। बैठक के दौरान सभी विभागों में भ्रष्टाचार व्याप्त होने की बात को पुरजोर ढंग से उठाया गया, जिस पर अध्यक्ष ने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अगर अगली बार से इस तरह की शिकायतें जनता के द्वारा आती है तो संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। इस बैठक में जनता के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बीस सूत्री का गठन के बाद पहली बैठक थी। सदस्यों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया है। अगले सत्र से पहले अगर पदाधिकारियों के द्वारा अनियमितता पर सुधार नहीं किया गया तो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। बीडीओ, बीपीआरओ एवं सीओ के साथ एक टीम गठित की जाएगी और पंचायत में समस्याओं का निदान कराया जाएगा। मौके पर उपाध्यक्ष संजय कुमार, प्रमुख शकुंतला देवी, मालाकार, बीडीओ मोहम्मद यूनिस सलीम, सीओ हरिहरनाथ पाठक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विक्रम कुमार सिंह, बीपीआरओ विकास कुमार, बीएओ राजेश रंजन, प्रभारी बीईओ जूही कुमारी, स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर, थानाध्यक्ष नीतीश कुमार, सदस्य जयकुमार जानी, नागमणि वर्मा, प्रवीण शर्मा, जावेद सिद्दीकी, उर्मिला देवी, ललन कुमार, मनोज कुमार पांडेय, कृष्णानंद शर्मा, रामेश्वर सिंह, मनोज कुमार, अंजू देवी, रंजीत भगत, महामाया ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# 27 लोगों से चेन छीनने वाला बदमाश गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रीकृष्णापुरी थाना की पुलिस ने जनवरी महीने में एक चेन स्नेचिंग करने वाले गैंग को पकड़ा था। यह गैंग शहर के अलग अलग थानों में घूमकर लगातार घटना को अंजाम दे रहा था। जो पुलिस के लिए काफी चुनौतीपूर्ण था। इस गैंग के जो सदस्य पकड़े गए थे, इसमें कुंदन, सुजीत आनंद और अमित का नाम शामिल है। इस गिरोह के मास्टरमाइंड पिंकेश को पुलिस ने सोमवार को हड़ताली मोड़ के पास से पकड़ लिया है। पिंकेश नया गांव वैशाली का रहने वाला है। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। चैन स्केचिंग का मास्टरमाइंड पिंकेश पहले फील्ड में नहीं आता था, लेकिन जनवरी में उसके साथी पकड़े गए तो आना शुरू कर दिया। पुलिस ने सर्विलांस पर रखा हुआ था। जैसे आया पकड़ा गया। इस गिरोह ने शहर के 27 जगह पर चैन स्केचिंग की घटना को अंजाम दिया है। इसमें श्रीकृष्णापुरी में 5, पत्रकार नगर में एक, जक्कनपुर में चार, सचिवालय में दो, शास्त्री नगर में 7, गर्दनीबाग में 3, अगमकुंआ में 2, कंकड़बाग की 3 घटना शामिल है।

# गुड़िया बनी प्रधानमंत्री तो पिंकू का उप प्रधानमंत्री पद के लिए हुआ चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन (औरंगाबाद)।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय तमोली में बाल संसद का गठन लोकतांत्रिक तरीके से सम्पन्न हुआ। एक पद हेतु कई छात्रों द्वारा वोटिंग कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सिंह ने विद्यालय के सभी छात्रों को लोकतांत्रिक तरीके से भारतीय चुनाव पद्धति की पूरी जानकारी दी और विद्यालय में बाल संसद के गठन की महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी। साथ ही विद्यालय में नोडल पदाधिकारी के रूप में शिक्षक विश्वनाथ रजक, पीठासीन पदाधिकारी विभा कुमारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी कोमल कुमारी एवं द्वितीय मतदान पदाधिकारी रेणु कुमारी नियुक्त किए गए। मतदान की प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यार्थियों का चुनाव संपन्न कराया और मतों की गिनती में आठवीं क्लास की छात्रा गुड़िया कुमारी प्रधानमंत्री चुनी गई तो पिंकू कुमार उप प्रधानमंत्री चुना गया। इसी तरह शिक्षा मंत्री के रूप मे आठवें वर्ग के छात्र कोमल कुमार, चांदनी कुमारी को पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री के रूप मे आठवें क्लास की छात्रा पायल कुमारी, उप पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री के रूप में निशांत कुमार चुने गए। बागवानी एवं जल मंत्री के रूप में आठवें क्लास के छात्र कोमल कुमार तो उप बागवानी एवं जल मंत्री के रूप मे आदित्य कुमार चुने गए। सफाई एवं स्वास्थ्य मंत्री के रूप में रागनी कुमारी तो वहीं सातवें क्लास के छात्र दुर्गावती कुमारी उप सफाई एवं स्वास्थ्य मंत्री चुनी गई। सोयम कुमार सुरक्षा मंत्री एवं उप सुरक्षा मंत्री सत्यम कुमार निर्विरोध चुने गए। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। निर्वाचित वार्ड परिषद के पदाधिकारी को प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर नोडल पदाधिकारी विश्वनाथ रजक के साथ अन्य शिक्षक की उपस्थिति में शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने कला संस्कृति के अंतर्गत बेहतर गीतों की प्रस्तुति दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

बिहार सरकार

## कार्यालय जिला परिषद, औरंगाबाद

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–316 दिनांक– 09.05.2025 द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा आमंत्रण संख्या– 02/2025-26/ZPABAD जो विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है जिसका पी0आर0संख्या–003095 (B&C) 2025-26 है। उक्त प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना में प्राक्कलित राशि एंव कार्य समाप्ति की अवधि में निम्न आंशिक संशोधन किया जाता है–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य बीड प्रोसेसिंग की अप्रत्यर्पणीय(रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online Payment) अप्रत्यर्पणीय | कार्य समाप्ति की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 6th Finance | | | | | | | |
| 1 | देव प्रखण्ड अन्तर्गत जिला परिषद डाकबंगला भूमि पर विवाह भवन के बगल में किचेन एंव शौचालय निर्माण। | 29.660 | 59400.00 | 5000.00 | As per beltron | 4 months | |
| 2 | नबीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत जिला परिषद डाकबंगला भूमि पर विवाह भवन के बगल में किचेन एंव शौचालय निर्माण। | 29.640 | 59300.00 | 5000.00 | As per beltron | 4 months | |
| 3 | कुटुम्बा दुमुहान (सडसा) भास्कर नगर जिला परिषद की भूमि पर विवाह भवन के बगल में किचेन एंव शौचालय निर्माण। | 29.660 | 59400.00 | 5000.00 | As per beltron | 4 months | |

पूर्व में प्रकाशित निविदा की अन्य नियम एंव शर्तें पूर्ववत् रहेगी।
उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, औरंगाबाद

PR. No. 003823 (B&C) 25-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

